आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 226 | उज्जैन, शनिवार 29 अगस्त, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

“आज
* मेजर ध्यानचंद जयंती
* राष्ट्रीय खेल दिवस”

## देश विदेश

### पीएम की अपील पर 97% मंत्री इंस्टाग्राम पर एक्टिव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जुलाई 2026 को कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से इंस्टाग्राम पर ज्यादा सक्रिय होने, रील बनाने व युवाओं से संवाद करने को कहा था। इसके बाद 24 अगस्त तक 29 में से 28 यानी 97% कैबिनेट मंत्रियों की इंस्टाग्राम एक्टिविटी बढ़ी है। जदयू के राजीव रंजन सिंह को छोड़ सभी मंत्री ज्यादा सक्रिय हैं। मोदी कैबिनेट में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स गृह मंत्री शाह के बढ़े हैं। पिछले 1 महीने में उनके 8.53 लाख फॉलोअर्स बढ़े हैं। पीएम की सलाह के बाद मंत्रियों ने रील्स पर जोर दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने नीतियों व अहम मुद्दों को रील्स के जरिए समझाने पर जोर दिया। मंत्रियों ने पिछले 1 महीने में 1,179 पोस्ट किए हैं।

### रेडियो खराबी से डोलाल्ड ट्रम्प का हेलिकॉप्टर विमान के करीब पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का हेलिकॉप्टर मरीन वन और एक यात्री विमान के करीब पहुंचने की वजह सामने आई है। जांच के मुताबिक रेडियो संपर्क में आई खराबी के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को हेलिकॉप्टर की उड़ान से पहले मिलने वाली जरूरी चेतावनी नहीं मिल पाई। यह घटना 4 अगस्त को हुई थी। ट्रम्प को लेकर मरीन वन व्हाइट हाउस के पास से उड़ान भर रहा था, तभी रीगन नेशनल एयरपोर्ट से एक यात्री विमान को भी टेकऑफ की मंजूरी मिल गई। हेलिकॉप्टर और विमान कुछ देर के लिए काफी करीब आ गए, लेकिन पायलटों की सतर्कता से टकराव टल गया।

### पाकिस्तान में 200 साल पुराना गुरुद्वारा गिराया

**जालंधर।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में करीब 200 साल पुराने ऐतिहासिक श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा को गिरा दिया गया। अब इस जगह पर एक मॉल का निर्माण किया जा रहा है। बलूचिस्तान गुरुद्वारा सिंह सभा के सदस्य सरदार जसबीर सिंह के अनुसार, पूरा सिख समाज इसका विरोध कर रहा है, लेकिन अभी तक सरकार कोई एक्शन नहीं ले रही। उन्होंने बताया कि बलूचिस्तान में कभी 12 गुरुद्वारे थे, जिनमें से अब सिर्फ 2 बचे हैं। गुरुद्वारे को गिराए जाने पर भारत में भी कड़ा विरोध हो रहा है। भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने कहा कि ये पाकिस्तान में सिखों की विरासत खत्म करने की कोशिश है।

रक्षाबंधन पर्व पर

### रामदेव ने कंगना को मिठाइयां-रुपए भेजे



**कहा- विवाद खत्म करें; एक्ट्रेस बोलीं- त्योहार पर भूल-चूक माफ, ईश्वर आपको लंबी आयु दे**

**हरिद्वार।** रक्षाबंधन पर योग गुरु बाबा रामदेव ने अभिनेत्री और सांसद कंगना रनोट के लिए मिठाई और उपहार भेजा। उन्होंने एक लिफाफे में 500 रुपए के नोटों की गड्डी भी भेजी। इस दौरान रामदेव ने कहा कि रिश्तों में मिठास बनी रहनी चाहिए और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। रामदेव ने कहा कि देश में किसी भी कारण से नफरत और एक-दूसरे के प्रति वैर भाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों उनके और कंगना रनोट के बीच विवाद की चर्चा हुई थी, जिसे संवाद के जरिए खत्म किया जाना चाहिए। मैं कंगना को फोन कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दूंगा। इसके बाद कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रामदेव का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- त्योहार का दिन होता है सब भूल-चूक माफ करने के लिए। मेरे भाई बाबा रामदेव जी ने बहुत अच्छी बात कही कि विवाद नहीं, संवाद होना चाहिए। आज रक्षाबंधन के दिन मैं उनकी मिठाई और बड़े भाई का प्रेम, दोनों स्वीकार करती हूं, बहुत धन्यवाद।

## नैनो न्यूज

- **शेयर मार्केट** : सेंसेक्स 331 अंक चढ़कर 77,265 पर बंद, निफ्टी में 85 अंक की तेजी रही।
- **तमिलनाडु** : सीएम विजय तय सीट छोड़कर मंत्रियों के बीच बैठे: सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिया, विधानसभा में ऐसा पहली बार हुआ।
- **मेरठ** : 10वीं के छात्र को 39 सेकेंड में 17 थप्पड़ जड़े, टीचर बोला- कॉलेज से तेरा नाम काट दूंगा, पिता ने कहा- बेटा डिप्रेशन में।
- **भोपाल** : रक्षाबंधन पर सतना-कटनी रूट पर 8 स्पेशल ट्रेनें चला रहा, 28 से 31 अगस्त तक मिलेंगी सेवाएं।
- **बिहार** : 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, 50 हजार से ज्यादा घर डूबे; उत्तराखंड में भूस्खलन, हिमाचल में 70 सड़कें बंद।
- **नई दिल्ली** : भारतीय सेना अमेरिकी जैवलिन एंटी-टैंक मिसाइल खरीदेगी सेकेंड्स में दुश्मन के टैंक तबाह होंगे दागते ही टारगेट को खुद ढूंढ लेगी।
- **कोलकाता** : ममता बोलीं- बीजेपी ने चुनाव 'हाईजैक' किया, वोट लूटने के लिए एसआईआर का इस्तेमाल, बंगाल में पुलिस के जरिए डर का माहौल बनाया जा रहा।

आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भोपाल-इंदौर बायसपास पर बने ब्रिज पर हुआ बड़ा हादसा

# चार लोगों की घटनास्थल पर मौत, करीब एक दर्जन यात्री घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपाल-इंदौर बायपास ब्रिज पर सुबह 7.30 बजे के करीब एक यात्री बस एनएल 01 बी 3436 लखनऊ से इंदौर की तरफ जा रही बस ब्यावरा देहात क्षेत्र के भोपाल इंदौर बायपास पर बने ओवर ब्रीज पर पहुंची, तेज गति व लापरवाही के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। बस दुर्घटना से बड़ा सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई जिसमें रवि केवी पिता बसप्पा 45 निवासी बेंगलुरु कर्नाटक, विकास शुक्ला बस चालक, बेलाल अली पिता कलीमुल्लाह मियां 23 साल निवासी गोपालगंज बिहार, ज्योतिरादित्य सिंह पिता विक्रम सिंह गौड़ निवासी बिजवाड़ की मृत्यु हो गई, जबकि बस में सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए।









चार गंभीर घायलों को गहन उपचार हेतु रेफर

चार गंभीर घायलों को गहन उपचार हेतु रेफर किया गया। शेष यात्रियों का सिविल अस्पताल ब्यावरा में उपचार जारी है, मौके राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, एडिशनल एसपी, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, एसडीओपी सहित पुलिस अमला मौके पर पहुंच गया। बस में सवार बैंगलोर की साइबर टीम भी थी जो लखनऊ से इंदौर जा रहे थे वहां से फ्लाइट के माध्यम से बैंगलोर पहुंचना था, इसी बीच ब्यावरा क्षेत्र में ब्रिज पर बस पलट गई। बेंगलुरु सायबर टीम में इंस्पेक्टर रवि केवी पिता बसप्पा 45 साल बैंगलोर की मौके पर ही मौत हो गई, सब इंस्पेक्टर रमेश नायक पिता पंडाब्बा 31 साल जो कि सुरक्षित है। एएसआई श्रीनिवास पिता वेंकटा गिरी 50 साल घायल, टेक्निकल स्टाफ विश्वनाथ पिता मोहन एम 34 साल घायल है। रेफर किये गए यात्रियो में सुरेंद्र प्रताप सिंह पिता भद्रसेन निवासी हुरुरी जौनपुर उत्तर प्रदेश, सुमन शर्मा पति रवि शर्मा निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश, श्रीनिवास पिता वेंकटेश गिरी निवासी बैंगलोर, केशव पिता श्रीपाल निवासी मधुला अलीगढ़ को गंभीर हालत में रेफर किया गया। देहात थाना पुलिस में दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

नेपाल से सुरक्षित निकाले गए 21 तमिल तीर्थयात्री दिल्ली पहुंचे

# तिब्बत में फिर झील फटी, गांव खाली कराए

## बाढ़-भूस्खलन से अब तक 552 लोगों की मौत, 1500 से ज्यादा लोग लापता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में बाढ़ से सुरक्षित निकाले गए तमिलनाडु के 21 कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्री शुक्रवार को काठमांडू से दिल्ली पहुंच गए। इन्हें नेपाली सेना ने बाढ़ प्रभावित इलाके से रेस्क्यू किया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली में उनसे मुलाकात कर उनकी आपबीती सुनी।


इधर, नेपाल-तिब्बत सीमा के पास एक और झील फटने के बाद नेपाल में भोटेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदी के किनारे बसे गांव खाली कराए जा रहे हैं। नेपाली सेना ने लोगों और सुरक्षाकर्मियों को नदी किनारे से हटकर सुरक्षित जगह जाने को कहा है। चीन ने तिब्बत में लेवल-4 अलर्ट जारी किया है और दोबारा बाढ़ के खतरे को देखते हुए राहत-बचाव अभियान रोक दिया है। नेपाल और तिब्बत में बाढ़-भूस्खलन से अब तक 552 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1500 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं।



### बाढ़ में फंसीं पूर्व केंद्रीय मंत्री की बहू

विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब भी 320 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पाया है। इस बीच, पता चला है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय की बहू, बंगाली एक्टर खराज मुखर्जी और उनकी पत्नी प्रतिभा मुखर्जी अभी नेपाल में फंसे हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक शुभ्रांशु रॉय की पत्नी शर्मिष्ठा भौमिक रॉय 25 अगस्त की रात से अपने पति के संपर्क में नहीं हैं। वह उत्तर 24 परगना की रहने वाली हैं और 21 अगस्त को एक ट्रैवल एजेंसी के जरिए अकेले नेपाल गई थीं। बिजयपुर से टीएमसी के पूर्व विधायक शुभ्रांशु रॉय, मुकुल रॉय के बेटे हैं।

### मलबे से 2 साल का बच्चा जिंदा निकला




नेपाल की बाढ़ में अब तक 478 लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच रेस्क्यू टीम ने मलबे से 2 साल का बच्चा जिंदा निकाला। अंदर दबे होने के कारण बच्चा रो रहा था। बच्चे के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं है। फिलहाल उसे हॉस्पिटल भेज दिया गया है।

### भारतीय पब्लिशर ने सोनिया की किताब छापने से मना किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की संस्मरण किताब बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव को लेकर विवाद की खबरों के बीच पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सफाई दी है। पेंगुइन ने कहा कि वह भारत में इस किताब को पब्लिश नहीं करेगी। यह कहना सही नहीं है कि लेखक के संपादकीय बदलावों से इनकार करने के बाद उसने किताब प्रकाशित करने से हाथ खींच लिया है। इससे पहले द इंडियन एक्सप्रेस ने रिपोर्ट दी थी कि पेंगुइन ने एक हिस्से में कुछ एडिटोरियल बदलाव और हिस्से हटाने की मांग की थी, लेकिन लेखकों ने इस मांग को ठुकरा दिया था।





### रक्षाबंधन पर मोदी को बच्चों ने बांधी राखी तो खिल उठा पीएम का चेहरा




दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

रक्षाबंधन का त्योहार देशभर में भाई बहन के प्यार और विश्वास के प्रतीक के रूप में मनाया। इस खास अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बच्चों के साथ कुछ यादगार पल बिताए। 28 अगस्त को प्रधानमंत्री ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर रक्षाबंधन समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा किए। तस्वीरों में बच्चों के चेहरे की खुशी और प्रधानमंत्री के साथ उनकी सहज मुलाकात साफ दिखाई देती है। लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर रक्षाबंधन समारोह के दौरान कई बच्चे पीएम मोदी से मिले। बच्चों ने प्रधानमंत्री की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान पीएम मोदी ने भी बच्चों के साथ सहज अंदाज में समय बिताया। तस्वीरों और वीडियो में बच्चों के उत्साह के साथ प्रधानमंत्री की मुस्कान भी नजर आई। रक्षाबंधन के इस आयोजन में बच्चों और पीएम के बीच अपनापन दिखाई दिया।

### चंडीगढ़ में पंजाबी इन्फ्लुएंसर की किडनैप कर हत्या कर दी

गाड़ी में डालकर पंजाब लाए पेड़ से बांध आग लगाई



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़ से लेडी पंजाबी इन्फ्लुएंसर को किडनैप कर उसकी हत्या कर दी गई। 2 युवकों ने उसे मिलने के बहाने बुलाया और जबरन गाड़ी में डालकर मोरिंड की तरफ ले गए। जहां रास्ते में पहले उन्होंने पंजाबी इन्फ्लुएंसर मनजीत कौर की पिटाई की। फिर उसे शहतूत के पेड़ पर बांधकर जला दिया। किसी जानकार ने कंबल से आग बुझाकर मनजीत को मोरिंडा के अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे पहले मोहाली और फिर चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां करीब 2 महीने तक वह बेहोश पड़ी रही। होश आने पर उसने परिवार को पूरी कहानी बताई। हालांकि दावा किया जा रहा है कि तब खरड़ पुलिस ने उसके बयान नहीं लिए। इसके बाद 26 अगस्त को उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने मृतका की मां के बयान पर किडनैपिंग और हत्या का केस दर्ज कर उसे ले जाने वाले आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# दिल्ली में मॉडल की हत्या के आरोपी का एनकाउंटर

## पुलिस ने पैर में 3 गोलियां मारकर किया गिरफ्तार



दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 21 साल की मॉडल मुस्कान की हत्या का आरोपी जिम ट्रेनर आकिब उर्फ इमरान पुलिस एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार रात वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ की टीम ने उसे घेरा तो इमरान ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, 26 साल का इमरान बुधवार शाम मुस्कान के घर पहुंचा था। उस वक्त 21 साल की मुस्कान घर में अकेली थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद इमरान ने चाकू से मुस्कान पर कई वार किए और फरार हो गया। गंभीर हालत में मुस्कान को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

एथलीट और साइक्लिस्ट विनोद पांडेय की अपील—मोबाइल और स्क्रीन से दूर रहें

# स्पोर्ट्स डे पर मैदान में उतरेगा फिटनेस का जुनून

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मोबाइल, कंप्यूटर और लगातार बढ़ता स्क्रीन टाइम लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। ऐसे समय में खेल और शारीरिक गतिविधियों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश लेकर भोपाल के एथलीट, साइक्लिस्ट और फिटनेस एक्टिविस्ट विनोद पांडेय ने इस स्पोर्ट्स डे पर लोगों से खास अपील की है। उनका संदेश है—एक घंटा खेल के मैदान में।

विनोद पांडेय का कहना है कि खेल को केवल एक दिन मनाए जाने वाले आयोजन तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इसे रोजमर्रा की जिंदगी की आदत बनाना जरूरी है। उनके लिए खेल केवल शौक नहीं, बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने का तरीका है। एक एथलीट के रूप में दौड़ना और साइक्लिस्ट के रूप में हजारों किमी साइकिल चलाना उनके जीवन का हिस्सा रहा है। खेल इंसान को सिर्फ जीतना नहीं सिखाता, बल्कि हार को स्वीकार करना, गिरने के बाद दोबारा उठना और लगातार प्रयास करते रहना भी सिखाता है। मैदान व्यक्ति के भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना पैदा करता है।





दिल्ली के कपल पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप

# दुबई के रास्ते 8 भारतीय सिम भेजे

### पाकिस्तानी हैंडलर से 2 साल से संपर्क में थे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने जासूसी के आरोप में दिल्ली के कपल साहिल (25) और उसकी पत्नी समीरा (21) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, दोनों 2024 से पाकिस्तान में बैठे खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थे। वे भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटाने, 8 भारतीय सिम कार्ड पाकिस्तान भेजने और दूसरे लोगों को जासूसी के लिए तैयार करने में मदद कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि जांच में इस नेटवर्क के तार दिल्ली से कराची और इस्लामाबाद तक जुड़े मिले हैं। पाकिस्तान में बैठे हैंडलर दोनों को पैसे भी भेजते थे।



### सैन्य इलाकों की जानकारी जुटाने का आरोप

पुलिस का आरोप है कि साहिल को भारत के अलग-अलग हिस्सों में कैंटोनमेंट इलाकों की रेकी करने का काम दिया गया था। उसे जासूसी और फील्ड ऑपरेशन के लिए लोगों को भर्ती करने की जिम्मेदारी भी दी गई थी। जांच में सामने आया कि साहिल ने ट्रिब्यूनल के सामने कोर्ट मार्शल की कार्रवाई का सामना कर रहे सेना के जवानों से जुड़ी जानकारी भी कथित तौर पर उपलब्ध कराई थी।

### भारतीय वॉट्सऐप ग्रुप में भी दाखिल होने की कोशिश

पुलिस के मुताबिक, साहिल और समीरा ने 2024 से 2025 के बीच 8 भारतीय सिम कार्ड हासिल किए। इन सिम कार्ड को दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजा गया। हैंडलर ने इसके लिए दंपती को 30 हजार रुपए दिए थे। पुलिस ने बताया कि इन नंबरों से पाकिस्तान में वॉट्सऐप अकाउंट एक्टिवेट किए गए। पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों ने इन अकाउंट के जरिए भारत में लोगों से संपर्क किया और संवेदनशील जानकारी जुटाने की कोशिश की। इनमें से कुछ अकाउंट के जरिए भारतीय वॉट्सऐप ग्रुप में भी दाखिल होने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार, पाकिस्तान में बैठे हैंडलर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म के जरिए भारत में लोगों से संपर्क कर रहे थे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### समझ, समझकर जो न समझे वो अनाड़ी है

हवा का प्रदूषण देश के कई नगरों में गहराता जा रहा है। यह बड़ी अंतर्राष्ट्रीय समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। हवा में प्रदूषण एक तरह से जहर ही कहा जाएगा। इससे होने वाली हानि बहुत ही घातक हैं। इसे लेकर देश की सर्वोच्च पर्यावरण संस्था गंभीर चिंता जता चुकी है। इस प्रदूषण को रोकना सभी की जिम्मेदारी है। केंद्र से लेकर राज्य सभी इसे लेकर चिंतित हैं। प्रदेश में पराली जलाने के मामले बढ़ना अपने आप में ही चिंता का बडा विषय है। सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी इन मामलों का बढ़ना पूरे पर्यावरण के लिए किसी भी हाल में ठीक नहीं है। मानव से लेकर जीव-जंतु सभी के लिए यह हानिकारक ही है। सजा से लेकर अर्थदंड तक के प्रावधान के बाद भी प्रदेश में पराली जलाने की घटनाएं कम होने के बजाय बढ़ना और खासकर प्रदेश के मालवा में इसका बढ़ना चिंताजनक है। इस पर केंद्र सरकार भी चिंता जता चुकी है। प्रदेश में बढ़ी घटनाओं पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के साथ कृषि मंत्रालय ने भी चेताया है। रोकथाम के जरिए जरूरी उपाय करने को कहा है। हाल ही में वायु प्रदूषण को लेकर वायु गुणवत्ता आयोग की बैठक में भी प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर चिंता जताई गई है। अब तक चार हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च भी कर चुकी है। कृषि के साथ राजस्व, पर्यावरण विभाग सभी पराली जलाने वाले किसानों को चेता रहे हैं कि खेत साफ करने के चक्कर में भूमि से लेकर पर्यावरण का बड़ा नुकसान यानिकी खूद के साथ पूरे पर्यावरण का ही नुकसान कर रहे हैं। पराली जलाने की बजाय इसके लिए विकल्प दिए जा रहे हैं एक्स्ट्रा रीपर, रीपर, रीपर कंबाइंडर, एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, मल्चर, बेलर आदि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके बाद भी इन मामलों का बढ़ना यह जता रहा है कि हम नहीं सुधरेंगे। इसे लेकर वायु गुणवत्ता आयोग की चिंता बहुत अधिक बढ़ी है। हवा में अगर जहर की स्थिति बनेगी तो वो सभी को अपने दायरे में लेगी। हमारे यहां भी वही स्थिति हो जाएगी जैसी देश के कुछ महानगरों में वर्ष के कुछ दिन हो जाती है। मालवा का हवा पानी एक समय शुद्ध माना जाता था जिसकी हवा में अब यह जहर घुलता जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि यह मामला कानूनी तौर पर काबू का नहीं रह गया है। इसके लिए हमारे जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर मैदान में आना होगा और जागृति के साथ ही किसान संगठनों का सहयोग इसमें लेना अनिवार्य होगा तब जाकर ही इस समस्या पर नियंत्रण किया जा सकता है अन्यथा विकृत परंपरा को बदले पर्यावरणीय हालातों में कुछ लोग छोड़ने को तैयार नहीं होंगे और इस कारण से हवा में जहर घुलता ही जाएगा। इसकी परिणिति हम सब को भूगतना होगी। समय रहते अगर इस पर काबू नहीं किया गया तो वो दिन दूर नहीं जब हमें इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

## नैनो न्यूज

- राष्ट्रीय बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए उज्जैन की बारह खिलाड़ियों का चयन, 27 से 29 स्पर्धा नोएडा में खेली जाएगी
- नेपाल में तबाही के बीच फिर बाढ़ का खतरा, महामंडलेश्वर भगवान नंद गिरी महाराज ने महाकाल से की प्रार्थना, सरकार से तेज रेस्क्यू अभियान की मांग
- अलख मेहर धाम में बांधे रक्षा सूत्र, लिया रक्षा का वचन, सिंधी भाषा और संस्कृति को सहेजने का संकल्प, विजेताओं को मिला पुरस्कार
- रक्षाबंधन पर धर्मसभा में दिखा प्रेम, पवित्रता और सुरक्षा का त्रिवेणी संगम, धर्मसभा में पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्न विजयजी महाराज ने प्रवचन दिया।
- तिरुपति गोल्ड कॉलोनी में रहवासी सोसायटी का गठन, संतोष यादव अध्यक्ष निर्वाचित, नागरिक सुविधाओं के लिए सर्वसम्मति से बनी 10 सदस्यीय कार्यकारिणी, तीनों गलियों को मिला प्रतिनिधित्व
- अमर शहीद बलराम जोशी की प्रतिमा को बांधी राखी, सीमाओं पर तैनात जवानों की दीघार्यु के लिए प्रार्थना
- संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक, लगातार दूसरे वर्ष मिली सफलता, छह में से पांच कैटेगरी में उज्जैन रहा अव्वल

## ट्रेंडिंग




महीनों बीतने पर भी कोई पलट कर देखने नहीं आता पाइप लाइन डालने के बाद

# शिकायत नहीं तो सीवरेज के लिए खोदे गड्ढों का निवारण भी नहीं

## खोद कर गड्ढों में पाइप के ऊपर मिट्टी तो डाल दी लेकिन समतल करने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वर्तमान समय में प्रशासनिक प्रक्रिया के हालात ही ऐसे हो चुके हैं कि बगैर शिकवा शिकायत के कुछ नहीं हो रहा है। ऐसा ही मामला सिवरेज के लिए खोदे जा रहे गड्ढों का भी है। इस काम में भी भेदभाव के हाल कायम हो गए हैं और अब इसे प्रताड़ना देने की तरह उपयोग किया जाने लगा है। ताजा मामला देवास रोड सर्विस रोड के पेट्रोल पंप से डिवाईन वेली तक पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोदने का है।

शहर में पिछले कई वर्षों से सुरसा की तरह हो रहा सीवरेज की लाइन डालने का काम जारी है। नगर निगम इस काम को एक निजी कंपनी से करवा रहा है। वैसे तो इस काम को सालों पहले पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन सालों बाद भी यह काम जारी है। अक्सर इस काम को लेकर मात्र कुछ प्रतिशत बचा होना बताया जाता है किंतु काम है कि सालों बाद भी पूरा नहीं हो रहा है। पिछले कई वर्षों से शहरवासी इस काम के कारण प्रताड़ना की स्थिति में जीवन ज्ञापन कर रहे हैं। देवास रोड पर वीआईपी मार्ग एवं गेस्ट हाउस के बराबर विशाला क्षेत्र की इस सर्विस रोड को खोद दिए जाने से आवागमन में समस्या और गहरा गई है।



### ट्रेंच खोदी भरी नहीं

निजी कंपनी ने सीवरेज की लाइन डालने के लिए सर्विस रोड पर खुदाई करीब एक माह पूर्व की थी। यहां बनी आरसीसी रोड को कंपनी ने खोदा और उसमें अपनी पाइप लाइन डाल दी। इस पाइप लाइन को डालने के बाद कंपनी में खुदाई में निकला मटेरियल फिर से ट्रेंच में उलीच दिया। इसमें आरसीसी के मटेरियल को नीचे एवं मिट्टी को ऊपर उलीचा गया। इससे पूरे क्षेत्र में कीचड़ की स्थिति पानी बरसने के साथ ही गहरा जाती है। डिवाईन वेली के शाप संचालकों को दुकानें चलाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खोदी गई ट्रेंच को पूरी तरह से भरकर उसे समतल करते हुए उपर से प्लास्टर नहीं किए जाने के कारण इस रोड के एक साइड का उपयोग न तो पैदल चलने वाले कर पा रहे हैं न हीं वाहनों के निकलने लायक ही एक साइड का उपयोग हो पा रहा है।

### महीनों बाद भी कोई देखने वाला नहीं

डिवाईन वेली एवं क्षेत्र के दुकान संचालकों का कहना है कि खुदाई के समय ही संबंधितों को कहा गया था कि इसे सीवरेज की लाईन डालने के तत्काल बाद बंद करते हुए समतल किया जाना बेहतर होगा। इसके बाद भी ऐसा नहीं किया गया। हालिया स्थिति में भी ट्रेंच की खुदाई के बाद उसे उधड माप बंद तो किया गया है जिससे न तो खुदाई की और वाहन चल पा रहे हैं न हीं पैदल ही आवागमन हो पा रहा है। इस कारण से ऋषिनगर पेट्रोल पंप से लेकर डिवाईन वेली तक के क्षेत्र में आवागमन की परेशानी बनी हुई है।

### पेट्रोल पंप, बैंक सहित कई बड़े शॉप

सर्विस रोड के एक और पेट्रोल पंप के साथ बैंक, शो रूम, आवासीय परिसर, गैराज एवं उसके उपरांत शहर का सबसे महत्वपूर्ण इलेक्ट्रानिक शो रूम और उसके बाद एतिहासिक आवासीय परिसर और कोचिंग क्लास के साथ डिवाईन वेली के तमाम शाप हैं जिनमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्राहक पहुंचते हैं। ग्राहकों को वाहन रखने के साथ ही इस समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

### वीआईपी मुवमेंट के समय परेशानी

देवास रोड वीआईपी रूप से महत्वपूर्ण है। हेलीपेड से वीआईपी गेस्ट हाउस तक व्यवस्तता की स्थिति में अक्सर रहता है। ऐसे में देवासरोड पर आवागमन करने वालों को इस सर्विस रोड से ऋषिनगर तिराहा पर निकाल कर मार्ग को चालू रखा जाता है। वीआईपी गेस्ट हाउस में वीआईपी मुवमेंट के समय आरटीओ तिराहा से ऋषिनगर तिराहा तक के देवास रोड को बंद रखा जाता है। ऐसे में आवागमन को डायवर्ट करते हुए इस सर्विस रोड से ऋषिनगर एवं आरटीओ चौराहा निकाल दिया जाता है। पिछले एक माह के दौरान कई अवसर ऐसे आए जब देवास रोड पर आवागमन को बंद किया गया तो डायवर्ट की इस सर्विस रोड पर खुदाई को समतल नहीं किए जाने से आवागमन परेशानी दायक और बाधित हुआ है।

### जिम्मेदार के नंबर हो सार्वजनिक

दुकानदारों ने कहा कि नगर निगम को इस मामले में शिकायत करने पर वे इसे निजी कंपनी का बताते हैं और निजी कंपनी का कार्यालय कहां है उसके जिम्मेदार कौन हैं यह किसी को जानकारी में नहीं होता है। हाल यह हैं कि समस्या का निदान मिलना मुश्किल हो रहा है। नगर निगम सिवरेज कार्य से जुड़े उसके अधिकारियों के नंबर सार्वजनिक करे और इसके साथ ही निजी कंपनी के कार्यालय का पता सहित उसके तमाम जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाईल नंबर सार्वजनिक करे जिससे आमजन अपनी समस्या के निदान के लिए खूद ही प्रयास कर शिकायत दर्ज करवा सके। इसी तरह नगर निगम के झोन वार इंजीनियरों एवं जिम्मेदारों के नंबर सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

### महीनों बाद भी प्रेमछाया मार्ग बाधित

निजी कंपनी के सीवरेज लाइन डालने से शहर के एक आध क्षेत्र में ही समस्या और शिकायत हो ऐसा कतई नहीं है। शहर के अन्यानेक क्षेत्र में इससे परेशानी का हाल कायम है। देवास रोड विशाला क्षेत्र की सर्विस रोड की तरह ही प्रेमछाया से लाल मस्जिद क्षेत्र की सड़क पर खुदाई में सिवरेज लाइन डालने के बाद प्रेम छाया परिसर से बहादुरगंज चौराहा तक के मार्ग की ट्रेंच को महीनों बाद भी समतल नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में पूरा चौराहा ही आवागमन में परेशानी का सबब बना हुआ है। महीनों बाद भी यहां के हाल नहीं सुधरे हैं। निजी कंपनी यहां पिछले 6 माह में दो से तीन बार खुदाई करते हुए प्रयोग कर चुकी है। लाइन डालने के बाद यहां सड़क को समतल करने को लेकर निजी कंपनी का कोई रूझान नहीं है।

### कोई सुनने, देखने वाला नहीं

दुकानदारों से पूछने पर वे बताते हैं कि इस मामले के बड़े बुरे हाल हैं। नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी कोई सूनने वाला नहीं है। कई बार बोलने पर भी खुदाई के बाद सड़क को प्लास्टर कर समतल करवाने को लेकर इनका कोई ध्यान नहीं है। न ही सीवरेज कंपनी का कोई जिम्मेदार ही है जिसे समस्या से अवगत करवाया जा सके।

रक्षाबंधन पर्व पर सबसे पहले बांधी भगवान महाकाल को राखी

# सवा लाख लड्डुओं का लगाया भोग

## भस्म आरती में पुजारी परिवार की महिलाओं ने निभाई परंपरा, 2 फीट की राखी अर्पित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रक्षाबंधन पर्व पर शुक्रवार को देश की सबसे पहली राखी भगवान महाकाल को बांधी गई। महाकाल मंदिर में तड़के करीब 3 बजे हुई भस्म आरती के दौरान पुजारी परिवार की महिलाओं ने बाबा महाकाल को राखी अर्पित की।

मान्यता है कि हिंदू रीति-रिवाजों से मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों की शुरूआत सबसे पहले भगवान महाकाल के आंगन से होती है। भगवान महाकाल के लिए राखी तैयार करने वाली पुजारी परिवार की महिलाओं ने पूरे सावन माह में व्रत-उपवास रखा। करीब एक सप्ताह की मेहनत के बाद उन्होंने अपने हाथों से बाबा महाकाल के स्वरूप और प्रिय प्रतीकों को ध्यान में रखकर विशेष राखी तैयार की। इस बार करीब 2 फीट लंबी विशाल राखी बनाई गई।

लड्डुओं का भोग लगाकर भगवान की आरती की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार जो भक्त श्रावण मास में पूरे माह उपवास करते हैं, वे श्रावणी पूर्णिमा पर भगवान महाकाल के लड्डू प्रसाद को ग्रहण कर उपवास खोलते हैं। अधिक से अधिक भक्तों को लड्डू प्रसाद मिल सके इसके लिए पुजारी सवा लाख लड्डुओं का भोग भी लगाया गया।



### रात 2 बजे मंदिर पहुंचीं महिलाएं

राखी बांधने के लिए पुजारी ओम गुरु और राजेश शर्मा के परिवार की महिलाएं रात करीब 2 बजे ही मंदिर पहुंच गई थीं। भस्म आरती के दौरान राखी बांधने तक उन्होंने मंत्रोच्चार किया। भस्म अर्पित होने के बाद विशेष राखी बाबा महाकाल को समर्पित की गई। राखी बांधने के बाद महिलाओं ने मंदिर से मिले प्रसाद से अपना व्रत खोला। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार के भाइयों को राखी बांधी।

### राखी बनाते समय किया मंत्र जाप

पुजारी परिवार की महिलाओं ने राखी तैयार करते समय भी धार्मिक परंपराओं का पालन किया। राखी निर्माण के दौरान वे लगातार जय महाकाल और ॐ नमः शिवाय का जाप करती रहीं। करीब एक सप्ताह की मेहनत से तैयार इस राखी को रक्षाबंधन की भस्म आरती में बाबा महाकाल को अर्पित किया गया।

### रेशमी कपड़े, मोर पंख और रुद्राक्ष से सजाई राखी

पुजारी आकाश गुरु ने बताया कि करीब 2 फीट की इस विशेष राखी को रेशमी कपड़े, रेशमी धागे और आभूषणों से तैयार किया गया है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय मोर पंख और गौ माता को भी स्थान दिया गया है। राखी को आकर्षक बनाने के लिए इसमें कांच वर्क, मोर पंख और रुद्राक्ष का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही बाबा महाकाल के प्रिय त्रिनेत्र, ॐ और त्रिपुंड को भी राखी के डिजाइन में शामिल किया गया है।

वर्षों पुरानी परंपरा फिर हुई जीवंत

# राखी पर छलके आंसू, भाई को सामने देख भावुक हुई बहन

## पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनन्दन शर्मा ने बहन इंदिरा देवी से बंधवाई राखी, परिवार के साथ मनाया रक्षाबंधन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और आत्मीय रिश्ते का प्रतीक है। इसी भावना की एक बेहद भावुक तस्वीर उज्जैन में उस समय देखने को मिली, जब पूर्व राज्यसभा सांसद एवं मानस भवन भोपाल के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रघुनन्दन शर्मा अपनी बहन इंदिरा देवी से राखी बंधवाने पहुंचे।

रघुनन्दन शर्मा रक्षाबंधन के अवसर पर आनंद मोहन उपाध्याय के निवास पर पहुंचे। भाई को सामने देखते ही बहन इंदिरा देवी की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। वर्षों पुराने भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता इस मुलाकात में साफ दिखाई दी। भावुक माहौल के बीच बहन ने भाई की कलाई पर राखी बांधी और भाई-बहन ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

- **वर्षों पुरानी परंपरा को निभाया-** बताया गया कि रघुनन्दन शर्मा वर्षों से रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहन से मिलने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने इस परंपरा को कायम रखा और उज्जैन पहुंचकर बहन से राखी बंधवाई। इस अवसर पर भांजी सुनीता उपाध्याय सहित परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने साथ बैठकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। लंबे समय बाद या विशेष अवसर पर होने वाली ऐसी पारिवारिक मुलाकातों में रिश्तों की गर्माहट और अपनापन सहज ही देखने को मिलता है।
- **रिश्ते पुराने, लेकिन प्यार हमेशा नया-** रक्षाबंधन की इस मुलाकात ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि समय कितना भी बदल जाए और जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, भाई-बहन का रिश्ता अपनी भावनात्मक गर्माहट बनाए रखता है। राखी की डोर केवल कलाई पर नहीं बंधती, बल्कि यह बचपन की यादों, स्नेह, विश्वास और जीवनभर साथ निभाने वाले रिश्ते को और मजबूत करती है। उज्जैन में हुई यह मुलाकात इसी भाई-बहन के अटूट प्रेम की एक भावुक मिसाल बन गई।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र, देव दर्शन किए



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शुक्रवार रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गृह जिले के खाचरोद तहसील मुख्यालय पहुंचे थे। हेलीपेड पर उनका स्वागत करते हुए बहनों ने उन्हें रक्षा सुत्र बांधे हेलीपेड पर नागदा निवासी माया तितलिया एवं मनीषा अखिलेश शर्मा ने उन्हें राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्मीयता से बहनों का मुंह मीठा कराया और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने खाचरौद के ग्राम चिरोला फंटा में स्थित संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे। आश्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजन अर्चन कर श्रीश्री 1008 सचिदानंद महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। सड़क मार्ग खाचरौद से उज्जैन आगमन के दौरान उन्हेल रोड पर ग्राम तुमड़ावदा में स्थित श्री सागोती माता मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने श्री सागोती माता मंदिर में पूजन कर दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उज्जैन पहुंचकर मुख्यमंत्री ने अंगारेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया।


# ई-अटेंडेंस में राहत की गेंद संकुल प्राचार्यों के पाले में आएगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ई-अटेंडेंस को लेकर परेशान शिक्षकों को राहत का संदेश सामने आ रहा है। इसमें राहत की गेंद संकुल प्राचार्यों के पाले में आने वाली है। इसमें अभी एक पखवाड़ा उपरांत समग्र निर्देश जारी होने की उम्मीद है। इसके तहत अगर शिक्षक ई-अटेंडेस लगाने में देरी होने पर संकुल प्राचार्य को उचित एवं पुष्टिकारक कारण बताएगा तो वे इसमें राहत दे सकेंगे।

ई-अटेंडेंस नहीं लगा पाने और कम की स्थिति में वेतन रोकने जैसी स्थिति को लेकर शिक्षकों के विरोध के बीच स्कूल शिक्षा विभाग अब इसके पॉवर डेलिगेट करने की तैयारी में है। जल्द ही जिलों में पदस्थ संकुल प्राचार्यों को इसके पॉवर दिए जाएंगे और उचित कारण होने की दशा में संकुल प्राचार्य अपने विद्यालय क्षेत्र में आने वाले शिक्षकों को ई-अटेंडेंस लगाने के मामले में देरी पर राहत दे सकेंगे। जल्दी ही इसके आदेश विभाग जारी करने वाला है। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था अब सामान्य स्थिति में आ गई है। रोज 97 से 98 प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस लगाई जा रही है, इसलिए अब उचित कारण के साथ संकुल प्राचार्यों को इससे संबंधित पॉवर दिए जाएंगे। जल्दी ही इसको लेकर अगले 15 दिनों में सर्कुलर जारी कर दिया जाएगा। आयुक्त सिंह ने कहा कि विभाग का उद्देश्य शिक्षकों को प्रताड़ित करना नहीं है बल्कि एक व्यवस्थित सिस्टम को प्रभावी करना है और शिक्षकों द्वारा इसका पालन भी किया जा रहा है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री से चर्चा करने पर उनका कहना था कि उन्हें संदेश मिला है अभी इसे लेकर विभागीय निर्देश नहीं मिले हैं।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार, 29 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन को लेकर बैठक आयोजित

**इंदौर।** सांसद शंकर लालवानी एवं कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्री लालवानी एवं कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सांसद श्री लालवानी ने कहा कि सबको शुद्ध एवं पर्याप्त जल मिले इसके लिये राष्ट्रीय जल मिशन के तहत नल से जल अभियान चलाया जा रहा है। इसके अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है। जल है तो कल है और यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। हेडपम्पों का संधारण किया जाये। साथ ही वॉटर रिचार्जिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। श्री लालवानी ने कहा कि सांसद निधि एवं सीएसआर फंड के माध्यम से इंदौर जिले के शासकीय विद्यालयों में 100 से अधिक वॉटर कूलर एवं आरओ लगाये गये है।

### वृद्धजनों एवं निराश्रितजनों को दिलाया जाये योजनाओं का लाभ

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रेमाश्रय वृद्ध आश्रम से स्थानांतरित किए गए वृद्धजनों एवं निराश्रितजनों को शासन की सभी पात्रताधारित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से दिलाया जाए। उन्होंने कहा है कि वृद्धजनों एवं निराश्रितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते खुलवाने सहित अन्य आवश्यक शासकीय दस्तावेज एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि वृद्धजनों एवं निराश्रितजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा वृद्धाश्रमों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों की आवश्यकतानुसार दस्तावेज तैयार कराने तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई करें।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आज मूसाखेड़ी में शिविर

**इंदौर।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों के आयोजन का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में 29 अगस्त 2026 को सुबह 10:30 बजे से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-5 के मूसाखेड़ी स्थित झोन क्रमांक-18 के झोनल कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों का मौके पर निराकरण करने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ लेने की अपील की है।

### सिंहस्थ में दर्शन क्षमता के अनुरूप तैयार हों होल्डिंग एरिया



**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर क्षेत्र में संचालित सभी विकास एवं निर्माण कार्यों में भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने मंगलवार को ओंकारेश्वर के पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक लेकर सिंहस्थ-2028 के लिए क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने कहा कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर में किए जा रहे निर्माण कार्यों में ꞉सिंहस्थ के व्यस्ततम समय꞉ के लिए अनुमानित दर्शन क्षमता के अनुरूप भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए होल्डिंग एरिया तैयार करने, विशिष्टजनों के लिए अलग कॉरिडोर बनाने तथा आपातकालीन चिकित्सा रूट की व्यवस्था करने के निर्देश उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, उपमहानिरीक्षक सिमाला प्रसाद, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, पुनासा एसडीएम श्री पंकज वर्मा और सहायक कलेक्टर सुश्री शिल्पा चौहान सहित गृह, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

## नैनो न्यूज

- **विवेक मीणा हत्याकांड पर बवाल** – शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन और चक्काजाम हुआ, पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया।
- **राजगढ़ में भीषण बस हादसा** – भोपाल बायपास पर बस 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिरी। हादसे में 4 लोगों की मौत और 11 घायल हुए।
- **मप्र में भारी बारिश का अलर्ट** – 40 जिलों में गरज-चमक और भारी बारिश की चेतावनी जारी हुई है। लोगों को बिजली गिरने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई।
- **सात जिलों में तेज बारिश** – टीकमगढ़, छतरपुर, कटनी, सीधी, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में अगले 24 घंटे भारी बारिश का अलर्ट है।
- **इंदौर में तीन बच्चियों की मौत** – खाना खाने के बाद तबीयत बिगड़ने से तीन नाबालिग बहनों की मौत का मामला सामने आया। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम करा रही है।
- **55 लाख विद्यार्थियों को राहत** – सरकारी स्कूलों के करीब 55 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म खरीदने के लिए सीधे बैंक खातों में राशि देने की तैयारी है।

आरोपियों की तलाश में इंदौर जाएगी टीम, ओंकारेश्वर के खेड़ीघाट से डाक कांवड़ लेकर आए थे

# महाकाल मंदिर में करीब 100 कांवड़ियों के हंगामे पर पुलिस सख्त

### नंदी हॉल में घुसने से रोकने पर तोड़ी बैरिकेडिंग, दानपेटियों पर चढ़े कांवड़िए

### चार सुरक्षाकर्मी घायल, सीसीटीवी फुटेज से आरोपितों की पहचान में जुटी पुलिस

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

महाकाल मंदिर में नंदी हॉल में प्रवेश को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को ओंकारेश्वर के खेड़ीघाट से डाक कांवड़ लेकर आए करीब 100 कांवड़ियों में से कुछ ने नंदी हॉल में जाने की कोशिश की थी।

सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोकने पर विवाद बढ़ गया और कांवड़ियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों से धक्का-मुक्की और मारपीट भी हुई। घटना में चार सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। महाकाल पुलिस ने मामले में 30 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर रही है। कुछ आरोपितों के इंदौर के होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम उनकी तलाश में इंदौर जाएगी।

हंगामे के दौरान कुछ कांवड़िए मंदिर परिसर में रखी दानपेटियों पर भी चढ़ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें नीचे उतारने और आगे जाने से रोकने की कोशिश की। इसी दौरान दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की होने लगी। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और कुछ लोगों को पकड़कर महाकाल थाने ले जाया गया।

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

घटना के बाद पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटाए हैं। इनमें हंगामे और मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपितों की पहचान होने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जाएगी। इंदौर के रहने वाले कुछ लोगों की पहचान सामने आने के बाद पुलिस टीम वहां भी जाएगी।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ केस-** मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली कोर कंपनी के सुपरवाइजर प्रदीप पुत्र राजेश बाथम, निवासी ग्राम रूई, भैरवगढ़ की शिकायत पर महाकाल पुलिस ने इंदौर निवासी सचिन मराठा सहित 30 अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपितों के विरुद्ध धारा 191(2), 115(2), 296(बी), 351(3) और 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है।

### यह है पुरा मामला

महाकाल मंदिर में बुधवार को ओंकारेश्वर से आए कांवड़ियों ने नंदी हाल में प्रवेश को लेकर हंगामा कर दिया। कांवड़िए बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। इस दौरान मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो विवाद बढ़ गया। कांवड़ियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई झड़प में चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। इनमें दो के पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए चरक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ओंकारेश्वर के खेड़ीघाट से करीब 100 दर्शनार्थी डाक कांवड़ लेकर महाकाल मंदिर पहुंचे थे। बताया जाता है कि कांवड़ियों में शामिल कुछ लोगों ने नंदी हाल में प्रवेश करने का प्रयास किया। मंदिर में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। इस पर कांवड़िए आक्रोशित हो गए और बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगे।

हंगामे के दौरान कुछ कांवड़िए मंदिर परिसर में लगी दानपेटियों पर भी चढ़ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें नीचे उतारने और आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति संभालते हुए उत्पात करने वाले कांवड़ियों को पकड़ लिया और महाकाल थाने पहुंचाया।

मारपीट में सुरक्षाकर्मी अभिषेक चौधरी के सिर में चोट लगी है। जबकि रोहित पाटीदार के पैर पर बैरिकेड गिरने के कारण पैर में फ्रेक्चर हो गया। वहीं, दो अन्य सुरक्षाकर्मियों को भी चोट लगी है। महाकाल पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली कोर कंपनी के सुपरवाइजर प्रदीप पुत्र राजेश बाथम निवासी ग्राम रूई भैरवगढ़ की शिकायत पर इंदौर निवासी सचिन मराठा सहित 30 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 191 (2), 115 (2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है।

महामृत्युंजय द्वार के मार्ग से काफी घुमकर आना पड़ रहा था

# नानाखेड़ा-शांति पैलेस मार्ग की एक साइड शुरू


**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नानाखेडा से शांति पैलेस, हाटकेश्वर, हरिफाटक की और जाने वाले नागरिकों को अब सुविधाजनक आवागमन की शुरूआत हो गई हैं। रक्षाबंधन पर्व से निमार्णाधीन इस मार्ग की एक साईड को आने -जाने के लिए खोल दिया गया है। इस मार्ग को 550 मीटर लंबा एवं 45 मीटर चौडा निर्माण किया जा रहा है।

पिछले लंबे समय से नानाखेडा से शांति पैलेस एवं उस और जाने वाले नागरिकों को आवागमन के लिए मित्र नगर के पास एवं अन्य गली कुचों के मार्ग का विकल्प चुनना पड रहा था। महामृत्युंजय द्वार के मार्ग से काफी घुमकर आना पड रहा था। नागरिकों के आवागम को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम ने निमार्णाधीन नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाते हुए राखी पर्व से इसकी एक साईड को आवागमन के लिए खोल दिया गया है।

### अवलोकन करने महापौर मुकेश टटवाल भी पहुंचे

मार्ग के पूर्ण होने से न केवल नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ मार्ग का सौंदर्यीकरण भी होगा। आगामी समय में यह मार्ग शहर के प्रमुख विकसित एवं व्यवस्थित मार्गों में शामिल होगा। शुक्रवार को राखी के अवसर पर नागरिकों के लिए प्रारंभ किए गए निमार्णाधीन मार्ग का अवलोकन करने महापौर मुकेश टटवाल भी पहुंचे थे।



### 550 मीटर लंबा 45 मीटर चौड़ा मार्ग

नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा तक 9 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से 550 मीटर लंबाई एवं 45 मीटर चौड़ाई वाले मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, मार्ग को आधुनिक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए दोनों ओर 2.25 मीटर चौड़े ग्रीन बेल्ट, मध्य डिवाइडर में पौधारोपण, दोनों ओर सर्विस रोड तथा सर्विस रोड के दोनों ओर फुटपाथ का निर्माण किया जा रहा हैं साथ ही डिवाइडर का निर्माण कर क्षेत्र को बेहतर यातायात व्यवस्था के अनुरूप विकसित किया जाएगा। मार्ग पर हाईमास्ट एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से रात्रि में भी क्षेत्र को पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराई जाएगी।

इंदौर: क्राइम ब्रांच ने दिया बड़ा तोहफा

# रक्षाबंधन पर मिले 75 लाख रुपए के गुम हुए 238 मोबाइल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

क्राइम ब्रांच ने रक्षाबंधन पर एक सराहनीय कदम उठाते हुए गुम और चोरी हुए 238 मोबाइल फोन ढूंढकर उनके मालिकों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। पीड़ितों ने अपने गुम हुए मोबाइल की शिकायत सिटीजन काप एप के माध्यम से दर्ज कराई थी।

इंदौर पुलिस के साइबर विशेषज्ञों ने भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी सहायता से मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से इन मोबाइल फोनों को तलाशकर सुरक्षित बरामद कर लिया है। एक विशेष कार्यक्रम में करीब 75 लाख रुपये की अनुमानित कीमत वाले 238 मोबाइल फोन उनके असल मालिकों के सुपुर्द किए गए। इन बरामद फोनों में 11 महंगे आईफोन भी शामिल हैं। डीसीपी (अपराध) राजेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2026 में अब तक गुम हुए मोबाइल फोनों की प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 1045 मोबाइल फोन तलाश कर आवेदकों को वापस सौंपे हैं। विशेष बात यह है कि गुम या चोरी होने के बाद ये मोबाइल फोन न केवल इंदौर में बल्कि देश के अन्य विभिन्न शहरों और राज्यों में सक्रिय रूप से इस्तेमाल किए जा रहे थे।

# कूनो नेशनल पार्क की पांच टीमें छान रहीं जंगल की खाक, नहीं लगा निर्वा का सुराग


### पगमार्क और शिकार हुए जानवरों के आसपास सुराग तलाशे जा रहे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ श्योरपुर**

20 अगस्त से कूनो से लापता मादा चीता निर्वा की तलाश में वन विभाग की पांच अलग-अलग टीमें लगातार जंगल की खाक छान रही हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है। वन विभाग के अधिकारी जंगल में तलाशी के साथ शिकार हुए जानवरों के आसपास भी चीता के पगमार्ग आदि की तलाश भी कर रहे हैं।

फिलहाल वन अमले के हाथ खाली हैं, और देरी होने के साथ अनहोनी की आशंका गहराती जा रही है। हालाकि पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ भोपाल डॉ. समीता राजौरा का कहना है कि निर्वा जंगल से बाहर निकली होती तो जानवरों के किल के निशान भी मिलते, उम्मीद है वह जल्द ही मिल जाएगी।

पिछले पांच दिनों से राजस्थान के शाहबाद इलाके में देखा जा रहा चीता की गंध का पीछा करते हुए दूसरा चीता भी वहां पहुंच गया है। गुरुवार को दोनों ने दो बकरियों का शिकार किया। वन विभाग की ट्रेकिंग टीमें लगातार उनका पीछा करते हुए उन पर नजर बनाए हुए हैं। उधर कूनो में मादा चीता केजेपी-1 और नर चीता केजीपी-3 के बीच नजदीकियां देखी जा रही हैं।



वह लगातार एक दूसरे के साथ टाइम बिता रहे हैं। उनके बीच मेटिंग होने की संभावना जताई जा रही है।

कूनो में चीतों की निगरानी के लिए लाए खोजी कुत्तों बेल्जियम मेलिनोइस प्रजाति के इलू और रूबी की मौत के मामले में हैंडलर के खिलाफ वन विभाग के अधिकारियों ने डी कायम कर दी है। उनके खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों के द्वारा जानकारी दी गई है कि उनके पास अभी इस तरह के ट्रेंड 16 डॉग स्कावड की टीमें हैं। जिन्हें जरूरत पड़ने पर पूरे प्रदेश भर में उपयोग किया जाता है।

### सभी जिलों में इस बार 29 अगस्त को जन-विश्वास अभियान

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में बालाघाट जिले में शामिल होंगे। शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण इस बार 29 को संपूर्ण प्रदेश में जनविश्वास अभियान आयोजित होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने विभागाध्यक्ष के अलावा कलेक्टर्स और कमिश्नर सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को इस संबंध में निर्देश जारी किए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बालाघाट में जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतकर्ताओं की शिकायतें समक्ष में सुनी जाएँगी। इस दौरान बैठक और समीक्षा के साथ मीडिया संवाद तथा उद्योग संवाद भी होगा। प्रदेश के सभी जिलों में भी जन विश्वास अभियान 29 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# नेग की रकम तय हुई, अब सियासी जमीन तलाश रहा किन्नर समाज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर में किन्नर समाज द्वारा अलग-अलग मौकों पर लिए जाने वाले नेग को लेकर बीते कुछ समय से विवाद और चचाएं लगातार सामने आती रही हैं। मनमाने नेग की शिकायतों के बाद व्यापारी संगठनों और रहवासी संघों ने भी आवाज उठाई थी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो किन्नर गुरुओं के साथ समझाइश और नेग को लेकर व्यवस्था बनाने की कोशिशें भी हुईं।

इसी बीच राजवाड़ा क्षेत्र के कुछ व्यापारिक पदाधिकारियों की ओर से राखी, दिवाली सहित अन्य अवसरों पर नेग की सीमा तय किए जाने की चर्चा ने एक बार फिर इस पूरे मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया। हालांकि, विवादों के बीच किन्नर समाज के अलग-अलग गुटों के बीच मतभेद भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं। अब इस पूरे घटनाक्रम के बीच किन्नर समाज की सियासी सक्रियता भी चर्चा का विषय बनती नजर आ रही है। सोमवार को राजवाड़ा क्षेत्र से निकली कावड़ यात्रा के दौरान किन्नर समाज की ओर से लगाए गए बैनर-पोस्टरों ने लोगों का ध्यान खींचा। इन पोस्टरों में किन्नर समाज की महामंडलेश्वर, किन्नर गुरु सहित कई प्रमुख चेहरों की मौजूदगी नजर आई।

शहर में अब चर्चा इस बात की है कि नेग की सीमा को लेकर चल रही खींचतान के बीच किन्नर समाज का सामाजिक प्रभाव क्या अब सियासी मैदान में भी अपनी जगह बना रहा है? खास बात यह भी है कि राजनीतिक गलियारों में समय-समय पर अलग-अलग नेताओं को इस समाज का समर्थन मिलता रहा है।

इंदौर नगर निगम सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर मेट्रो स्टेशन के पास 100 एकड़ जमीन पर नगर वन बनाएगा

# इंदौर में सुपर कॉरिडोर पर बनेगा नगर वन, एक ही दिन में रोपे गए 21 हजार पौधे

### नगर वन में सघन वन, फव्वारे, तालाब और सुविधाएं विकसित होंगी, ऐसे फलदार वृक्ष लगेंगे जो प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करें


### यूरोप से हजारों किमी सफर कर आने वाले पक्षी यहां बसेरा बनाएं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर नगर निगम सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर मेट्रो स्टेशन के पास 100 एकड़ जमीन पर नगर वन बनाएगा। बुधवार को साधु-संतों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के बीच इस भूमि पर 21 हजार पौधों का रोपण हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक पौधा लगाना शिव मंदिर के समान है, क्योंकि पेड़ जहरीली गैस रूपी जहर सोखकर हमें प्राणवायु ऑक्सीजन का अमृत प्रदान करते हैं।

पेड़ हमें जीवन देते हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि जो हमें जीवन दे रहा है, उसकी संख्या को बढ़ाएं। नगर वन में सघन वन आकार लेगा। प्रकृति के अद्भुत नजारे यहां भी दिखाई देंगे। नगर निगम ने इस जमीन को वन विभाग से लिया है। यहां फव्वारे, तालाब और दूसरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस जमीन पर ऐसे फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे, जो प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करेंगे। प्रवासी पक्षी शीतकाल में हजारों किलोमीटर का सफर तय कर यूरोप से हमारे यहां आते हैं। हमारी कोशिश है कि वे पक्षी इस स्थान पर अपना बसेरा बनाएं।

### प्रकृति का आनंद लेने के लिए आएं



विजयवर्गीय ने कहा कि 5 सितंबर को दतूनी पहाड़ी पर महा पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि जिस संकल्प के साथ साधु-संत जुड़ जाते हैं, वह संकल्प सिद्ध हो जाता है। शहरवासी भी प्रकृति का आनंद लेने के लिए आएं।

### तालाब में नौकायान की सुविधा

इस कार्य को सुनियोजित नीति बनाकर किया जा रहा है। नगर निगम के वास्तुकारों का सहयोग लिया जा रहा है। तालाब से लेकर बाकी सुविधाएं कहां पर आकार लेंगी, यह विशेषज्ञों की सलाह पर तय किया जाएगा। तालाब में नौकायान की सुविधा भी रहेगी। बुधवार को रोपे गए 21 हजार पौधों में बड़ी संख्या में फलदार वृक्षों का भी रोपण किया गया।



### संतों के आशीर्वाद से और उनकी अनुभूति हमारे जीवन में होती है उजागर

ओंकारेश्वर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार सुबह पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में भव्य पंचायतन मंदिर का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के प्रतिनिधियों, षड्दर्शन संत मंडल के पूज्य संतों एवं विशिष्ट अतिथियों के साथ 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया। श्री वेंकटेश्वर वेद विज्ञान पीठम्‌ धर्मगिरि, आंध्रप्रदेश के प्राचार्य के.एस.एस. अवधानी, दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठम्‌ कर्नाटक और श्री श्री गुरुकुल के आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एकात्म धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकात्मता का केंद्र बनेगा। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने विभिन्न उपासना पद्धतियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए पंचायतन पूजन की परंपरा को पुनः प्रतिष्ठित किया था। पंचायतन मंदिर इसी महान परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

न्यूज कालम



## राखी के रंग में रंगा सनावद, बाजारों में उमड़ा भाई-बहन के प्यार का सैलाब

**सनावद।** रक्षाबंधन से एक दिन पहले गुरुवार को सनावद का बाजार त्योहार के रंग में नजर आया। सुबह से शुरू हुई खरीदारी ने शाम होते-होते रफ्तार पकड़ ली। मोटक्का चौराहे से बस स्टैंड मार्ग सहित प्रमुख बाजारों में कदम-कदम पर भीड़ नजर आई। राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की पसंद की रंग-बिरंगी राखियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। पारंपरिक राखियों के साथ ही दीपक डोंगरे ने बाताया कों मोती, चंदन, रुद्राक्ष और आकर्षक डिजाइनों वाली राखियों की भी खूब मांग रही। बहनों ने भाइयों की कलाई सजाने के लिए पसंदीदा राखियां खरीदीं, वहीं भाइयों ने भी बहनों के लिए उपहारों की खरीदारी की। रक्षाबंधन को लेकर मिठाई दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ रही। काजू कतली, घेवर, लड्डू सहित विभिन्न मिठाइयों की खरीदारी हुई। इसके अलावा कपड़े, कॉस्मेटिक और गिफ्ट की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी। शाम के समय मोटक्का चौराहा, मुख्य बाजार और बस स्टैंड मार्ग पर सबसे ज्यादा चहल-पहल दिखाई दी। दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी राखियां और रोशनी से सजे बाजार ने त्योहार का माहौल और खुशनुमा कर दिया। व्यापारियों को रक्षाबंधन पर भी अच्छी बिक्री की उम्मीद है। एक तरफ राखियों की खनक, दूसरी तरफ मिठाइयों की खुशबू–सनावद का बाजार रक्षाबंधन के उत्साह में पूरी तरह डूबा नजर आया।

## उत्साह से मना रक्षाबंधन, बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी स्नेह की डोर



**खरगोन ।** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को उमंग-उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर स्नेह की डोर बांधी। इसके बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के दिन भद्रा नहीं होने से पूरे दिन बहनों ने भाई की कलाई सजाई। पर्व को लेकर बाजार में खासी चहल. पहल रही। सुबह से देर रात तक रक्षाबंधन बांधने का दौर चलता रहा। पहले बहनों ने भाइयों के भाल पर तिलक लगाया, आरती उतारी तब राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार आदि देकर उनकी रक्षा का वचन दोहराया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों सहित यात्री वाहनों में खासी भीड़ रही। सावन मास पूर्णिमा पर सावन माह का समापन भी हो गया। पिछले एक माह से भगवान भोलेनाथ की आराधना की जा रही थी। सावन मास की पुर्णिमा पर भाई तुम जियो हजारों साल,मिले कामयाबी तुम्हें हर बार का भाव लिए बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाईयों ने भी बहनों की रक्षा के वचन का संकल्प दोहराया। रक्षाबंधन का पर्व समूचे अंचल में स्नेहोत्सव के साथ मनाया गया। कई वर्षों बाद बिना भद्रा के साये में मनाए जा रहे रक्षाबंधन पर मुहुर्त की कोई पाबंदी नही रही। पर्व के चलते आम दिनों की तरह सड़कों पर ज्यादा आवाजाही देखी गई। रक्षाबंधन पर जो भाई बहनों से दूर थे और उनसे मिलने नहीं आ पाए, उन्होंने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पूजा करवाई और बहन को सुख.दुख में साथ रहने का संकल्प लिया।

## पुलिस स्टेशन कोतवाली बड़वानी ने मनाया रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार



**बड़वानी।** ये केवल एक राखी की डोर नहीं बल्कि विश्वास का वो मजबूत धागा है जिसे हमें हमेशा अपने अच्छे और सच्चे कर्मों से निभाना है। दिनाँक 27 अगस्त को रुक्मणी अकैडमी की 38 नन्ही बच्चियों ने थाना कोतवाली के समस्त स्टाफ को रक्षासूत्र बांध कर मनाया रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार साथ ही थाना कोतवाली परिसर में बने बाल मित्र कक्ष का भी किया अवलोकन जहां बने रंगबिरंगे चित्रों के माध्यम से समझा कि पुलिस हर किसी की रक्षा और सुरक्षा के लिए हैं।

## पिछले 24 घंटों में खंडवा जिले में 8 .4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई

**खण्डवा ।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 8.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खंडवा में 0, हरसूद में 28 मिलीमीटर, पंधाना में 12, पुनासा में 0 तथा खालवा में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 27 अगस्त तक 501.2 मिली मीटर औसत वर्षा की गई थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 603.4 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 758 मिलीमीटर, नया हरसूद तहसील में 520 मिलीमीटर, पंधाना तहसील में 650 मिलीमीटर, पुनासा तहसील में 484 मिलीमीटर तथा खालवा तहसील में 605 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## खालवा तहसील के बर्खास्त लिपिक के विरूद्ध आर. आर. सी जारी कर वसूली की जाएगी

**खंडवा ।** तहसीलदार, खालवा से प्राप्त आर.आर. सी. के अनुसार श्री भगवान वर्मा बर्खास्त सहायक ग्रेड-3 तहसील खालवा, निवासी ग्राम नांदिया तहसील खण्डवा के व्दारा वर्ष 2029-2023 तक पद पर रहते हुए नायब नाजिर शाखा में अपने परिचितों के बैंक खातों में राहत राशि भेजी गई। इस संदिग्ध भुगतानों में राशि रुपए 3,24,384/- की वसूली की जाना है। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने खंडवा तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि श्री वर्मा की खंडवा तहसील में स्थित चल-अचल संपत्ति से राहत राशि रुपए 3,24,384 की वसूली कर तहसीलदार खालवा को राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# भगवान काशी विश्वनाथ की शाही सवारी 31 को निकलेगी

### शाही सवारी में प्रमुख शिवालयों के देवता, मां दुर्गा की सवारी और 60 अखाड़े दिखाएंगे शौर्य प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

पंडित मंडन मिश्र की पवित्र नगरी मंडलेश्वर में भगवान श्री शिव शंकर की भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। नगर के राजाधिराज श्री काशी विश्वनाथ भगवान 31 अगस्त सोमवार को भव्य शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। ढोल ताशों, गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोष के बीच निकलने वाली शाही सवारी में श्रद्धा, भक्ति और शौर्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शाही सवारी का यह 28 वां वर्ष है।

राजाधिराज श्री काशी विश्वनाथ के नगर भ्रमण में नगर के प्रमुख शिवालयों की सवारियां भी साथ चलेंगी। श्री टोकेश्वर महादेव, श्री छत्रगणेश महादेव, श्री जालेश्वर महादेव, श्री गुप्तेश्वर महादेव एवं श्री महामंडलेश्वर महादेव सहित मां दुर्गा की सवारी



भी शाही सवारी में शामिल रहेगी। अनेक देव स्वरूपों के एक साथ नगर भ्रमण से पूरा शहर शिवमय और भक्तिमय नजर आएगा।

शाही सवारी में रतलाम, बुरहानपुर और मनावर के ढोल-ताशे एवं मांदल दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ढोल-ताशों की गूंज और धार्मिक जयघोष के बीच बाबा की शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। शाही सवारी के स्वागत के लिए नगरवासी भी जगह-जगह तैयारियों में जुटे हैं।

शाही सवारी का प्रमुख आकर्षण 60 युवाओं के अखाड़े रहेंगे। अखाड़ों के युवा पारंपरिक एवं साहसिक करतबों का प्रदर्शन कर अपनी कला और शौर्य का परिचय देंगे। ढोल-ताशों की थाप के बीच युवाओं के रोमांचक प्रदर्शन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। श्री काशी सेवा समिति एवं धर्म जागरण मंच, मंडलेश्वर के तत्वाधान में 30 अगस्त को होगा अमृत नौका विहार और भजन संध्या शाही सवारी से एक दिन पूर्व 30 अगस्त रविवार को भगवान श्री काशी विश्वनाथ का रुद्राभिषेक किया जाएगा। शाम ४ बजे मां नर्मदा के श्रीराम घाट पर राजाधिराज श्री काशी विश्वनाथ भगवान का भव्य अमृत नौका विहार होगा। इसके पश्चात रात्रि 9 बजे श्रीराम घाट पर भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजन संध्या के आयोजक श्री श्याम सेवा समिति हैं तथा विशेष अतिथि श्री श्याम अलबेली सरकार रहेंगे।

31 अगस्त सोमवार को दोपहर 12 बजे श्री टोकेश्वर मंदिर से राजाधिराज श्री काशी विश्वनाथ भगवान की शाही सवारी प्रारंभ होगी। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का स्वागत, पूजन-अर्चन एवं दर्शन किए जाएंगे।

शाही सवारी के दौरान श्री हरिहर मिलन एवं शिव शक्ति मिलन का भव्य धार्मिक आयोजन भी होगा।हरि और हर के मिलन के इस पावन अवसर पर मंडलेश्वर नगरी भक्ति और उल्लास में डूबी नजर आएगी। ढोल-ताशों की गूंज, अखाड़ों के शौर्य प्रदर्शन, देव सवारियों की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था से नगर में अद्भुत धार्मिक वातावरण निर्मित होगा।



## नरसिंह मंदिर में सुंदरकांड हवन के साथ 721 घंटे का अखंड मानस का समापन

**टांडा (धार)।** नगर के प्राचीन पांच धाम एक मुकाम नरसिंह मंदिर में मानस मंडल टांडा के तत्वावधान में गत वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी एक माह तक आयोजित 721 घण्टे का अखंड रामचरित मानस पाठ का पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधि-विधान एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ समापन हुआ। एक माह तक मंदिर परिसर में लगातार रामचरित मानस की चौपाइयों का पाठ गूंजता रहा। पूणार्हुति के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे शुभ मुहूर्त में सुंदरकांड हवन प्रारंभ हुआ। महीनेभर तक मानस पाठ में अपनी सहभागिता देने वाले श्रद्धालुओं सहित नगर के सैकड़ों रामभक्त मंदिर पहुंचे।

सुंदरकांड की चौपाइयों के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। अखंड मानस रूपी इस महायज्ञ में नगर के अनेक रामभक्तों ने बारी-बारी से रामचरित मानस का पाठ कर अपनी समय रूपी आहुति दी।

## खंडवा में अलौकिक रक्षाबंधन कार्यक्रम संपन्न, परमात्मा के पवित्र संदेश के साथ बांधा रक्षा सूत्र



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, भाग्योदय भवन, आनंद नगर, खंडवा में अलौकिक रक्षाबंधन कार्यक्रम आध्यात्मिक उल्लास एवं पवित्र वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी शक्ति दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि परमात्मा से जुड़कर स्वयं को बुराइयों से मुक्त करने, पवित्रता अपनाने तथा श्रेष्ठ जीवन जीने का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने कहा कि सच्चा रक्षा सूत्र आत्मा को विकारों से बचाकर परमात्मा से जोड़ने का संदेश देता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा सेवा से जुड़े सभी भाई-बहनों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधा गया तथा उन्हें परमात्मा का संदेश दिया गया। साथ ही

प्रशासनिक एवं न्यायिक क्षेत्र में भी ब्रह्माकुमारी बहनों ने पहुंचकर पवित्र रक्षा सूत्र बांधा। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता जी को रक्षा सूत्र बांधकर परमात्मा का संदेश दिया गया। वहीं डिस्ट्रिक्ट जज श्री संजीव श्रीवास्तव जी को भी रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया गया।

शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों को भी रक्षा सूत्र बांधते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी को जीवन में पवित्रता, सकारात्मकता एवं श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में शाम को मीडिया प्रतिनिधियों के लिए भी विशेष रूप से रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने पत्रकार एवं मीडिया प्रतिनिधियों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधा तथा उन्हें रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य और परमात्मा के संदेश से अवगत कराया। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी इस आध्यात्मिक पहल की सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भाई-बहनों एवं गणमान्य नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ब्रह्माकुमारीज द्वारा रक्षाबंधन के माध्यम से समाज में पवित्रता, सद्भाव, आत्मिक सुरक्षा एवं श्रेष्ठ जीवन का संदेश प्रसारित किया गया।

## रक्षाबंधन पर धर्म-संस्कृति की रक्षा का संदेश, श्रेयांसनाथ भगवान को चढ़ाया मोक्ष लड्डू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

रक्षाबंधन का पर्व सनावद के जैन समाज ने केवल भाई-बहन के स्नेह पर्व के रूप में ही नहीं, बल्कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ मनाया। श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ के मोक्ष कल्याणक पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

सुबह मंदिर में श्रीजी का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक पूजन किया गया। मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रेयांसनाथ को भक्तिभाव से लड्डू समर्पित किए। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि श्रावण शुक्ल पूर्णिमा का दिन जैन समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी पावन तिथि पर भगवान श्रेयांसनाथ ने समस्त कर्मों का क्षय कर जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति प्राप्त की थी।

**जब 700 मुनियों पर आया संकट...**

रक्षाबंधन पर्व के ऐतिहासिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए मीना



जटाले ने बताया कि जैन परंपरा में इस पर्व का संबंध 700 मुनियों की रक्षा से जुड़ा है। मुनि अकंपनाचार्य अपने 700 मुनि शिष्यों के साथ हस्तिनापुर पहुंचे थे। विरोधियों द्वारा उनकी साधना में बाधा डालने के लिए संकट खड़ा किया गया, लेकिन मुनियों ने संयम नहीं छोड़ा।

मुनियों पर आए इस संकट की जानकारी मिलने पर मुनिराज विष्णुकुमार ने अपने योगबल से उनकी रक्षा की। इसी घटना की स्मृति में जैन परंपरा में रक्षाबंधन पर्व मनाए जाने की मान्यता है।

**तीन स्थानों पर गूंजा भक्ति का स्वर**

रक्षाबंधन एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर बड़े मंदिर जी के साथ पोदनपुरम नमोकार धाम और मोरटक्का में भी भगवान को लड्डू समर्पित कर धार्मिक आयोजन किए गए।

इस दौरान कमल केके, हेमंत काका, अभिजीत जैन, सुनील पावणा, अशोक पंचोलिया, गोरू मुंशी, कमल जटाले, सुनील मास्टर, सुरेश मुंशी, पुष्पा जैन, अंशुमा जैन, संगम जैन, हेमा मुंशी, ऋतु जैन, नीतू चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्ते के साथ धर्म की रक्षा का संदेश भी दिया गया–यही पर्व की सबसे खास बात रही।



## स्वच्छता और जलापूर्ति में लापरवाही न हो - अर्चना चिटनिस ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शहर में स्वच्छता, नियमित जलापूर्ति और मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों को रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए नगर निगम जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए। यह निर्देश विधायक अर्चना चिटनिस ने दौलतपुरा, नया मोहल्ला और शाह बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। चिटनिस ने वार्डों में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई, नालियों, सड़कों, जलापूर्ति और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर कार्रवाई के निर्देश दिए। रहवासियों ने साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण बेहतर करने और जमा गंदगी हटाने की मांग रखी। चिटनिस ने कहा कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित न रहे, प्रत्येक वार्ड में नियमित और समयबद्ध सफाई दिखनी चाहिए। नगर निगम वार्डवार निगरानी सुनिश्चित करे। नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आग्रह किया। निरीक्षण में कई जगह नलों में टोटी नहीं होने से पानी व्यर्थ बहता मिला। इस पर चिटनिस ने नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को तत्काल टोटियां लगाने और पानी की बबार्दी रोकने के निर्देश दिए। कहा कि जल की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है, जलापूर्ति नियमित और व्यवस्थित रहे।

## सर्व सिंधी समाज गणेश उत्सव समिति की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

सर्व सिंधी समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी सिंधी कॉलोनी मोघट रोड स्थित बगीचा ग्राउंड में सिद्धि विनायक विघ्नहर्ता खंडवा के विघ्नहर्ता की आकर्षण मूर्ति की भव्य स्थापना की जाएगी।प्रथम कड़ी के रूप में गुरुवार सुबह पंडित गोपाल भारद्वाज और पंडित प्रथम भारद्वाज ने समाज के गणमान्य जन और समिति सदस्यों के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना कर श्री गणेश किया। सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी सर्व सिंधी समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा शहर में सर्वश्रेष्ठ गणेश मूर्ति की स्थापना किए जाने का संकल्प लिया गया है।इस संदर्भ में युवा वर्ग की प्रथम बैठक गत रात्रि सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुई।इस बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने विचार मंथन किया साथ ही साथ इस निर्णय पर पहुंचे कि इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना के साथ-साथ विशेष सजा खेल बच्चों के लिए आकर्षक खेल सामग्री सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा,जिससे शहर के विभिन्न जन प्रतिनिधि और उच्च अधिकारी सपरिवार आकर कार्यक्रम का लाभ ले सके।

## 50 लीटर हाथभट्टी कच्ची मदिरा एवं 450 किलो महुआ लहान जप्त

**खण्डवा ।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब के विक्रय, संग्रहण एवं मदिरा परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग खण्डवा की टीम द्वारा गुरुवार को ग्राम टिगरिया में मुखबिरों के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित कर दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही में 5 प्रकरण म. प्र. आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



## मुख्यमंत्री के ओंकारेश्वर आगमन पर मंत्री, विधायकों ने अगवानी की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

विकास की बात भाजपा के साथ ही हो सकती है। भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किये जा रहे हैं, श्रावण के इस पवित्र मास में महाकाल की नगरी उज्जैन के विधायक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सपत्नीक प्रदेश की सुख, समृद्धि, खुशहाली के लिए तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पधारे और मां नर्मदा के दर्शन कर भोले बाबा की पूजा अर्चना की। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि वर्षों तक कांग्रेस ने देश और प्रदेश में राज किया लेकिन कभी भी तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर के विकास की ओर कदम नहीं बढाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के धार्मिक स्थलों के विकास के साथ सौंदर्यीकरण कर रहे हैं, वही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव प्रदेश के कई तीर्थो के साथ तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर विकास के कार्यों पीछे नहीं है करोड़ों रुपए के विकास कार्य ओंकारेश्वर में किए गए हैं, और करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं, बुधवार को मुख्यमंत्री ने साधु संतों की उपस्थिति में पंचायतन मंदिर का भूमि पूजन किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि उज्जैन के सिंहस्थ के चलते तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किया जा रहे है।

## दिगम्बर जैन मंदिर में मनाया मोक्ष कल्याणक, निर्वाण लाडू चढ़ाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

दिगंबर जैन समाज के 11 वे तीर्थंकर भगवान श्री श्रेयांश नाथ जी का आज श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी और सम्मेद शिखर क्षेत्र से योग निरोध कर के कई कोड़ा कौड़ी मुनियों के संग मोक्ष प्राप्त किया था।

इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज द्वारा बड़वानी में विराजित परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज जी की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति, अनघ मति जी,क्षुल्लिका संभाव मति जी माता जी के सानिध्य में प्रातः भगवान के अभिषेक और शांतिधारा नित्य नियम की पूजन संपन्न हुई और 1008 भगवान श्रेयांश नाथ के मोक्ष कल्याणक पर श्रेयांश नाथ विधान पूज्य माताजी की सुमधुर वाणी से बड़ी भक्ति भाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ एवं भगवान का निर्वाण लाडू भी चढ़ाया गया। साथ ही माताजी ने जैन धर्म में रक्षाबंधन के पर्व का क्या महत्व



है और क्यों मनाया जाता है भी बताया, पूज्य माताजी ने बताया कि हस्तिनापुर नगरी में मुनि विष्णु कुमार ने अकम्पनाचार्य और 700 मुनियों पर आए उपसर्ग को अपनी विक्रिया रिद्धि से दूर किया और उन्हें जलने से बचाया ,और बताया कि कैसे राजा बलि के मंत्रियों द्वारा षडयंत्र कर जलाने का प्रयास किया तब विष्णु कुमार मुनि को अपनी ऋद्धि बल से ज्ञात हुआ और उन्होंने अपनी तप बल की शक्ति से छोटे वामन का रूप धर कर तीन पद जमीन मांगी और उन्होंने अपना विशाल रूप कर के एक कदम सुमेरु पर्वत पर ,दूसरा कदम मानुषोत्तर पर्वत पर और जब तीसरा कदम रखने की जगह नहीं मिली तो राजा बलि ने अपने पीठ पर रखने को बोला और वो कांप उठा और उसमें क्षमा माँगी और इस प्रकार विष्णु कुमार मुनि ने 700 मुनियों पर आए उपसर्ग से रक्षा की तथा देवताओं ने क्षमा मांगी राजा बलि ने माफी मांगी तब से ये रक्षा का त्यौहार धर्म की मुनियों रक्षार्थ रक्षा बंधन के रूप में मनाया जाता है ।

जैन मुनियों को इस दिन आहार में खीर का आहार दिया जाता है समाज द्वारा सामूहिक रक्षा बंधन भी मनाया गया।

## न्यूज -कॉलम

### पारिवारिक विवाद में 2 नाबालिग बहनें घायल

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी क्षेत्र से शुक्रवार शाम सानिया पिता बाबू रायकवार 16 साल और उसकी छोटी बहन राशि रायकवार 13 साल को चरक अस्पताल लाया गया। दोनों को धारदार हथियार से चोंट लगी थी। राशि का डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दी, सानिया को पेट में गहरी चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया गया है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। बताया कि दोनों बहनों के घर में पारिवारिक विवाद हुआ था, जिसमें वह घायल हुई है, लेकिन उन्हे चोंट कैसे लगी यह परिवार स्पष्ट नहीं कर रहा था। पुलिस बयान और जांच के बाद घटना का कारण और दोनों बहनों को घायल करने वाले की जानकारी सामने आ पायेगी।

### पैसे की बात पर दुकानदार-ग्राहक के बीच मारपीट

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के मल्हारगढ़ में रमेश पिता गब्बा पंवार 64 साल छोटी किराना दुकान संचालित करता है। देर शाम गांव का रहने वाला गोविंद पिता भैरूलाल बागरी 32 साल दुकान पर पहुंचा और सामान उधार मांगने लगा। रमेश ने पैसे नहीं होने पर दुकान से जाने की बात कहीं। गोविंद ने कल पैसे देने को कहा, इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। गोविंद ने थप्पड़-मुक्कों से पीटकर रमेश को घायल कर दिया। रमेश ने सरिये से गोविंद पर वार किया। दोनों के बीच मारपीट का मामला पुलिस के पास पहुंचा तो क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। रमेश का कहना था कि पूर्व में भी सामान लेकर गया था और पैसे नहीं दिये थे। इसलिये सामान देने से मना कर दिया था, जिसके चलते उसके द्वारा मारपीट की गई है।

### होटल में हिस्सेदारी को लेकर पिता-पुत्र में हुआ विवाद

**उज्जैन।** नानाखेडा थाना क्षेत्र के लालगेट के पास होटल कनिष्क का संचालन मांगीलाल पिता सीताराम मंडलोई 70 साल निवासी वृंदावनधाम कालोनी द्वारा किया जाता है। दिन उनका पुत्र पंकज मंडलोई होटल पहुंचा था, जहां दोनों पिता-पुत्र में हिस्सा मांगने पर विवाद हो गया। पिता मांगीलाल ने थाने पहुंचकर पुत्र पंकज के खिलाफ होटल में हिस्सा देने से मना करने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस द्वारा मामला पारिवारिक होने के साथ सीनियर सिटीजन द्वारा की गई शिकायत पर जांच शुरू की गई है।

### खाकचौक पर बुजुर्ग के साथ बदमाश ने की मारपीट

**उज्जैन।** इंदिरानगर शाखा मैदान के पास रहने वाले समाधान पिता मनोहरलाल सोनी 52 साल मंगलनाथ मांर्ग स्थित खाकचौक पर दादी दाल-बाटी चूरमा रेस्टोरेंट का संचालन करते है। दोपहर में रेस्टोरेंट पर बदमाश राकेश पहुंचा और शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा। समाधान सोनी ने मना किया तो बदमाश ने गाली-गलौच करते हुये मारपीट की और भाग निकला। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। शराब के पैसे नहीं देने पर मारपीट का दूसरा मामला तराना थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गुर्जर ढाबा तोबरीखेडा रोड पर चरण पिता गंगाराम गुर्जर 42 साल ग्राम डोबरा का रास्ता 3 से 4 बदमाशों ने रोका और शराब के रूपये मांगे। नहीं देने पर मारपीट की और भाग निकले।

### दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को आज पेश करेगी पुलिस

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग लक्की दरबार ढाबे पर 26-27 अगस्त की रात चाकू मारकर राहुल दरबार और जितेन्द्र उर्फ टम्मू पंवार की हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम में दोनों मृतकों के दो साथी श्रवण राव और पप्पू जाट घायल हो गये थे। पुराने विवाद को लेकर दो गुटों में विवाद सामने आने के बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने श्रवण की शिकायत पर हत्या और बलवा का प्रकरण दर्ज कर अर्पित अटल, शक्तिसिंह अटल, राघव बैरागी, संजय परमार, अन्ना उर्फ अनिल कछवाह को हिरासत में ले लिया था। पांचों से पूछताछ कर हमले में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ जारी है आज न्यायालय में पेश कर कुछ को रिमांड पर लिया जा सकता है। मामले में पुलिस को सोनू बंजारा की तलाश है, जिसके कई ठिकानों पर दबिश मारी गई है। घटनाक्रम में आरोपियों की संख्या 15 के लगभग पहुंच सकती है।

### दुर्घटना में घायल को इंदौर किया गया रैफर

**उज्जैन।** लालपुर-धतरावदा मार्ग पर बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड एक्स 0473 पर सवार इसराइल पिता नियाज पटेल निवासी ग्राम खेत्याखेडी को तेजगति से दौडती कार ने टक्कर मार दी थी। घायल इसराइल को निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर इंदौर रैफर कर दिया गया। नागझिरी थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 247-3 | 480-0 |
| मेन बाजार | 367-6 | 126-9 |
| कल्याण नाइट | 566-7 | 447-5 |
| मिलन डे | 168-5 | 170-8 |
| मिलन नाइट | 490-3 | 270-9 |
| मधुर डे | 348-5 | 269-7 |
| मधुर नाइट | 669-1 | 790-6 |
| शुभांक | 6 8 | 3 |

## रात 2 बजे मारा चाकू तड़के 5.30 बजे मिली लाश...

# दमदमा में महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम संचालक की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दमदमा जिला पंचायत कार्यालय के पास गुरूवार-शुक्रवार रात महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम संचालक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। जान बचाकर अंधेरे में भागे संचालक की कुछ दूरी पर गिरने के बाद मौत हो गई। तडके 5.30 बजे सर्चिंग में उसकी लाश मिली। विवाद में 2 दोस्त भी घायल हुये है। जो घटनाक्रम के बाद मौके से माधवनगर थाने चले गये थे।

ऋषिनगर में रहने वाला यश पिता विजयनारायण मित्तल 27 साल मूलरूप से तराना का रहने वाला था। वह कृषि उपजमंडी मंडी में महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम का संचालन करता था। रात 2 बजे कोटक महेन्द्रा लाईफ इंश्योरेंशन में सिनियर मैनेजर अमित पालीवाल दोस्त हिमांशु जोशी, मंगल वर्मा, प्रियांश देवडा कार से तरणताल के सामने से गुजरते हुये लक्ष्मीनगर जा रहे थे। तरणताल के पास यश मित्तल और अभय व्यास एक्टीवा गाडी से मिले, सभी दोस्त थे। यश ने अपनी एक्टिवा खडी की और दोस्तों के साथ कार में सवार होकर दमदमा जिला पंचायत कार्यालय से होकर लक्ष्मीनगर जाने लगे। दमदमा मो? पर 7-8 लडके रास्ते में खडे थे, जिनकी बाइक बीच में लगी थी। कार में सवार हिमांशु ने हार्न बजाकर लडकों को बाइक साइड में करने को कहा। इसी बात पर लडकों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। लडको ने उनकी कार का कांच पत्थर मारकर फोड दिया। विवाद बडता देख सभी दोस्त कार से उतरे तो लडकों ने चाकू खोल लिये और हमला कर दिया। यश के पैर और सीने पर चाकू लगा,वह जान बचाने के लिये भागा, उसके दोस्तों पर पर चाकू-पत्थरों से हमला किया गया। जिसमें मंगल के हाथ पर चाकू लगा और प्रियांश के सिर में पत्थर से चोंट लगी सभी अलग-अलग दिशा में भागे।

अमित पालीवाल और उसके दोस्त माधवनगर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना बताई। यश दूसरी दिशा में भागा था जिसके चलते वह नहीं मिला उसे चाकू लगे थे। पुलिस यश की तलाश में दमदमा पहुंची और तलाश में सर्चिंग शुरू की। तडके 5.30 बजे जिला पंचायत गेट के पास फोटोकापी की दुकान के पीछे यश मित्तल खून से लथपथ हालत में मिला उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। माधवनगर थाना पुलिस ने अमित पालीवाल की शिकायत पर हत्या की धारा 103(1), 115 (2), 296 (बी), 324 (4), 191 (2), 191 (3), 118 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर लिया।





### आरोपियों के सामने आये नाम, 4 हिरासत में

पुलिस को शिकायत दर्ज कराने वाले दोस्तों ने बताया कि साइड मांगने पर हुये विवाद के दौरान चाकू मारने वालो ने अपने नाम आयुष शर्मा, विजयसिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर, सेंटु, आकाश रायकवार, करन, सागर बताये थे और धमकी भरे अंदाज में बोले कि यह दमदमा है, यहां हमारे बारे में पता कर लेना हम कौन है। पुलिस ने नाम सामने आने पर प्रकरण में सभी को नामजद किया, जो दमदमा क्षेत्र के रहने वाले सामने आये। त?के ही माधवनगर थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश में उनके घरों पर दबिश देना शुरू कर दिया था। कुछ घंटे बाद विजय ठाकुर, करण गाठिया, विशाल ठाकुर, सागर तनोरिया को हिरासत में ले लिया। जिनसे पूछताछ कर उनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### परिजन बोले चेन-अंगूठी पर्स गायब

पोस्टमार्टम के दौरान मृतक यश मित्तल के चाचा प्रवीण मित्तल ने बताया कि यश के गले में पांच तोला वजनी चेन, हाथ में 8 ग्राम की अंगूठी पहनता था, जो नहीं मिली है। उसका पर्स भी गायब है, जिसमें करीब 15 से 18 हजार रूपये रखे हो सकते है। हमला करने वालों ने चेन-अंगूठी और पर्स भी लूट लिया है। इस संबंध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। चाचा प्रवीण का कहना था कि यश ऋषिनगर में भाई-भाभी के साथ रहता था, उसी शादी नहीं हुई थी।

# केन्द्रीय जेल में रक्षाबंधन पर दिखा भाई- बहन का स्नेह

## 1216 बंदियों के कलाई पर सजी राखी, 30 भाई भी पहुंचे जेल





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रक्षाबंधन पर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में शुक्रवार को भाई-बहन के स्नेह का भावुक करने वाला नजारा दिखाई दिया। कुछ की आंखे नम थी, कुछ निशब्द थी लेकिन रक्षाबंधन का उत्साह चेहरे पर बना हुआ था। जेल परिसर में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी।

केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि रक्षाबंधन पर जेल बंदी भी पर्व मना सकेगें। इसको लेकर बहनों के लिये विशेष व्यवस्था की गई थी। रक्षाबंधन पर वर्षो से जारी भाई-बहनों की मुलाकात और कलाई पर राखी बांधने की व्यवस्था की थी। प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेल परिसर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व मनाया गया। बहनों को जेल प्रशासन की ओर से स्टील की थाली, राखी, कुमकुम, चावल, फूटा हुआ नारियल, 250 ग्राम मिठाई, एक फल जेल की केंटिन से उपलब्ध कराया गया था। करीब 6 घंटे चले रक्षाबंधन पर्व के दौरान 1216 बंदियों की कलाई पर 3439 बहनों ने रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान किसी की आंखे नम थी तो कोई बहन निशब्द रही। सभी बंदियों से उनकी बहनों की 15 मिनट तक मुलाकात भी कराई गई। बहनों ने बंदी भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उपहार के रूप में बुराई त्यागने और अच्छे नागरिक बनने का वचन मांगा। बहनों के साथ 1429 बच्चे भी अपने मामा से मिलने पहुंचे थे। पूरे आयोजन को पारिवारिक माहौल में तय किया गया था। इस दौरान उपजेल अधीक्षक (प्रशासन) जसमनसिंह डावर, परिवीक्षा अधिकारी वनिता तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय, अंतिम बिरला, प्रिंससिंह और जेल स्टॉफ मौजूद था।

### 58 बंदी बहनों से मिले 30 भाई

रक्षाबंधन पर केन्द्रीय जेल में 58 महिला बंदी भी शामिल है, रक्षाबंधन पर उनसे मुलाकात करने और रक्षासूत्र बंधवाने के लिये 30 भाईयों के साथ 36 बहनें पहुंची थी। उन्हे भी जेल नियमों के अनुसार मुलाकात कराई गई। जेल अधीक्षक के अनुसार रक्षाबंधन से पहले नियमों का पालन करने के निर्देश जारी कर दिये गये थे। जिसके चलते जेल आने वाले सभी भाई-बहनों का पंजीयन किया गया और तलाशी के बाद उन्हे परिसर में प्रवेश दिया गया।

## सात समंदर पार से आई गणेशजी के लिए राखियां

**उज्जैन** रक्षाबंधन पर बड़ा गणेश मंदिर में देश-विदेश की बहनों की आस्था देखने को मिलेगी। भगवान गणेश को भाई मानने वाली श्रद्धालुओं ने मुंबई, जयपुर से लेकर अमेरिका, लंदन और हांगकांग तक से राखी भेजी है। इस बार भगवान गणेश को 51 फीट लंबी भव्य राखी अर्पित की जाएगी। धर्मनगरी उज्जैन में रक्षाबंधन का पर्व आस्था, संस्कृति और पारिवारिक भाव का अनूठा संगम बनकर उभरा है। विश्वप्रसिद्ध महाकाल मंदिर के समीप स्थित प्रसिद्ध बड़ा गणेश मंदिर में इस बार भी रक्षाबंधन पर एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान गजानन को अपना सगा भाई मानने वाली बहनों ने न केवल देश के विभिन्न राज्यों, बल्कि सात समंदर पार से भी रक्षासूत्र भेजे हैं।

15 फीट ऊंची भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा वाले इस ऐतिहासिक मंदिर में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। पंडित अक्षत व्यास के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती को जगत माता-पिता माना जाता है, इसी भाव से महिलाएं भगवान गणेश को अपना भाई मानती हैं। इस वर्ष विघ्नहर्ता के लिए मुंबई, बेंगलुरु, जयपुर, कोलकाता, भोपाल और इंदौर के अलावा अमेरिका, लंदन और हांगकांग से भी भव्य राखियां पहुंची । रक्षाबंधन पर भगवान गणेश को 51 फीट लंबी बेहद भव्य और विशेष राखी अर्पित की जाएगी। मुंबई की श्रद्धालु राजकुमारी जैन द्वारा भेजी गई सोने की गिन्नी से सुसज्जित राखी भगवान की कलाई पर सजाई जाएगी। यह परंपरा केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि बहने पूरे परिवार के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करती हैं। भगवान गणेश की पत्नियों रिद्धि और सिद्धि को भाभी का दर्जा देते हुए बहनों ने उनके लिए रेशमी साड़ियां भेजी हैं। गजानन के वाहन मूषक महाराज के लिए विशेष नक्काशीदार आसन भेंट स्वरूप भेजे गए हैं। ज्योतिषाचार्यों और पंचांग गणना के अनुसार, इस बार भद्रा का साया 27 अगस्त की रात को ही समाप्त हो जाएगा। 28 अगस्त (श्रावण शुक्ल पूर्णिमा) को पूरे दिन और प्रदोष काल में भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। ऐसे में श्रद्धालु बिना किसी विघ्न के शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश को रक्षासूत्र अर्पित कर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे।

### 31 अगस्त से होगी श्री राम विवाह कथा, 2 सितंबर को निकलेगी राजसी सवारी




**उज्जैन।** मित्रता के साक्षी श्री कृष्ण-सुदामा धाम नारायणा में जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां प्रशासन और मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की धाम के प्रति विशेष आस्था है और वे प्रतिवर्ष आयोजन में शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन और दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासक अजय हिंगे, महिदपुर एसडीएम और मंदिर समिति के सदस्यों की लगातार बैठकें हो रही हैं। डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा से शुरू होने वाले इस महोत्सव का समापन जन्माष्टमी की मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती और महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। आयोजन के दौरान संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिदिन रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के तहत 31 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक अयोध्या वासी संत मीरा दीदी के मुखारविंद से श्री राम विवाह महोत्सव कथा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 2 सितंबर को दोपहर 4 बजे मंदिर से राजसी सवारी निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण कर पुन: मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। शुक्रवार 28 अगस्त को धाम में भव्य ध्वज उत्सव मनाया गया। ध्वज उत्सव के लाभार्थी ईश्वर चौधरी गुराडिया सांगा रहे। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# सगाई टूटने की रंजिश में चाचा के सीने में घोंपा था चाकू

## सेवानिवृत्त चिकित्सक हत्याकांड का खुलासा, एक रिमांड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक हत्याकांड की गुत्थी को चार दिनों की मशक्कत के बाद पुलिस ने सुलझा लिया। घटनाक्रम के बाद से भतीजों पर संदेह बना हुआ था, जिनसे लगातार पूछताछ और तकनीकी सक्ष्यों के आधार पर दोनों को हत्या का आरोपी बनाया गया। शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर एक को रिमांड पर लिया गया, दूसरे को जेल भेजा गया है।

23 अगस्त की सुबह घट्टिया थाना क्षेत्र के बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजराजसिंह तोमर 70 साल की लाश घर में पलंग पर खून से सनी मिली थी। घटनास्थल पर चाकू पड़ा था, सीने में चाकू के गहरे घाव थे। प्रारंभिक जांच में पता चला था कि भतीजों से जमीन को लेकर 2 दिन पहले विवाद हुआ था और हत्या की धमकी दी गई थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के दो भतीजो विनायक तोमर निवासी घट्टिया और राहुल तोमर ग्राम डाबरी को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया था। लेकिन दोनों से कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों पर जांच शुरू की गई तो सामने आया कि विनायक के मोबाइल पर उसकी मंगेतर के परिवार ने 15 से अधिक पन्नों का पत्र भेजा था, जो उन्हे बाय पोस्ट मिला था। जिसमें विनायक की बुराई लिखी गई थी। पुलिस ने उक्त पत्र के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया तो हत्या की परतें खुलने लगी। पुलिस के सामने आया कि विनायक को शंका थी कि चाचा ने उसकी सगाई तुडवाने के लिये मंगेतर का पत्र पोस्ट किया था। जमीन को लेकर 2 दिन पहले हुये विवाद में उक्त पत्र को लेकर भी कहासुनी हुई थी। पुलिस ने पत्र को आधार बनाकर और सख्ती से पूछताछ की तो हत्या का खुलासा हो गया। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि सगाई टूटने की रंजीश और जमीन विवाद में दोनों भतीजों द्वारा साजिश रचकर हत्या को अंजाम दिया गया था। दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से विनायक को रिमांड पर लिया गया है। राहुल को जेल भेजा गया है।

### जमीन नाम करना चाहते थे दोनों

बताया यह भी जा रहा है कि मृतक चिकित्सक की 2 बेटियां है, जिनकी शादी हो चुकी है। एक पुत्र विदेश में है। चिकित्सक के पास 22 बीघा के करीब जमीन है। दोनों भतीजे जमीन भी अपने नाम करना चाहते थे। जिसका लेकर पूर्व में उनके बीच कई बार विवाद हो चुका था। दोनों भतीजों का पूर्व में अपराधिक रिकार्ड भी सामने आया है।

# रक्षासूत्र में बंध जाएं



रक्षाबंधन केवल सामाजिक अनुपालन नहीं है, इसमें गुरु-शिष्य और परमेश्वर-भक्त के बीच के प्रेम एवं श्रद्धा का भी समावेश है। अज्ञान के रोग और मन के बंधनों से मुक्ति केवल गुरु ही दिला सकते हैं। इसलिए गुरु को राखी, रक्षा सूत्र बांधना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसे भक्त अपने आराध्य को प्रेम के सूत्र से बांधकर प्रार्थना करता है, प्रभु, आप ही मेरे रक्षक हो, आप ही मेरी रक्षा करो। उसी प्रकार, शिष्य भी अपने गुरु को राखी बांधकर निवेदन करता है, गुरुदेव! मेरे मन के क्लेशों और अज्ञान से मुक्ति आपके पास है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें, तो रक्षाबंधन का त्योहार द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा से गहरे जुड़ा है। शिशुपाल वध के समय जब श्रीकृष्ण की अंगुली से रक्त बहने लगा, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण की अंगुली पर बांध दिया। श्रीकृष्ण ने बदले में उन्हें वचन दिया कि जीवन में जब कभी भी वह पुकारेंगी, वह उनकी रक्षा के लिए अवश्य आएंगे। तब से राखी प्रेम और रक्षा का पवित्र बंधन बन गया। जाहिर है, हर भाई श्रीकृष्ण जैसा और हर बहन द्रौपदी जैसी नहीं हो सकती, परंतु इस पर्व का सार प्रेम है। जब बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधे, तो उसे केवल भाई के रूप में नहीं, बल्कि ईश्वर के अंश के रूप में देखे। इससे न केवल श्रद्धा और प्रेम बढ़ते हैं, बल्कि भाई को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास होता है। यदि घर में भाई न हो, तो बहन अपनी बहन को भी राखी बांध सकती है। रक्षा सूत्र की असली शक्ति भाव और आशीर्वाद में है। असली रक्षक, असली समर्थक वही प्रभु हैं, जो हमारे भीतर ही विराजमान हैं।

बहन भाई की कलाई पर जो धागा बांधती है, उसमें उसका विश्वास और आशीर्वाद जुड़ा होता है। यह संबंध किसी पर आश्रित होने का नहीं, बल्कि एक-दूसरे की शक्ति बनने का है। कुछ लोग मानते हैं कि राखी इसलिए बांधी जाती है, क्योंकि स्त्रियां कमजोर होती हैं और उन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है। यह सोच स्त्रियों के सम्मान के विपरीत है। राखी दासता का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रेम और जिम्मेदारी का उत्सव है। आधुनिक दृष्टि से देखें, तो यह संतान के आपसी प्रेम-भाव का दिन है-चाहे भाई-बहन हों, बहन-बहन या भाई-भाई। यही आपसी स्नेह परिवार को पूर्णता देता है।

आधुनिक समय में, जब केवल एक संतान पैदा करने की सोच बढ़ रही है, तब आप स्वयं सोचिए कि वह बच्चा किसके समक्ष अपनी भावनाएं व्यक्त करेगा। यही कारण है कि ऐसे संस्कार खोते जा रहे हैं। इसलिए भाई-बहन का रक्षाबंधन केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्य भी गढ़ता है। परिवार जितना समृद्ध होगा, ये मूल्य उतनी ही गहरे से स्थापित होंगे।



सम्पादकीय

## त्राहिमाम

नेपाल की भोटे कोशी और त्रिशूली नदियों में अचानक आई विनाशकारी बाढ़ के चलते जान गंवाने वालों की संख्या का बढ़ते जाना बहुत दुखद और चिंताजनक है। त्रासदी इतनी व्यापक है कि क्षति के बारे में अनुमान लगाना आसान नहीं है। आशंका है, जान गंवाने वालों की संख्या चार अंकों में होगी। चीन को ही अभी अंदाजा नहीं है कि जान-माल की कितनी हानि हुई है, तो नेपाल के बारे में क्या कहा जाए? दुख की इस घड़ी में भारत हर तरह की मदद लिए नेपाल के साथ खड़ा है। सहायता सामग्री भेजने का क्रम लगातार जारी है। अमेरिका और दुनिया के अन्य देश भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं, मगर स्थानीय स्तर पर मदद पहुंचाना बड़ी चुनौती है। सड़कें गायब हो गई हैं, पुल बह गए हैं। यह समय है, जब नेपाल को ज्यादा से ज्यादा वैश्विक मदद मिले, ताकि उसके प्रभावित इलाकों को फिर से व्यवस्थित किया जा सके। फिलहाल नेपाल की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। विदेश से आने वाले धन, कम घरेलू उत्पादन और कम पूंजीगत व्यय के चलते उसकी अर्थव्यवस्था चुनौतियों से गुजर रही है।

आखिर यह आपदा क्यों घटित हुई? इसके बारे में अभी भी अलग-अलग राय हैं। अमेरिकी वैज्ञानिकों का मानना है, ग्लेशियर के ढहने से भूकंपीय गतिविधि शुरू हुई। नेपाल के विदेश मंत्री का भी यही मानना है। गौर करने की बात है कि नेपाल में जिस तरह से चीन को जिम्मेदार माना जा रहा है, यह चीन को अच्छा नहीं लगा है। वैसे, चीन को अभी राहत और बचाव पर पूरा ध्यान देना चाहिए। चीन की मानें, तो 558 से ज्यादा उसके नागरिक भी इस हादसे में बह गए हैं। चीन की प्राथमिकता अपने लोगों को बचाने की होगी और वह आगे के लिए ज्यादा सतर्क दिख रहा है। उसे यह अच्छे से पता है कि तिब्बत में ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां अगर हादसा हो, तो नेपाल को त्रासदी झेलनी पड़ेगी। चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने आपदा स्थल के उत्तर-पूर्व में चोचेन खोला और पुरेपु त्सांगपो नदियों के संगम पर स्थित झील की निगरानी बढ़ा दी है। 20 लाख घन मीटर जल भंडार वाली यह चीनी बैरियर झील पहले ही उफान पर है। अगले तीन दिन में इसमें 30 लाख घन मीटर पानी और आने की आशंका है। अगर यह पानी आया, तो निचले हिस्से में शुरू हुए बचाव कार्य बाधित हो जाएंगे, तब नेपाल के लिए यह और भी बड़ी त्रासदी हो जाएगी। ऐसे किसी भी अगले हादसे को रोकने के लिए चीन को अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### संदर्भः नेपाल में बाढ़ से तबाही

# तिब्बत के सैलाब से नेपाल में जल प्रलय



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय दर्शन के अनुसार मानव सभ्यता का विकास हिमालय और उसकी नदी-घाटियों से माना जाता है। ऋषि-कश्यप और उनकी दिति-अदिति नाम की पत्नियों से मनुष्य की उत्पत्ति हुई। फिर देव, असुर और मानव के विकासक्रम का सिलसिला शुरू हुआ। सिंधु और सारस्वत सभ्यता के विकास क्रम की शुरूआत हुई। इस विकसित क्षेत्र को आर्यावर्त कहा जाता था, जो आयार्ना से लेकर नेपाल और सप्त सिंधु क्षेत्र तक फैला था। मोहनजोदड़ों और हड़प्पा जैसे विकसित नगर सिंधु व रावी नदियों के तट पर थे। इन्हीं नदियों से बढ़ती आबादी को शुद्ध और पौष्टिक पानी दिया गया और हिमालय में बांध बनाए गए। आरंभ में यह विकास धीमा था और विकास को आगे बढ़ाने के लिए हिमालय में कोई भू-गर्भीय खुदाई नहीं की गई थी। किंतु आगे चलकर भोग और उपभोक्तावादी संस्कृति को विकास का पैमाना मान लिया गया। नतीजतन सरस्वती और दृश्द्वती नदी क्षेत्र में बर्फ के बड़े-बड़े शिलाखंड गिरने से बाढ़ ने समूचे ब्रह्मावर्त और आर्यावर्त में प्रलय ला दिया। इतने बड़े रूप में सृश्टि के विनाश की यह बड़ी घटना थी, जिसका उल्लेख सभी धर्मों के ग्रंथों में मिलता है। नेपाल की तबाही को ऐसी ही प्रलय का कारण माना जा रहा है। क्योंकि इस प्रलय का कारण केवल बारिश नहीं है।

नेपाल की इस त्रासदी के मूल में एक के बाद एक तीन मिनट के अंतराल से घटी दो घटनाएं हैं। हिमालय के तिब्बत क्षेत्र में सुबह 8:37 बजे 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। नेपाल और चीन की सीमा पर हिमखंड का बड़ा हिस्सा टूट गया। इसके मलबे ने ल्हेंदे नदी के जल प्रवाह का मार्ग रोक दिया। अतएव जल के भंडारण से एक अस्थायी झील का निर्माण हो गया। पानी के भारी दबाव के चलते झील फूट गई। इसके फूटते ही पानी बर्फ की शिलाएं और मलबे का तेज सैलाब नीचे आया। करीब 8:40 बजे भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में बाढ़ आ गई। इससे रसुवा और नुवाकोट के एक दर्जन से ज्यादा इलाके प्रभावित हुए। इतनी ही जल विद्युत परियोजनाएं नष्ट हो गई। 170 लोग मरने की खबर हैं और करीब 1000 लोग लापता हैं। कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर निकले भारतीय यात्री संकट में हैं। इनमें से 59 यात्रियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। 391 विदेशी और 93 नेपाली नागरिक भी प्रभावित हैं। इन्हीं में 133 भारतीय नागरिक हैं। इस त्रासदी को 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ घाटी में आए जल प्रलय का पर्याय माना जा रहा है।

दरअसल वर्तमान में समूचा हिमालयी क्षेत्र आधुनिक विकास और जलवायु परिवर्तन के खतरों से दो-चार हो रहा है। मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले उपग्रह चाहे जितने आधुनिक तकनीक से जुड़े हों, वे अनियमित हो चुके मौसम के चलते बादलों के फटने, हिमखंडों के टूटने और भारी बारिश होने की क्षेत्रवार जानकारी देने में अब तक असमर्थ ही रहे हैं। इसीलिए 2013 में केदारनाथ प्रलय, 2014 में दुनिया का स्वर्ग माने जाने वाले जम्मू-कश्मीर राज्य की नदियों की बाढ़ से नरक में बदल जाने के संकेत नहीं मिल पाए थे। वर्शा की तीव्रता ऐसी मुसीबत बनी थी कि देखते-देखते स्वर्ग की धरती पर इठलाती-बलखाती नदियां झेलम, चिनाब और तवी ने अपनी प्रकृति बदलकर रौद्र रूप धारण कर लिया था। राज्य का जर्रा-जर्रा विनाश की कुरूपता में तब्दील हो गया था। अलगाववाद का प्रपंच अलापने में लगी राज्य सरकार का तंत्र पंगु हो गया था। तब सेना की मदद से इस भीषण त्रासदी से पार पाना संभव हो पाया था। इसी तरह 2021 में नंदादेवी राष्ट्रीय उद्यान के निकट हिमखंड के टूटने से ताबाही मची थी। इससे धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आई और तपोवन विश्णुगाड पनबिजली परियोजना में काम कर रहे अनेक मजदूर काल के गाल में समा गए थे। हिमाचल प्रदेश में भी भू-स्खलन, बादल फटने और भारी बारिश से तबाही देखने में आ रही है। नेपाल की ल्हेंदे नदी में 14 माह के भीतर दूसरी बार बाढ़ आई है। आठ जुलाई 2025 की बाढ़ को नेपाल के मौसम विभाग ने उपग्रह से ली तस्वीरों के आधार पर हिमनदों के फटने से जोड़ा था। इस बार भी त्रासदी की यही प्रमुख वजह मानी जा रही है। समूची दुनिया में मौसम से जुड़ी तकनीकें सटीक जानकारी नहीं दे पा रही हैं।

मौसम विज्ञानी जता रहे हैं कि मानसून में रुकावट आ जाने से बादल पहाड़ों पर इकट्ठे हो जाते है और यही मूसलाधार बारिश और हिमखंड टूटने का कारण बनते हैं। यह तबाही इसी का परिणाम है। तबाही के कारण मानसून पर डालकर जिम्मेबार जवाबदेही से नहीं बच सकते। केदारनाथ में बिना मानसून के रुकावट के ही तबाही आ गई थी। अतएव यह कहना बेमानी है कि मानसून की रुकावट तबाही में बदली ? हकीकत में तबाही के असली कारण समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में जल विद्युत संयंत्र और रेल परियोजनाओं की जो बाढ़ आई हुई है, वह है। इन योजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी छोटी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित पहाड़ दरकने लगे हैं, जिन पर हजारों साल से मानव बसाहटें अपनी ज्ञान-परंपरा के बूते जीवन-यापन करने के साथ हिमालय और वहां रहने वाले अन्य जीव-जगत की भी रक्षा करते चले आ रहे हैं। हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें, इस दृष्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी-सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। इस सूक्त में राष्ट्रीय आवधारणा एवं वसुधैव कुटूम्बकम की भावना को विकसित, पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिशें की हैं। लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया। पहाड़ों में अतिवृष्टि के चलते हिमखंड और नदियों में झीलें अस्तित्व में आ जाती हैं। नेपाल त्रासदी की घटना में हिमखंड टूटने से झील का बनना और टूटना हैं। हिमालय में झील, तालाब और हिमनदों का बनना एक आश्चर्यजनक किंतु स्वाभाविक प्रक्रिया है।

इस आपदा ने यह जरूर जता दिया है कि नेपाल से लेकर उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों के खतरे बढ़ रहे है। राज्य में करीब 1266 ऐसी झीलें हैं। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने उत्तराखंड में 13 हिमनदों को खतरनाक श्रेणी के रूप में चिन्हित किया है। इनमें से पांच को उच्च संकट की श्रेणी में रखा है। हालांकि यह मुद्दा कोई नया नहीं है। 2013 में केदारनाथ जल प्रलय के बाद यह मुद्दा महत्वपूर्ण हो गया था। क्योंकि चैड़ाबाड़ी ग्लेशियर झील के फटने से केदारनाथ में भीशण तबाही आई थी। इसके बाद से ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित हिमनदों की निगरानी और इनसे बचाव के लिए अध्ययन करने की दिशा में पहल की गई थी।

## नीली रस्सी

विकास खंड अधिकारी के कार्यालय के मुख्य दरवाजे के पास हर सोमवार को पचहत्तर साल के बद्री प्रसाद अपनी लाठी टेकते हुए आ खड़े होते थे। उनके कंधों पर पुरानी बोरी में मुड़ी-तुड़ी नीली प्लास्टिक की एक शीट और दो बालिश्त लंबी नीली रस्सी बंधी होती थी जिसे वे बड़े सहेजकर अपने पास रखते थे। दफ़्तर का नया चपरासी जब भी उन्हें वहाँ आकर बैठते देखता तो चाय का कुल्हड़ मेज पर रखते हुए ठहाका लगाकर कहता कि बाबा इस फटी नीली तिरपाल और रस्सी को रोज यहाँ धूप में सुखाने से क्या तुम्हारा पक्का मकान बन जाएगा जो हर हफ़्ते यहाँ हाज़िरी लगाने चले आते हो। बद्री प्रसाद अपनी पुरानी ऐनक के शीशे को कुर्ते के कोने से साफ करते और बहुत शांत स्वर में उत्तर देते कि बेटा इस फटी प्लास्टिक की शीट और रस्सी में मेरे जीवन का वो सबसे बड़ा सच छुपा है जिसकी गाँठ तुम्हारे अफसरों के कागजों में उलझ कर रह गई है। दफ़्तर में आने वाले तमाम फरियादी और ठेकेदार उनका मजाक उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बूढ़े का दिमाग उम्र के साथ सठिया गया है जो इस मामूली पन्नी को अपनी ढाल बनाकर पूरी पंचायत से मुकाबला करने चला है। बद्री प्रसाद किसी की कड़वी बात का बुरा माने बिना उस नीली रस्सी को अपनी उंगलियों से सहलाते और चुपचाप पीपल की छांव में खड़े रहकर फाइलों का इंतजार करते रहते थे।

ब्लॉक के सभी कर्मचारी बद्री प्रसाद के इस अनूठे नियम से पूरी तरह वाकिफ हो चुके थे और उन्हें एक हठी बुजुर्ग मानकर अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी फाइलों का ढेर लेकर अपने केबिन की तरफ बढ़ता तो बद्री प्रसाद बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और कहते कि बाबू जी क्या आज उस प्रधानमंत्री आवास योजना वाले कागज पर साहब की मुहर लग गई। बाबू गुस्से में चश्मा उतारकर डांटते हुए कहता कि अरे बाबा जब तक जीपीएस लोकेशन वाली फोटो की जांच पूरी नहीं होगी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 अगस्त 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:12 सूर्यास्त 18:43
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - एकम 09:57 उपरांत दुतिया
नक्षत्र-पूर्वाभाद्रपद 03:42 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - सुकर्मा 06:36 उपरांत धृति 05:21 उपरांत शूल
करण - कौलव
चन्द्रमा - कुंभ में है। 21:38 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास-रवि उलावल मास 15 तारिख

**मेष-** नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, कार्यक्षमता से अधिकारी प्रभावित करेंगे। व्यापार विस्तार की योजनाएं सफल होंगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर होगा। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन-** नए प्रोजेक्ट्स की शुरूआत के लिए दिन श्रेष्ठ है। कारोबारी हैं तो व्यावसायिक यात्राएं लाभदायक रहेंगी।

**कर्क-** प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। आर्थिक लाभ की स्थिति बनी रहेगी। मानसिक शांति मिलेगी।

**सिंह-** आपकी नेतृत्व क्षमता का लोहा माना जाएगा। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या-** कारोबार में मुनाफे में बढ़ोतरी होगी। नए सौदे तय हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ सुखद यात्रा के योग हैं।

**तुला-** आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। नया निवेश लाभदायक रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक-** कार्यस्थल पर अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु-** कारोबारी हैं तो संपत्ति या अचल संपत्ति से जुड़े सौदों में लाभ होगा। परिजनों के साथ खुशनुमा समय बीतेगा।

**मकर-** धन संचय करने में सफलता मिलेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ-** कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। अटके हुए कार्य गति पकड़ेंगे।

**मीन-** कारोबार में नए एग्रीमेंट या सौदे मिलने के योग हैं। दांपत्य जीवन में सुख और सामंजस्य बना रहेगा।

समसामयिक

# पैसा कमाने की दौड़ में कहीं जिंदगी तो नहीं हार रहे हम?



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

सवाल सिर्फ व्यवस्था से नहीं, हमसे भी है आदमी आखिर क्यों भाग रहा है? दिन-रात क्यों काम कर रहा है? किसके लिए इतना पैसा कमा रहा है? क्या कभी उसने रुककर खुद से पूछा है कि जिस धन को जोड़ने के लिए वह अपना स्वास्थ्य, परिवार, सुकून और प्रकृति तक दांव पर लगा रहा है, वह पैसा आखिर उसके किस काम आएगा?

पैसा जीवन की जरूरत है, लेकिन जीवन का विकल्प नहीं। धन से घर, सुविधाएं और इलाज खरीदा जा सकता है, लेकिन स्वस्थ शरीर, स्वच्छ हवा, साफ पानी और बीता हुआ समय नहीं खरीदा जा सकता। आज सुविधाएं बढ़ रही हैं, बाजार बढ़ रहे हैं और कमाई के साधन भी बढ़ रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारा स्वस्थ जीवन भी उसी अनुपात में बढ़ रहा है?

कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को एक कठोर सबक दिया था। उस दौर में पैसा, पद और प्रतिष्ठा पीछे छूट गए थे और इंसान के लिए सबसे कीमती चीज एक-एक सांस बन गई थी। महामारी का दौर गुजरने के बाद हम फिर उसी तेज दौड़ में लौट आए। सवाल है-क्या हमने उस अनुभव से वास्तव में कुछ सीखा?

दूसरी ओर पर्यावरण का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पेड़ों की कटाई, वायु प्रदूषण, जलस्त्रोतों का प्रदूषण और प्लास्टिक कचरा हमारे सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़ा है। सुविधा और विकास की दौड़ में कहीं हम उस प्रकृति की कीमत तो नहीं चुका रहे, जिसके बिना हमारा अस्तित्व संभव नहीं?

सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि माता-पिता बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन अनजाने में उन्हीं बच्चों के लिए प्रदूषित हवा, दूषित पानी और अस्वस्थ वातावरण छोड़ने का खतरा भी पैदा कर रहे हैं।

आखिर यह कैसी तरक्की है, जिसमें भविष्य की कीमत वर्तमान में चुकाई जा रही है?

हम जानते हैं कि धूम्रपान और तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, फिर भी इनका सेवन जारी है। हम जानते हैं कि पेड़ जीवन के लिए जरूरी हैं, फिर भी उनकी सुरक्षा को लेकर पर्याप्त गंभीरता नहीं दिखाते। हम जानते हैं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए समस्या है, फिर भी सुविधा के नाम पर उसका इस्तेमाल करते हैं।

इसका अर्थ साफ है-समस्या केवल जानकारी की नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव की भी है।

सवाल केवल सरकार और प्रशासन से पूछने का नहीं है। सवाल हमसे भी है। क्या हम कचरा सड़क पर फेंकना बंद करेंगे?

क्या हम अनावश्यक प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करेंगे?

क्या हम पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करेंगे?

क्या हम अपने बच्चों को केवल पैसा कमाने की शिक्षा देंगे या स्वस्थ पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी भी समझाएंगे?

प्रशासन की जिम्मेदारी है कि नियमों का प्रभावी पालन हो और पर्यावरण व सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े नियमों के उल्लंघन पर उचित कार्रवाई हो। लेकिन नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। कोई भी व्यवस्था तभी प्रभावी बनती है, जब समाज उसके नियमों को अपनी जिम्मेदारी समझकर अपनाता है। देश सेवा केवल मंच पर भाषण देने या स्वयं को समाजसेवक कहने से पूरी नहीं होती। देश सेवा उस समय भी होती है, जब कोई व्यक्ति एक पेड़ बचाता है, प्रदूषण फैलाने से बचता है, नशे से दूर रहता है, सार्वजनिक स्थान को साफ रखता है और दूसरों को भी जागरूक करता है।

# मेजर ध्यानचन्द्र के हॉकी को समर्पण की यादगार का दिवस

### राष्ट्रीय खेल दिवस



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्वर्णिम स्मृति मे प्रतिवर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उल्लेखनीय है की हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है। हॉकी का एक सुनहरी दौर रहा है। वर्ष 1928 से लेकर 56 तक ओलंपिक मे भारत ने लगातार हॉकी मे स्वर्ण पदक जीता फिर एक अंतराल से 1964 टोक्यो मे विजयी हुए और चार दशक पहले मॉस्को ओलंपिक मे वर्ष 80 मे भारत हॉकी का सिरमौर रहा।ध्यानचंद को पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है और उनके सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न की माँग भी खेल प्रेमियो द्वारा की जाती रही है। एक दौर मे हॉकी मे भारत सिरमौर रहा करता था और मेजर ध्यानचंद टीम और स्वर्ण के पर्यायवाची बन चुके थे। गौरतलब है की स्टिक के जादूगर की जन्मजयंती 29 अगस्त को भारत मे राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा वर्ष 2012 मे हुई परंतु हॉकी मे स्वर्ण के प्रयास जारी है सफलता शेष है। देश के अधिकांश शहरों मे दूरदर्शन के आगमन के पूर्व वर्ष 1980 के मॉस्को ओलंपिक मे भास्करन की कप्तानी मे हॉकी मे स्वर्ण पदक जीतने की कंमेंटरी रेडियो पर सुनी गई थी। कालांतर मे अशोक कुमार सोमैय्या मोहम्मद शाहिद जफर इकबाल परगट सिंह जैसे नाम हॉकी जगत मे इतिहास बन गए। पेरिस ओलंपिक मे भारत ने स्पेन को हराकर राष्ट्रीय खेल हॉकी मे कांस्य पदक जीता जबकि जर्मनी से आखरी समय मे पकड़ खो दी थी वर्ना स्वर्ण या रजत की दावेदारी तय थी। स्वर्ण की तलाश मे शहर के मीर रंजन नेगी के जीवन पर आधारित फिल्म चक दे इंडिया जैसे कोच और सप्पोटिंग स्टाफ की महती भूमिका हो सकती है।

वर्तमान चेयरपर्सन उड़नपरी के नाम से विश्वविख्यात पी टी उषा का कार्यकाल ठीक ही रहा है हालांकि वे कभी भी ओलंपिक मे पदक हासिल नही कर पायी पर एशियन गेम्स की विजेता जरूर रही। उड़न सिक्ख मिल्खासिंह भी रोम ओलंपिक मे महीन अंतर से चुके थे। पदम अवार्डी होकर दिवंगत होने के बाद भी सबसे सम्माननीय खिलाडी है। उनकी उपलब्धियां अविस्मर्णीय है। जो मेहनत की लगन जुनून व जीत का जज्बा मिल्खासिंह का रहा वो नवोदित ओलंपिक खिलाडियों मे होना जरूरी है।मनु भाकर नीरज कुमार सहित अन्य पदक विजेताओ और चतुर्थ स्थान पर रह गए खिलाडियों के लिए आगामी स्पर्धा मे असीम संभावनाए है।

पिछले ओलंपिक के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद खेल जगत और खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।उज्जवल भविष्य की दिशा में खेल अकादमियों को मजबूत करना होगा ।अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच और देश के कोच का एक समूह बनाया जाकर नया प्रयोग किया जा सकता है । कोच और सपोर्टिंग स्टाफ के मानदेय,भत्ते बढ़ाने होंगे ,खिलाड़ियों को भी आर्थिक रूप से सुदृढ़ रखना होगा । खिलाड़ियों की फिटनेस बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा है । विद्यालयों से ही नई पौध तैयार करना बेहतर होगा । विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं है वहां के खिलाड़ियों को उचित अवसर मिलना ही चाहिए . खेल से सन्यास ले चुके पूर्व के सफल खिलाड़ियों के अनुभव से लाभ प्राप्ति हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलो से जुड़ी नई तकनीकों व मशीनों का आगमन होते ही इनका उपयोग किया जाना चाहिए ताकि खिलाड़ी इसके अभ्यस्त हो सके और बेहतर प्रदर्शन कर सके । आगामी स्पर्धाओ मे पदक तालिका मे भारत सिरमौर होकर तिरंगा लहराएगा इसकी प्रबल संभावना है ।

धर्म-आस्था

# 108 दिव्य देश-जहां हर धाम में विराजते हैं श्रीहरि

सनातन धर्म में भगवान विष्णु की उपासना का विशेष महत्व है। भारत की धरती पर भगवान विष्णु के अनगिनत मंदिर हैं, लेकिन 108 दिव्य देश अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक परंपरा के कारण विशेष स्थान रखते हैं। ये वे पवित्र धाम हैं, जिनकी स्तुति तमिल के बारह आलवार संतों ने अपनी भक्ति रचनाओं में की है। इन धामों को वैष्णव परंपरा में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के अत्यंत पावन निवास के रूप में माना जाता है। 108 दिव्य देशों में से 106 धाम पृथ्वी पर भारत और नेपाल में स्थित माने जाते हैं, जबकि अंतिम दो दिव्य धाम भौतिक संसार से परे भगवान विष्णु के दिव्य लोक में स्थित माने गए हैं।

इन धामों का महत्व केवल उनके प्राचीन मंदिरों और स्थापत्य में नहीं है, बल्कि उनसे जुड़ी भक्ति परंपरा, संतों की साधना और भगवान के प्रति समर्पण की भावना में भी है। सबसे अधिक दिव्य देश तमिलनाडु में हैं। यहां 84 दिव्य धाम स्थित हैं। श्रीरंगम का श्रीरंगनाथस्वामी मंदिर इनमें सबसे प्रसिद्ध धामों में गिना जाता है। कावेरी नदी के बीच स्थित श्रीरंगम वैष्णव भक्ति का अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां भगवान श्रीरंगनाथ शेषनाग की शय्या पर विश्राम करते हुए विराजमान हैं। मंदिर की विशालता और धार्मिक परंपरा भक्तों को विशेष रूप से आकर्षित करती है।

केरल में 11 दिव्य देश माने जाते हैं। इन्हें मलय देश के दिव्य धाम कहा जाता है। तिरुवनंतपुरम का श्रीपद्मनाभस्वामी मंदिर इनमें प्रमुख है। यहां भगवान विष्णु अनंत शेष पर शयन मुद्रा में विराजमान हैं। भगवान के इस स्वरूप के दर्शन भक्तों के लिए अत्यंत मंगलकारी माने जाते हैं। आंध्र प्रदेश में दो दिव्य देश हैं-तिरुपति और अहोबिलम्। तिरुपति भगवान श्रीवेंकटेश्वर की भक्ति का विश्वप्रसिद्ध केंद्र है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अहोबिलम भगवान नरसिंह की उपासना का महत्वपूर्ण धाम है और भगवान के उग्र तथा करुणामय दोनों स्वरूपों की कथाओं से जुड़ा हुआ है।

उत्तर प्रदेश में चार दिव्य देश माने गए हैं-अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और गोकुल। यह भूमि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी हुई है। अयोध्या में श्रीराम की मयार्दा और भक्ति का स्मरण होता है, जबकि मथुरा और गोकुल में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और प्रेमभक्ति की अनुभूति होती है। नैमिषारण्य का संबंध प्राचीन ऋषि परंपरा और धार्मिक कथाओं से भी रहा है। उत्तराखंड में तीन दिव्य धाम हैं-बद्रीनाथ, ज्योतिर्मठ और देवप्रयाग। हिमालय की गोद में स्थित ये तीर्थ प्रकृति और अध्यात्म का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हैं। बद्रीनाथ धाम भगवान विष्णु के प्रमुख तीर्थों में है। देवप्रयाग में अलकनंदा और भागीरथी के संगम से गंगा का प्राकट्य होता है, जिससे इस क्षेत्र की धार्मिक महत्ता और बढ़ जाती है।

गुजरात में द्वारका एक दिव्य देश के रूप में प्रतिष्ठित है। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी के रूप में प्रसिद्ध द्वारका भारत की कृष्ण भक्ति परंपरा का प्रमुख केंद्र है। समुद्र के किनारे स्थित यह पवित्र नगरी श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं का स्मरण कराती है। नेपाल में मुक्तिनाथ एक दिव्य देश माना गया है। हिमालय क्षेत्र में स्थित यह तीर्थ वैष्णव और शैव दोनों परंपराओं में महत्वपूर्ण है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हिमालय की शांत और विराट प्रकृति भक्त के मन में वैराग्य और आध्यात्मिकता की भावना उत्पन्न करती है। इन 108 दिव्य देशों की एक और विशेषता भगवान विष्णु के विग्रह की अलग-अलग मुद्राएं हैं। वैष्णव परंपरा में भगवान के तीन प्रमुख स्वरूपों का वर्णन मिलता है-खड़े हुए, बैठे हुए और शयन करते हुए। 60 दिव्य देशों में भगवान विष्णु खड़े हुए स्वरूप में विराजमान हैं। यह मुद्रा जागरूकता, संरक्षण और भक्तों की रक्षा के भाव को दशार्ती है। 27 दिव्य देशों में भगवान विष्णु शयन मुद्रा में दिखाई देते हैं। शेषनाग पर विराजमान भगवान का यह स्वरूप अत्यंत मनोहारी है। शयन मुद्रा को भगवान की योगनिद्रा और सृष्टि के संचालन से जुड़े आध्यात्मिक भाव से देखा जाता है। 21 दिव्य देशों में भगवान विष्णु बैठे हुए स्वरूप में विराजमान हैं। यह मुद्रा शांति, स्थिरता और भक्तों को आशीर्वाद देने की भावना का प्रतीक मानी जाती है। इन 108 धामों की यात्रा केवल मंदिरों की यात्रा नहीं है। यह भारत की विशाल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा की यात्रा भी है। दक्षिण भारत से हिमालय तक, उत्तर भारत से पश्चिमी समुद्र तट तक और भारत से नेपाल तक फैले ये तीर्थ बताते हैं कि हमारी आध्यात्मिक परंपरा भौगोलिक सीमाओं से कहीं बड़ी है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,58,300 रवा- 1,58,000 चांदी- टंच- 2,42,000 पाट- 2,41,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## चंद्रप्रकाश पाटीदार को सीहोर जिले का प्रभारी बनाया



**शाजापुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने शाजापुर भाजपा के युवा नेता चंद्र प्रकाश पाटीदार चावड़ा को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सीहोर जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। चंद्रप्रकाश पाटीदार चावड़ा की नियुक्ति पर शाजापुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चंद्रप्रकाश पाटीदार चावड़ा युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठनात्मक गतिविधियों में लगातार सक्रिय रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ सीहोर जिले में पार्टी संगठन को मिलेगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## ट्रक खाई में पलटाया, हादसा दिखाने आग लगाई, 260 क्विंटल सोयाबीन भी गायब

**खातेगाँव।** सोयाबीन से भरा ट्रक देवास जिले के कन्नौद थाना क्षेत्र में खाई में गिर गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। ट्रक आगर जिले से महाराष्ट्र के लिए निकला था। घटना 23 अगस्त की है। बुधवार को पुलिस ने ट्रक मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुरुवार को ड्राइवर को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। टीआई तहजीब काजी ने बताया कि बुधवार को मामला दर्ज हुआ था। ड्राइवर रईस को गुरुवार को हिरासत में लिया गया है। मामले को दुर्घटना (एक्सीडेंट) का रूप देकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट लिखने का दबाव बनाने की कोशिश की थी। संदेह होने पर जांच की। इसी दौरान ट्रांसपोर्टर को बुलवाया। ट्रांसपोर्टर ने आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान सच सामने आया। गोविंद अग्रवाल के अनुसार, 21 अगस्त को ट्रक ड्राइवर ने अकोदिया में वाहन खराब होने की सूचना दी। मरम्मत के नाम पर 5 हजार रुपए और लिए गए। 22 अगस्त को ट्रक मालिक शादाब ने बताया कि वाहन ठीक हो गया है। रात 12 बजे रवाना होगा।

## दो दिन से रुक-रुककर बारिश, अभी तक 24 इंच

**शुजालपुर।** क्षेत्र में बीते दो दिनों से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, वहीं खेतों में खड़ी फ सलों को भी राहत मिली है। गुरुवार को क्षेत्र के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती संगीताबाई उम्र 57 वर्ष पति जगदीशचन्द्रजी जाति ब्राहम्ण, निवासी सोमेश्वर गली बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. से उनके मालीकाना व आधिपत्य के मकान जिसका नगरपालिका गृह क्रमांक 10/अ है मकान स्थित सोमनाथ गली वार्ड क्रमांक 13 कस्बा बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र.। उक्त मकान मे आगे एक दुकान निर्मित है उक्त मकान व दुकान का कुल क्षेत्रफल 93.30 वर्गमीटर है जिसकी चतुःसीमा इस प्रकार है पूर्व दिशा में नवीन जी त्रिवेदी का मकान, पश्चिम दिशा में राधेश्याम जी का मकान, उत्तर दिशा मे धनराज जी जैन का मकान, दक्षिण दिशा में आम रास्ता स्थित है। को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त मकान के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त मकान के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो मकान के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या मकान के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा मकान का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक - 28/08/2026

**माधुरी सोनी एड्व्होकेट**
**कार्यालय -रवि सोनी का ऑफीस, T-13 नागेश्वरधाम कॉलोनी बड़नगर, जिला उज्जैन**
**मो. 8871335849, 7898524515**


महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना

# सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, महंगाई पर अंकुश लगाने की माँग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शक्कर, गैस सिलेंडर, पेट्रोल सहित रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों और बिजली बिलों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को शुजालपुर में धरना प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों एवं मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोपहर 12 बजे सिटी बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। कांग्रेसजनों ने नगरपालिका के सामने धरना दिया। इसके बाद सिटी बस स्टैंड से काली माता मंदिर चौराहा, छोटा बाजार और बड़ा बाजार होते हुए पैदल मार्च निकाला, जो वापस सिटी बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की।

प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। शक्कर, पेट्रोल, गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की जरूरतों के बढ़ते दामों के खिलाफ कांग्रेस आम जनता की आवाज उठा रही है। प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि महंगाई पर रोक लगाकर आमजन को राहत दी जाए, अन्यथा कांग्रेस आगे उग्र आंदोलन करेगी। प्रदेश सह सचिव रचना जैन ने गले में शक्कर की माला पहनकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण महिलाओं के रसोई घर का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। अब चाय में भी शक्कर डालना मुश्किल हो रहा है। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अजब सिंह पंवार, अचल सिंह मेवाड़ा, राजेंद्र सिसोदिया, बल्ला सोनी, हाजी मेहबूब और अनिल सिसोदिया ने भी संबोधित किया। संचालन मंगल सिंह राठौड़ तथा आभार रईस पठान ने माना। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष केदार मेवाड़ा, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार, मंडलम अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, जिला महामंत्री अन्नू पठान, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र नाहर, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, पूर्व पार्षद विक्रम सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।







### एक चम्मच शक्कर देकर जताया विरोध

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में शक्कर की थैलियां लेकर पहुंचे और लोगों को एक-एक चम्मच शक्कर बांटते हुए महंगाई पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि शक्कर इतनी महंगी हो गई है कि अब सभी के हिस्से में सिर्फ एक चम्मच ही आ रही है। कार्यकताओं ने व्यंग्य करते हुए लोगों से कहा कि इसे संभालकर घर ले जाएं, कहीं रास्ते में कोई छीन न ले। इस दौरान कार्यकताओं ने अभी तो ये मुंह दिखाई है, आगे और महंगाई है तथा रोजी-रोटी दे न सके,वो सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है जैसे नारे लगाए।

**शाजापुर**

देश में बेलगाम होती महंगाई के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। पेट्रोल-डीजल से लेकर रोजमर्रा की चीजों की बढ़ती कीमतों से त्रस्त आम जनता की आवाज उठाते हुए कांग्रेसियों ने बस स्टैंड से लेकर आजाद चौक तक एक विशाल पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस के विरोध का एक अनोखा और दिलचस्प तरीका भी देखने को मिला। महंगाई की मार से आम आदमी के जीवन में घुल रही कड़वाहट के बीच, कांग्रेस कार्यकताओं ने राहगीरों, दुकानदारों और आम जनता को शकर बांटी और उन्हें मिठास का अहसास कराया। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां थीं और वे केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज आम आदमी की थाली का बजट पूरी तरह से बिगड़ चुका है। सरकार भले ही जनता को महंगाई का दर्द दे रही है, लेकिन इस शकर के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि कांग्रेस हमेशा जनता के साथ खड़ी है। बस स्टैंड से शुरू हुआ यह मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ आजाद चौक पहुंचा, जहां इसने एक नुक्कड़ सभा का रूप ले लिया। इस पैदल मार्च और विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जन मौजूद रहे।

**बड़ौद**

बढ़ती महंगाई और आम जनता की समस्याओं को लेकर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को तहसीलदार कार्यालय पर मनीष सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से आम जनता को महंगाई से राहत दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी का घरेलू बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से गरीब, किसान, मजदूर एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से शक्कर सहित आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों पर तत्काल नियंत्रण, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में राहत, बिजली के बढ़ते बिलों से आम उपभोक्ताओं को राहत तथा महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस एवं स्थायी कदम उठाने की मांग की।

इसके अलावा ज्ञापन में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आवश्यक वस्तुएं उचित एवं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने तथा पेट्रोल से संबंधित आम जनता की चिंताओं का निराकरण कर आम आदमी को उचित राहत प्रदान करने की मांग भी की, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह महेंद्र सिंह निषाद मंसूरी प्रकाश शर्मा सुल्तान सिंह जीतू मकवाना राजेंद्र किशोर शर्मा शंकर सिंह जहीदउल्ला, राजा खान कुलदीप सिंह श्याम सिंह आयुष जैन शाहिद कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फेसबुक का प्यार, 1121 किमी का सफर और खौफनाक अंत

# उज्जैन का कहकर निकले युवक ने बिहार में प्रेमिका के सामने खाया जहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

सोशल मीडिया पर परवान चढ़ा प्यार जब हकीकत की कसौटी पर कसा, तो उसका अंजाम बेहद दर्दनाक निकला। परिजनों से उज्जैन जाने का झूठ बोलकर 1121 किलोमीटर दूर बिहार के बगहा पहुंचा शुजालपुर का एक 23 वर्षीय युवक अपनी ही जिद की भेंट चढ़ गया। फेसबुक के जरिए जिस तलाकशुदा महिला को उसने अपना दिल दिया था, उसी के घर में मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद युवक ने जहर पीकर अपनी जान दे दी। इस खौफनाक घटना ने जहां परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, वहीं बिहार पुलिस ने प्रेमिका को हिरासत में लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शुजालपुर सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी मृतक शरद राठौर की करीब दो साल पहले बगहा बिहार के डीह डोमवलिया में रहने वाली एक महिला से फेसबुक के जरिए दोस्ती हुई थी। कुछ ही समय में यह दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों ने शादी करने का मन बना लिया। महिला पहले से तलाकशुदा है और उसकी दो बेटियां हैं। शरद रविवार को परिजनों से उज्जैन जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन मंगलवार को वह सीधा अपनी प्रेमिका के दरवाजे पर जा पहुंचा।

हिरासत में ली गई महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को शरद बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक उसके घर आ गया। उस समय वह अपनी दोनों बेटियों के साथ घर पर थी। घर में दाखिल होते ही शरद ने उससे उसका मोबाइल फोन मांगा। जब महिला ने फोन देने से साफ इनकार कर दिया, तो दोनों के बीच तीखी बहस होने लगी।

आरोप है कि विवाद इतना बढ़ा कि शरद ने अपनी जेब से एक शीशी निकाली और उसमें रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। इसके बाद उसने खुद को एक कमरे में अंदर से बंद कर लिया। घबराई महिला की सूचना पर तत्काल डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाकर युवक को बाहर निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल ले गई। हालत बिगड़ने पर उसे बेतिया के जीएमसीएच रेफर किया गया, लेकिन एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

### प्रेमिका तलाकशुदा होकर दो बेटियाँ की माँ

#### 18 अगस्त से काम से था नदारद, शादी का बना रहा था दबाव



अरनियाकला बस स्टैंड स्थित होटल के संचालक सुनील ने बताया कि शरद उनके यहां चाइनीज डिश बनाने का काम करता था। वह 18 अगस्त से ड्यूटी पर नहीं आया था और अक्सर मोबाइल पर लंबी बातें करता था। वहीं, महिला का आरोप है कि बीते कुछ समय से शरद का व्यवहार बदल गया था। शादी से इनकार करने पर वह अलग-अलग नंबरों से फोन करके उस पर शादी का दबाव बना रहा था और परेशान कर रहा था।

### अनजान थे परिजन सूचना मिलते ही बिहार रवाना

बुधवार सुबह करीब 9 बजे बिहार पुलिस का फोन आने पर शरद के परिजनों को इस मनहूस घटना की जानकारी मिली। मृतक के पिता जो बस कंडक्टर हैं और चचेरे भाई आनन-फानन में बिहार के लिए रवाना हो गए। परिजनों का कहना है कि उन्हें युवक के प्रेम प्रसंग की कोई भनक तक नहीं थी। वहीं सूत्रों के अनुसार पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## रक्षाबंधन पर बहन से भाई-भाभी ने की मारपीट

**सुसनेर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कायरा में रक्षाबंधन के दिन एक महिला से उसके भाई और भाभी ने मारपीट की। इस घटना में महिला के कान में चोट लगी और खून बहने लगा। उसे उपचार के लिए सुसनेर अस्पताल ले जाया गया, जहां से पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम नैनोरा निवासी रेखा बाई रक्षाबंधन पर अपने मायके ग्राम कायरा पहुंची थीं। आरोप है कि उनके भाई मानसिंह और उनकी पत्नी को रेखा बाई का आना पसंद नहीं आया। उन्होंने पुराने विवाद को लेकर रेखा बाई से झगड़ा शुरू कर दिया। कथित तौर पर इसी दौरान भाई और भाभी ने रेखा बाई के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान रेखा बाई के कान के बाहरी हिस्से में चोट लगी, जिससे खून बहने लगा। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए सुसनेर अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद रेखा बाई ने सुसनेर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रेखा बाई की शिकायत के आधार पर मानसिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुरिस विवाद और मारपीट की परिस्थितियों की जांच कर रही है।



## बूढ़ा अमरनाथ यात्रा से लौटने पर किया स्वागत

**शाजापुर।** जिले के 105 बजरंग दल कार्यकर्ता जम्मू-कश्मीर स्थित पवित्र बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर गुरूवार को सकुशल अपने नगर लौट आए। उनके आगमन पर बजरंग दल के पदाधिकारियों, विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया। यात्रा से लौटे जत्थे का मुख्य रूप से बेरछा रेलवे स्टेशन और शाजापुर के प्रसिद्ध राजराजेश्वरी मंदिर पर आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विहिप के कैलाश सेन सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एनसीसी भर्ती में पक्षपात का आरोप, सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर।** एनसीसी भर्ती में पक्षपात और धांधली का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई कार्यकताओं ने बीकेएसएन कालेज में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को कार्यकताओं ने नारेबाजी कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 24 अगस्त को हुई एनसीसी भर्ती में शारीरिक दक्षता के मापदंडों का पालन किए बिना कुछ विद्यार्थियों के चयन कर लिया गया। जबकि शारीरिक रूप से दक्ष कई विद्यार्थियों को चयन से बाहर कर दिया गया। एनएसयूआई ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## तहसीलदार के आश्वासन पर पाँचवें दिन धरना आंदोलन स्थगित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

फ सल बीमा राशि में कथित विसंगतियों और कई हल्कों के किसानों को बीमा राशि से वंचित रखने के विरोध में भारतीय किसान संघ तहसील इकाई अवंतिपुर बड़ोदिया द्वारा 23 अगस्त से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, जो कि गुरूवार को तहसीलदार विष्णुप्रसाद प्रजापति के आश्वासन के बाद स्थगित हुआ। किसानों का आरोप है कि जहां बीमा राशि आई है, वह भी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। कई स्थानों पर अधिक, कहीं कम और कई हल्कों में बिल्कुल भी बीमा राशि नहीं मिली है। किसानों ने बताया कि तहसील के हल्का नंबर 104 ग्राम पंचायत अवंतीपुर में पिछले पांच वर्षों से किसानों को फ सल बीमा राशि नहीं मिली है। वहीं लालपुरा पंचायत के तीन गांवों के किसान भी बीमा राशि से वंचित हैं। किसानों का कहना है कि बीमा वितरण में इस तरह की विसंगतियों से किसानों में असंतोष बढ़ रहा है।

किसानों ने बताया कि चार दिनों तक धरना जारी रहने के बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से अभी तक कोई अधिकारी किसानों से चर्चा करने नहीं पहुंचा। इससे किसानों में आक्रोश था, लेकिन गुरूवार को तहसीलदार विष्णुप्रसाद प्रजापति आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे और किसान संघ जिलाध्यक्ष सवाईसिंह सिसोदिया से चर्चा की।

देवास में खेलो इंडिया संवाद में 400 युवा शामिल

## यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के पोस्टर का विमोचन नशा युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन- सांसद सोलंकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को अमलतास विश्वविद्यालय में ह्यखेलो इंडिया संवाद-खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों से संवाद किया। देवास में हुए कार्यक्रम में करीब 400 युवाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने युवाओं से संवाद किया। उन्होंने खेल और फिटनेस के महत्व पर जोर दिया और नशे से दूर रहने की अपील की। सांसद ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन नशा इस शक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में लगाने को कहा।



कार्यक्रम में युवाओं को आइडिया बॉक्स के जरिए खेल, युवा विकास और राष्ट्र निर्माण से जुड़े सुझाव प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की जानकारी दी गई। इस दौरान विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

### सांसद ने खिलाड़ियों से की बातचीत

प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान युवाओं ने खेल, फिटनेस, युवा नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचार सुने। सांसद सोलंकी ने कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के युवा खिलाड़ियों से भी बातचीत की। उन्होंने खिलाड़ियों से उनके खेल अनुभव और उपलब्धियों की जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन और माल्यार्पण से की।

## 972 किलो मिठाई और एनालॉग मावा नष्ट जोधपुर, न्यू स्वदेशी स्वीट्स से जब्त की थी

**देवास।** देवास में त्योहारों से पहले मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। बुधवार रात जोधपुर स्वीट्स और न्यू स्वदेशी स्वीट्स से जब्त की गई 972 किलो से अधिक मिठाई और एनालॉग मावे को गुरुवार को नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में नष्ट कर दिया गया। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम जब्त की गई मिठाई और मावे को ट्रेंचिंग ग्राउंड लेकर पहुंची। यहां पूरी सामग्री को नष्ट कर दिया गया, ताकि इसे दोबारा बाजार में खपाया न जा सके। इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में तैयार मिठाई के साथ एनालॉग मावा भी शामिल था। त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटी खाद्य सामग्री तैयार करने और बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी

# कॉलेजों में बदहाली पर एबीवीपी का सड़क पर धरना, दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के सरकारी कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर छात्रों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता दोपहर करीब तीन बजे पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम एसडीएम मनीषा वास्कले को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सड़क पर बैठकर भी अपना विरोध दर्ज कराया। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने प्रशासन को बताया कि सरकारी कॉलेज विद्यार्थियों के शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास का अहम केंद्र होते हैं, लेकिन जिले के कॉलेजों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का भारी टोटा है। इससे छात्रों को हर दिन परेशान होना पड़ रहा है। परिषद ने स्पष्ट किया कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ एक बेहतर और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए।

एबीवीपी ने पढ़ाई से जुड़ी जरूरतों को उठाते हुए मांग रखी कि लाइब्रेरी में कोर्स के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, अखबार और ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही प्रयोगशालाओं को अपग्रेड करने, खेल मैदान व खेल सामग्री मुहैया कराने की भी मांग रखी गई। सुरक्षा के लिहाज से कॉलेज कैंपस में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षित पार्किंग और वाई-फाई सुविधा देने की बात ज्ञापन में शामिल है। एबीवीपी नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इन 17 सूत्रीय मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द बजट और उच्चस्तरीय स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाएं। साथ ही, इन मांगों पर प्रशासन स्तर पर क्या कार्रवाई हो रही है, इससे विद्यार्थी प्रतिनिधियों को भी समय-समय पर अवगत कराया जाए, ताकि छात्रों की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

### पानी, शौचालय और कक्षाओं में अव्यवस्था

ज्ञापन में मुख्य रूप से परिसरों की बदहाली का मुद्दा उठाया गया। छात्रों ने बताया कि कॉलेजों में पीने के साफ पानी तक की उचित व्यवस्था नहीं है। वाटर कूलर और आरओ मशीनें खराब पड़ी हैं, जिन्हें तुरंत सुधारा जाए। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए पर्याप्त व स्वच्छ शौचालय और विशेषकर छात्राओं के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग व डिस्पोजल मशीन लगाने की मांग की गई। वहीं, कक्षाओं में पर्याप्त बेंच-डेस्क, पंखे, उचित रोशनी और सुरक्षित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया ताकि पढ़ाई का माहौल बन सके।


**दि. उज्जैन मंडल डाक तार कर्मचारी सहकारी साख संस्था (मर्यादित) उज्जैन**
**पंजीयन क्रमांक ए. आर. उज्जैन 50/1960 दिनांक 27.09.1960**
**कार्यालय : मुख्य डाकघर प्रांगण उज्जैन 456001**
**फोन 2559970**

दिनांक-27/08/2026

## साधारण सभा की सूचना

**माननीय समस्त सदस्यगण,**
**दी.उ.म.डा.ता.सह. साख. सं. मर्या. उज्जैन,**

आपको सूचित किया जाता है कि संस्था की 66वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.08.2026 वार रविवार को प्रातः 12 बजे स्थान शुभम मांगलिक परिसर सांवरिया सेंडविच के पास नानाखेड़ा, उज्जैन में आयोजित की गई है। सूचना पत्र डाक द्वारा भेजे जा चुके है यदि किसी कारण वश सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो तो इस सूचना को ही आधार मानकर सभा में आप अवश्य पधारें। आप सादर आमंत्रित हैं।

**श्री विजय पंत**
**(अध्यक्ष)**
**दी. उज्जैन मंडल डाक-तार कर्मचारी सहकारी साख संस्था मर्या. उज्जैन**

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

BHOPAL-GWALIOR REGIONAL



## कर्नाटक- मंत्री नागेंद्र का दो साल में दूसरी बार इस्तीफा

**कर्नाटक।** कर्नाटक में कांग्रेस नेता बी.नागेंद्र ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। वह दो साल में दूसरी बार मंत्री पद से हट चुके हैं। उन पर वाल्मीकि स्कैम को लेकर दबाव बन रहा था। यह मामला 89 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़ा है। नागेंद्र अगस्त की शुरुआत में ही कैबिनेट में दोबारा शामिल हुए थे, जब डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद संभाला था। इससे पहले 2024 में वह सिद्धारमैया की सरकार में मंत्री थे। नागेंद्र बोले- मैं बेकसूर, घोटाले में मेरी कोई भूमिका नहीं वाल्मीकि निगम घोटाले में मेरी कोई भूमिका नहीं है। क्या मैंने कहीं हस्ताक्षर किए? कोई निर्देश दिया या कोई नोटशीट लिखी? मनुवादियों और घटिया सांप्रदायिक ताकतों की साजिश को राज्य की राजनीति में हावी नहीं होने देना चाहता हूं। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मनुवादी नहीं चाहते कि कोई आदिवासी व्यक्ति आगे बढ़े। अगर जरूरत पड़ी तो विधायक पद से भी इस्तीफा देने को तैयार हूं और जनता की अदालत में जाने के लिए तैयार हूं। मामला कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित 89 करोड़ रुपये की अनियमितताओं से जुड़ा है। मई 2024 में निगम के अकाउंट्स ऑफिसर पी. चंद्रशेखरन ने आत्महत्या कर ली थी।

## इंदौर के रेस्टोरेंट में मोमोज में रेंगती मिली इल्लिया

**इंदौर।** इंदौर शहर में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर एक और शिकायत सामने आई है। सी-21 मॉल के पीछे डायमेंशन फर्निचर के सामने स्थित वी-आर-वन रेस्टोरेंट में मोमोज में इल्लियां मिलने का मामला सामने आया है। मामले में शिकायतकर्ता दीपक मीणा ने खाद्य विभाग से शिकायत कर रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे का है। वे अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में मोमोज खाने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें मोमोज में इल्लियां रेंगती हुई दिखाई दीं। इस पर उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक सिद्धार्थ मालवीय और कर्मचारी सोनू पाल से शिकायत की। इस पर सोनू का कहना था कि हम मोमोज नहीं बनाते। हमारी कोई गलती नहीं है। दीपक मीणा ने खाद्य विभाग को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि मोमोज में इल्लियां मिलने की बात बताने पर रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारी ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय उनके साथ बदतमीजी की। इसके बाद उन्होंने रेस्टोरेंट में रखी फ्रोजन मोमोज की बास्केट भी चेक की। शिकायतकर्ता ने खाद्य विभाग को भेजे आवेदन में इस मामले को लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बताया है। उन्होंने रेस्टोरेंट में खाद्य सामग्री के रखरखाव और स्वच्छता की जांच कराने के साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीनियर फूड इंस्पेक्टर मनीष स्वामी ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिली है। कल टीम जांच के लिए जाएगी और देखेगी कि मोमोज कहां बनाए जाते हैं और कौन-कौन से रेस्टोरेंट्स को सप्लाय किए जाते हैं। सारी जानकारी और सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। इसके बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अश्लील फोटो- वीडियो शेयर होने पर महिला ने की आत्महत्या

**धौलपुर।** धौलपुर जिले में अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद एक महिला ने आत्महत्या कर ली। महिला को लगातार परेशान और ब्लैकमेल किया जा रहा था, जिसके कारण वह तनाव में आ गई। आरोप है कि इस दौरान उसका शारीरिक शोषण भी किया गया। मृतका के भाई ने पति और देवर सहित 3 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मामला जिले के कंचनपुर थाना इलाके का है। थानाधिकारी हरेंद्र सिंह ने बताया- पीहर पक्ष के लोगों का आरोप है कि पति के चचेरे भाई ने करीब 1 साल पहले महिला के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए थे। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। कुछ समय पहले महिला के अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए गए थे। समाज में बदनामी होने के कारण वह तनाव में आ गई और गुरुवार को उसने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में तकनीकी सबूत जुटाए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और घटना से जुड़े लोगों के बयान लिए जा रहे हैं।

## गुजरात रोडवेज की बस से भिड़ी कार, 2 की मौत

**बाडमेर।** बालोतरा में नेशनल हाईवे-68 (जैसलमेर से पाटन) पर रोडवेज बस और स्विफ्ट कार के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार 2 की मौत हो गई, जबकि 1 गंभीर घायल हो गया। हादसे में कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड गए। हादसा गुड़ामालानी थाना इलाके में रामजी की गोल के पास शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे हुआ। सूचना पर रामजी की गोल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कार सवार लोगों को सांचौर हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने 2 लोगों को मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी हनुमान राम ने बताया- हादसे में कार सवार परबत भाई (40) पुत्र सेमा भाई, बाबू भाई (35) पुत्र पराग भाई निवासी राधनपुर, पाटन (गुजरात) की मौत हो गई, जबकि ठाकुर सतीश भाई गंभीर घायल हो गए। उनका सांचौर के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे में राजेश भाई (30) पुत्र भगवान भाई सुरक्षित बच गए। कार सवार लोग राधनपुर (गुजरात) से निकले थे। उनको पहले बायतू (बाड़मेर) में वडियार सेवा कैंप में सेवा करने जाना था और फिर वहां से रामदेवरा (जैसलमेर) मंदिर दर्शन के लिए जाने वाले थे। हनुमान राम ने बताया- गुजरात रोडवेज की बस बाड़मेर से सांचौर की तरफ जा रही थी।

# श्रावणी उपाकर्म में गूंजे वैदिक मंत्र, ब्राह्मणों ने बदला यज्ञोपवीत

### उज्जैन में रक्षाबंधन पर कई स्थानों पर हुए आयोजन, शिप्रा तट पर एक हजार से अधिक विप्रजनों ने किया श्रावणी उपाकर्म

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रक्षाबंधन और श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में कई स्थानों पर श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने विधि-विधान से स्नान, ऋषि तर्पण, सप्तऋषि पूजन और हेमाद्रि कर्म किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया जनेऊ धारण किया गया।

हिंदू धर्म में श्रावणी उपाकर्म को महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा माना जाता है। उपाकर्म का अर्थ नए सिरे से शुरुआत करना है। मान्यता के अनुसार इस दिन आत्मशुद्धि, प्रायश्चित और ऋषियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। यजुर्वेद परंपरा में श्रावण पूर्णिमा के दिन इस पर्व को मनाने का विधान बताया गया है।

**ऋषि तर्पण और सप्तऋषि पूजन का विशेष महत्व-** श्रावणी उपाकर्म में ऋषियों का तर्पण और पूजन किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ऋषियों ने वेदों और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाया, इसलिए इस दिन उनके प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट की जाती है। साथ ही गायत्री मंत्र का जाप और आत्मशुद्धि के लिए विशेष संकल्प लिया जाता है। पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म ब्राह्मण समाज का प्रमुख पर्व है। देश के प्रमुख तीर्थस्थलों जैसे वाराणसी, हरिद्वार, नासिक, उज्जैन, अयोध्या और मथुरा में इसका आयोजन किया जाता है। इस दिन ब्राह्मण पुराना यज्ञोपवीत त्यागकर नया यज्ञोपवीत धारण करते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्षभर में जाने-अनजाने हुए पाप और दोषों के प्रायश्चित के लिए नदी, सरोवर या तीर्थस्थल पर हेमाद्रि स्नान किया जाता है। इसमें पंचगव्य, धान, फल, दूर्वा, डाब, मिट्टी और औषधियों आदि का उपयोग कर शुद्धि स्नान किया जाता है। इसके बाद आत्मशुद्धि का संकल्प लेकर सप्तऋषियों का पूजन किया जाता है।





### सिद्धवट तीर्थ पर हुआ श्रावणी उपाकर्म

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं सिद्धवट तीर्थ पुरोहित एवं पुजारी महासभा के तत्वावधान में श्रावणी उपाकर्म आयोजित किया गया। आचार्य द्वारकेश व्यास एवं विकास शर्मा के आचार्यत्व में सिद्धवट तीर्थ भेरूगढ़ पर रक्षाबंधन पर्व पर सुबह 10 बजे सभी ब्राह्मण विप्रजन श्रावणी उपाकर्म, हेमाद्रि स्नान, सप्तऋषि पूजन और नूतन यज्ञोपवीत धारण की गई।

आयोजन में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी, सचिव शैलेंद्र द्विवेदी, पुजारी पंडित सुधीर चतुर्वेदी, तीर्थ पुरोहित पंडा समिति अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिवेदी, दिलीप त्रिवेदी डब्बावाला, डॉ घनश्याम शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, सुधीर पंड्या, विमलेश शास्त्री नाहर वाला, राघवेंद्र चतुर्वेदी, चेतन शास्त्री, महंत लालू भारती, हेमंत शास्त्री जीवन शर्मा निलेश जोशी, राजेश पुजारी, गोलू पुजारी, शिवम चतुर्वेदी, दिनेश पुजारी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण, तीर्थ पुरोहित और पुजारी शामिल हुए।

### शिप्रा पर 1 हजार से अधिक ब्राह्मणों ने किया उपाकर्म

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के जनेऊधारी ब्राह्मणों और बटुकों ने भी श्रावणी उपाकर्म किया। इस आयोजन में एक हजार से अधिक विप्रजनों ने भाग लिया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्राह्मणों ने शिप्रा में स्नान किया और पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया जनेऊ धारण किया। इस दौरान पितरों का तर्पण करने के साथ भगवान गणेश, भगवान विष्णु, सप्तऋषि और माता अरुंधती का पूजन किया गया। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कार्तिक चौक के अध्यक्ष उत्तम दुबे ने बताया कि आचार्य पुनीत मेहता और शिप्रा वल्लभ मेहता ने वैदिक विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। हेमाद्रि कर्म के दौरान शुद्धि स्नान और प्रायश्चित का संकल्प लेकर जाने-अनजाने में हुए दोषों से मुक्ति की प्रार्थना की गई।

### गऊघाट पर हुआ श्रावणी उपाकर्म



मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद, उज्जैन शाखा की ओर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व पर श्रावणी उपाकर्म का आयोजन मां क्षिप्रा के पावन तट गऊघाट, जंतर-मंतर के समीप किया गया। धार्मिक विधि-विधान के साथ आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों एवं वेदपाठी ब्राह्मण बटुकों ने भाग लिया। श्रावणी उपाकर्म के दौरान प्रायश्चित संकल्प, विधि-विधान से स्नान, तर्पण तथा यज्ञोपवीत धारण की धार्मिक प्रक्रिया संपन्न कराई गई। यह आयोजन प्रमुख आचार्य डॉ. रामजी नागर, पं. संतोष नागर एवं पं. अनिल नागर के सानिध्य में हुआ। नागर ब्राह्मण परिषद उज्जैन शाखा की संस्कार समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पं. विजय प्रकाश मेहता, कन्हैयालाल मेहता, महेश भट्ट, नरेंद्र नागर (गुना), गिरीश मेहता, राहुल व्यास, डॉ. हरिवल्लभ त्रिवेदी, मनीष मेहता, दीपक मेहता, पं. श्रवण नागर, डॉ. राजीव त्रिवेदी, रंजन त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं वेदपाठी ब्राह्मण बटुक उपस्थित रहे।

# आज भगवान महाकाल से होगा जाहरवीर गोगादेवजी का मिलन, वाल्मीकि धाम पर लगेगा भुजरिया मेला


### देशभर से उज्जैन पहुंचेंगी गोगादेवजी की छड़ियां, शाम 7 बजे महाकाल मंदिर से निकलेगा भव्य चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम, उज्जैन में आज शनिवार 29 अगस्त को भुजरिया महापर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान जाहरवीर गोगादेवजी की छडियों (निशान) का दो दिवसीय मेला आयोजित होगा। मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और देश के अन्य राज्यों से श्रद्धालु गोगादेवजी की छडियां, अखाड़े, गायन दल, संतगण एवं सत्संगी लेकर उज्जैन पहुंचेंगे।

भुजरिया पर्व के मुख्य आयोजन के तहत शाम को श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में गोगादेवजी के सभी निशान एकत्रित होंगे। यहां छड़ियों का पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज द्वारा भगवान महाकाल और जाहरवीर गोगादेवजी का मिलन कराया जाएगा।

**आज शाम 7 बजे महाकाल मंदिर से शुरू होगी शोभायात्रा-** जाहरवीर गोगादेवजी के निशानों की विशाल शोभायात्रा शाम 7 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगी। आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायकगण अनिल जैन कालूहेड़ा, डॉ चिंतामण



मालवीय, सतीश मालवीय, डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान, महेश परमार, दिनेश जैन बौस, जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, गृह निर्माण विभाग अध्यक्ष ओम जैन, अनुसूचित जाति आयोग सदस्य रामलाल मालवीय, सोनू गहलोत, राजेंद्र भारती सहित जनप्रतिनिधि, संतगण, पार्षद एवं शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। शोभायात्रा महाकालेश्वर मंदिर से पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, दानी गेट, अनंतपेठ, जूना सोमवारिया, गोंसा दरवाजा, वाल्मीकि चौराहा और बड़नगर रिंग रोड होते हुए श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पहुंचेगी।

### सात किलोमीटर मार्ग पर लगेंगे मंच

करीब सात किलोमीटर लंबे चल समारोह मार्ग पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, खेल एवं राजनीतिक संगठनों की ओर से स्वागत मंच लगाए जाएंगे। इन मंचों पर गोगादेवजी की छड़ियों का पूजन-अर्चन किया जाएगा तथा भगत, उस्ताद और खलीफाओं का सम्मान किया जाएगा। बैंड-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ निकलने वाले चल समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

### रातभर होगा गोगादेवजी का गायन

वाल्मीकि धाम पहुंचने के बाद चल समारोह मेले में परिवर्तित हो जाएगा। आश्रम परिसर में रातभर गोगादेवजी का गायन होगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालु भुजरिया महापर्व और मेले में शामिल होकर धार्मिक आयोजन में भाग लेंगे।

## मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**मुंबई** पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है **1.** ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल के फेरे 29 नवंबर, 2026 तक विस्तारित किए गए हैं। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल के फेरे 30 नवंबर, 2026 तक विस्तारित किए गए हैं। **2.** ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल के फेरे 14 नवंबर, 2026 तक विस्तारित किए गए हैं। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल के फेरे 17 नवंबर, 2026 तक विस्तारित किए गए हैं। यात्रियों को सूचित किया जाता है कि लखनऊ स्टेशन पर ब्लॉक के कारण, ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल 5 सितंबर, 2026 से वाया मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर मार्ग से चलेगी तथा लखनऊ स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं होगा। इसके स्थान पर इस ट्रेन को ऐशबाग स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल 8 सितंबर, 2026 से इसी परिवर्तित मार्ग से चलेगी तथा लखनऊ के स्थान पर ऐशबाग स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। आगासोद-बीना के बीच तीसरी लाइन के कमीशनिंग हेतु आगासोद स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रलङ्ककटिहार स्पेशल 19 एवं 26 सितंबर तथा 3 एवं 10 अक्टूबर, 2026 को परिचालित नहीं होगी।

## 10 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़, लोगों ने पकड़ा

**सिरोंज (विदिशा)।** विदिशा के सिरोंज में गुरुवार रात 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ को लेकर विवाद हो गया। विरोध करने पर आरोपी वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद 5-7 साथियों के साथ लौटे और नाबालिग के पिता-भाई की दुकान में घुसकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने चाकू लहराकर धमकाया भी। विवाद बढ़ने पर आसपास के दुकानदार और मोहल्ले के लोग मौके पर जुट गए। भीड़ को देखकर युवक भागने लगे। इसी दौरान अनस को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर सिरोंज टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित पक्ष से घटना की जानकारी ली। इस घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार जुलूस निकाला। रात करीब 9:30 बजे नाबालिग और उसके परिजन 70-80 लोगों के साथ थाने पहुंचे। समाज और हिंदू संगठनों के सदस्य भी वहां पहुंचे और आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। भीड़ बढ़ने पर थाने के बाहर नारेबाजी शुरू हो गई। रात 12 बजे के बाद तक लोगों का जमावड़ा बना रहा।

# रक्षाबंधन पर बहन से भाई भाभी ने की मारपीट

### कान में चोट लगने से खून बहा, इसी भाई को राखी बांधने आई थी मायके

**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के सुसनेर थाना क्षेत्र के ग्राम कायरा में रक्षाबंधन के दिन एक महिला से उसके भाई और भाभी ने मारपीट की। इस घटना में महिला के कान में चोट लगी और खून बहने लगा। उसे उपचार के लिए सुसनेर अस्पताल ले जाया गया, जहां से पुलिस को सूचना दी गई।



पुलिस के अनुसार, ग्राम नैनोरा निवासी रेखा बाई रक्षाबंधन पर अपने मायके ग्राम कायरा पहुंची थीं। आरोप है कि उनके भाई मानसिंह और उनकी पत्नी को रेखा बाई का आना पसंद नहीं आया। उन्होंने पुराने विवाद को लेकर रेखा बाई से झगड़ा शुरू कर दिया। कथित तौर पर इसी दौरान भाई और भाभी ने रेखा बाई के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान रेखा बाई के कान के बाहरी हिस्से में चोट लगी, जिससे खून बहने लगा। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए सुसनेर अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद रेखा बाई ने सुसनेर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रेखा बाई की शिकायत के आधार पर मानसिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अब घटना के पीछे के विवाद और मारपीट की परिस्थितियों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, रेखा बाई और उनके भाई के बीच पहले भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें बाद में राजीनामा हो गया था। इसके बावजूद रक्षाबंधन के दिन यह विवाद फिर से सामने आया और मारपीट में बदल गया। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर हुई इस घटना की क्षेत्र में चर्चा है।

## बिलासपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त विमान का टायर फटा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान का टायर फट गया। शुक्रवार दोपहर अलायंस एयर की फ्लाइट 9-613 जब दिल्ली से बिलासपुर पहुंची तभी यह हादसा हुआ। विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। विमान में सवार सभी 37 यात्री और 4 क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। इसी फ्लाइट को बिलासपुर से प्रयागराज जाना था, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने उसे कैंसिल कर दिया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने जानकारी दी कि विमान के लेफ्ट (बाएं) साइड का टायर पंचर हुआ था। जानकारी के मुताबिक, रनवे पर लैंडिंग के बाद विमान दौड़ रहा था, तभी टायर फटने की आवाज सुनकर यात्री दहशत में आ गए। हालांकि, पायलट ने स्थिति को संभालते हुए विमान को सुरक्षित रोक लिया। एयरपोर्ट पर मौजूद स्टाफ तुरंत एक्टिव हुआ और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## 80 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को मिलेंगे लैपटॉप के पैसे

**भोपाल** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक पाने वाले स्टूडेंट्स को 1 सितंबर को लैपटॉप के लिए 25 हजार मिलेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के खातों में पैसे ट्रांसफर करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इस बार करीब 80,180 विद्यार्थी पात्र हैं। राशि विद्यार्थियों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को मिलता है, जिन्होंने 12वीं की परीक्षा पहले प्रयास में 75 या उससे अधिक अंकों से पास की है। स्कूल शिक्षा विभाग 1 सितंबर को डीबीटी के जरिए पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में 25 हजार ट्रांसफर करेगा। यह राशि लैपटॉप खरीदने के लिए दी जाती है। सरकार विद्यार्थियों को लैपटॉप सीधे नहीं देती। 25 हजार की सहायता राशि खाते में जमा की जाती है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए सहायता देने की योजना 2009-10 में शुरू हुई थी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/भोपाल**

**डीआरएम ऑफिस के पास भोपाल-462024 ईमेल-dyceecbpl@gmail.com**

**सार्वजनिक सूचना** प्रोफार्मा-10.01

समस्त रेलवे लाईनों तथा परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को जो पश्चिम मध्य रेलवे के निम्नलिखित सेक्शन में उपस्थित है, एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि ओवर हेड (सिर के ऊपर, शीर्षस्थ) खींचे गए तारों में 25 के. व्ही. 50 साईकल्स ए.सी. विद्युत प्रवाह नीचे दी गई तारीख को या उसके पश्चात किसी भी समय चालू होगा। उसी तारीख से शीर्षस्थ खींचे गए तारों को सर्वकाल विद्युत प्रवाह युक्त समझा जाएगा तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कथित शीर्षस्थ लाईनों के आसपास अथवा समीप नहीं आएगा अथवा कोई कार्य करेगा। **क्रमांक**-1, **सेक्शन का नाम**-पश्चिम मध्य रेलवे के रामगंजमंडी-भोपाल खंड पर नई बी जी लाइन ब्यावरा-सोनकच्छ खंड के संबंध में ओएचई उर्जाकरण। **25 के.व्ही. ए.सी. विद्युत प्रवाह प्रारंभ होने की तारीख**-20.09.2026, **क्रमांक-2, सेक्शन का नाम**-पश्चिम मध्य रेलवे के रामगंजमंडी-भोपाल खंड पर नई बी जी लाइन श्यामपुर-कुरावर खंड के संबंध में ओएचई उर्जाकरण। **25 के.व्ही. ए.सी. विद्युत प्रवाह प्रारंभ होने की तारीख**-31.08.2026,

प्रोफार्मा-10.02

**ए.सी. 25 के.वी. कर्षण को चालू करना**

**"सडक उपभोक्ताओं को चेतावनी"**

जनसाधारण को सूचना के लिये अधिसूचित किया जाता है कि पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के रामगंजमंडी-भोपाल खंड पर नई बी जी लाइन ब्यावरा - सोनकच्छ खंड में लोकेशन 163/10A(CH.-163.459) से लोकेशन 187/18 (CH.- 187.846) तक के संबंध में ओएचई 25 के.वी. ए.सी. विद्युत कर्षण आरंभ करने के लिये सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मी. की स्पष्ट ऊँचाई पर ऊँचाई गेजें लगाई गयी है ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोड को विद्युतमय कर्षणतार की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके। जनसाधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिये उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिलंघन न करें। **अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:**- 1. ऊँचाई गेज के लिये खतरा और उसके फल स्वरुप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जाये जा रही सामाग्रियों या उपस्कर को खतरा। 3. चालकों की खतरनाक समीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा। **खंड-पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के रामगंजमंडी-भोपाल खंड पर नई बी जी लाइन ब्यावरा - सोनकच्छ खंड में लोकेशन 163/10A (CH.-163.459) से लोकेशन 187/18 (CH. - 187.846) तक। विद्युतमय करने की दिनांक**-20.09.2026

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/भोपाल (म.प्र.)**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## न्यूज-कॉलम

### समय सीमा में कार्य नहीं करने पर 7 ग्राम पंचायत सचिव दंडित

**रतलाम।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर जिले में दो ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है। डीपीओ योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत बाजना की ग्राम पंचायत गडीगमना, ग्राम पंचायत रायपाडा ग्राम पंचायत झरन्या, ग्राम पंचायत खेरदा एवं जनपद पंचायत जावरा के ग्राम पंचायत शक्करखेडी, ग्राम पंचायत हाट पिपलीया तथा जनपद पंचायत रतलाम की ग्राम पंचायत नेगड्डा के सचिवों द्वारा लोक सेवा के आवेदन निर्धारित समय सीमा में निराकृत नहीं किए गए। समय सीमा बाह्य होने पर जिला योजना अधिकारी द्वारा संबंधित दोनों ग्राम पंचायत सचिवों को दंडित किया गया है। जिला योजना अधिकारी द्वारा जारी दंड आदेश का उल्लेख संबंधित कर्मचारियों के सेवा अभिलेख में भी किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शासन की सेवाओं का लाभ आमजन को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। जनता को समय पर शासकीय सेवाओं का लाभ नहीं देने तथा कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### 31 से मंडी में प्याज लेकर आएं किसान

**रतलाम ।** सचिव कृषि उपज मंडी समिति रतलाम ने बताया कि 29 अगस्त 2026 रक्षाबंधन पर्व का अगला दिवस होने से मंडी प्रांगण में महिला श्रमिको के आने की सम्भावना कम है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए कृषक बंधुओ से अपील की जाती है कि मंडी में लगभग 450 से 500 प्याज के वाहनों की नीलामी हो पाएगी। जबकि वर्तमान तक 200 से 250 वाहन मंडी प्रांगण में आ चुके है। अतः कृषक बन्धु अपनी उपज प्याज अगले कार्यदिवस सोमवार 31 अगस्त 2026 से मंडी प्रांगण में लाएं एवं होने वाली असुविधा से बचे ।

### रेड गोल्ड मैसी शोरूम संस्थापक हरिवंल्लभ पोरवाल का निधन



**नीमच।** शहर के प्रसिद्ध मैसी फेरगुशन, ट्रैक्टर डीलर फर्म पोरवाल रेड गोल्ड, मेसी शोरूम संस्थापक सेठ श्री हरिबल्लभ जी पोरवाल (बल्लू भैया) का 27 अगस्त गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया । पोरवाल परिवार सावन वाले के वरिष्ठ सदस्य एवं शशिकांत पोरवाल, रविकांत पोरवाल, सूर्यकांत पोरवाल के पूज्य पिताजी थे। आप कुशल व्यवसाई, समाजसेवी, व्यक्ति के निधन से शहर में अशोक सागर थे द्य आप अपने पीछे भारत पूरा संस्कारित परिवार छोड़ गए हैं द्य जिनकी शुक्रवार, दिनांक 28 अगस्त 2026 को हमारे निज निवास स्कीम नंबर 36 से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख समाज जन, जनप्रतिनिधि आदि ने सम्मिलित होकर आयोजित शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### फिल्टर प्लांट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को पहले फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर शहर की पेयजल व्यवस्था की हकीकत जानी और इसके बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नागरिक सेवाओं एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति परखी। कलेक्टर ने नों स्थानों पर अधिकारियों यवस्थाओं की जानकारी लने के साथ मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फिल्टर प्लांट में कलेक्टर ने पानी के शोधन की प्रक्रिया, मशीनरी की कार्यप्रणाली और प्लांट से होने वाली जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की क्षमता, प्रतिदिन होने वाली जलापूर्ति, जल शोधन प्रक्रिया और रखरखाव के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान पानी की शुद्धता एवं क्लोरीन की मात्रा की जांच भी की। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता उन्होंने पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए।

# पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर लिया संरक्षण का संकल्प

## मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित हुआ पेड़ को राखी प्रकृति से भाईचारा कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार देने तथा जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को च्पेड़ को राखी प्रकृति से भाईचारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त 2026 के अवसर पर सामाजिक रिश्तों को प्रकृति से जोड़ते हुए जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेने तथा विभिन्न वर्गों को इस अभियान से जोड़ने के लिए च्एक राखी एक संकल्प, रक्षा सूत्र एक राखी एक रिश्ताज एवं च्पेड़ को राखी प्रकृति से भाईचाराज जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 15 फूलदार चांदनी के पौधों का रोपण भी किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। रक्षाबंधन जैसे पर्व को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

इतिहास विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ऊषा अग्रवाल ने कहा कि पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधना प्रकृति के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और संरक्षण की भावना को मजबूत करता है।

कार्यक्रम में जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा मित्रा, क्रीड़ाधिकारी श्री राजू कुमार, पर्यावरण प्रभारी श्री अशोक धनोतिया, लेब टेक्नीशियन श्री दिनेश पंवार सहित एनएसएस स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

## महंगाई को लेकर रक्षाबंधन पर कांग्रेस ने बनाई शक्कर की अनोखी राखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी



भाजपा की मोदी सरकार में बढ़ती महंगाई के कारण गरीबो की थाली से शक्कर की मिठास,दालें,तेल सभी गायब से होगये है।शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने राखी पर शक्कर के पाउच रखकर एक अनूठी राखी तैयार कर बहिनों को वितरित कर अपनी तथा कांग्रेसजनों की कलाई पर भी बंधवाकर मोदी सरकार की महंगाई पर चुप्पी का करारा जवाब दिया है।

शर्मा ने कहा कि "जबसे मोदी सरकार आई है,कमरतोड़ महंगाई है" महंगाई डायन खात जाय है क्योकि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज महंगाई आसमान छू रही है और गरीब,किसान,मजदूर सभी लोग परेशान हो रहे है लेकिन मोदी सरकार कुम्भकरणी नींद सो रही है। शर्मा ने कहा कि पूंजीपतियों की इस सरकार में गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होते जारहै है।महंगाई, गरीब, किसान,छात्रों की लड़ाई नेता विपक्ष राहुल गांधी जी पूरी शिद्दत के साथ लड़ रहे है लेकिन मोदी की गूंगी बहरी सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नही है।

प्रदेश कांग्रेस के सचिव मुकेश निडर ने कहा कि महंगाई से आमजन त्रस्त है मेहनत मजदूरी के बाद भी गरीब, मजदूरों को दो जून की रोटी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रही है।

इस मौके पर राजीवगांधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल मालवीय, नगर अध्यक्ष भेरूपप्पू गुर्जर,पूर्व मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया, एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश ररोतिया, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पाटीदार बालागुड़ा, राजेन्द्र शर्मा सुंदरलाल प्रजापत,हेमराज प्रजापति आदि मौजूद थे।

## सात करोड लागत के भवन तैयार, फिर भी किराये के भवन में चल रहे हैं आजाक विभाग के बालक आश्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

अफसरों की हठधर्मिता के कारण सरकारी धन का किस तरह अपव्यय किया जाता है,इसका बेहतरीन उदाहरण इन दिनों आदिम जाति कल्याण विभाग में देखा जा सकता है। विभाग द्वारा आदिवासी बालकों के लिए चलाए जाने वाले बालक आश्रमों के दो भवन न सिर्फ बनकर तैयार हो चुके हैं बल्कि विभाग को हस्तांतरित भी हो चुके है,लेकिन इसके बावजूद विभाग द्वारा हजारों रुपए प्रतिमाह का किराया चुकाकर किराये के भवनों में ही आश्रमों का संचालन किया जा रहा है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के सूत्रों के मुताबिक विभाग द्वारा रतलाम और पीपलखूंटा में आदिवासी बालक बालिकाओ के लिए दो आश्रम भवन बनाए गए है। 50-50 बालकों की क्षमता वाले इन दोनो आश्रम भवनों पर कुल सात करोड की लागत आई है और उक्त दोनो भवन दो महीनों पहले ही विभाग को हस्तांतरित भी किए जा चुके हैं।

रतलाम और पीपलखूंटा दोनो ही स्थानों पर भवनों के अभाव में बालक आश्रम किराये के भवनों में संचालित किए जा रहे थे। विभाग द्वारा इन दो किराये के भवनों के लिए प्रतिमाह तीस तीस हजार रु. की राशि किराये के रुप में अदा की जा रही है। नए भवन बन जाने के बाद उक्त आश्रमों को अविलम्ब नवनिर्मित भवनों में स्थानांतरित किए जाने चाहिए थे। लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही या हठधर्मिता के चलते अब भी दोनो आश्रम किराये के भवनों में ही चलाए जा रहे हैं।सात करोड की लागत से बने सर्वसुविधा युक्त भवन उपलब्ध होने के बावजूद आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रतिमाह साठ हजार रु. महज किराये के नाम पर व्यय किए जा रहे हैं।



## 5 दिवसीय बैंकिंग की मांग एवं पीएल आई में हेराफेरी के खिलाफ प्रदर्शन

**मंदसौर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के घटकों द्वारा भारत सरकार की 5 दिन की बैंकिग लागू करने , सरकार की एक तरफा और भेदभावपूर्ण पीएलआई योजना के खिलाफ तथा लंबित मांगों के समाधान हेतु आज भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सभी राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान बताया कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर 11 सितम्बर को अखिल भारतीय हड़ताल, 28, 29 व 30 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल तथा 26 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल का आव्हान किया गया है। सभा को कामरेड नरेंद्र सिंह राठौर, रमेशचन्द्र जैन, सुरेन्द्र संघवी, गजेन्द्र तिवारी ने संबोधित किया। आभार जिनेन्द्र राठौर ने माना। प्रदर्शन में नितिन खटाना, पूनम रावल, विरेन्द्र कुमार भावसर, भवानी मीणा, रवि गेहलोत, त्रिलोकसिंह शक्तावत, नरेन्द्र पारुण्डिया, राकेश शर्मा, मोहित राठौर, प्रज्ञा जैन, मंगेश राठौर, रोशन सैनी, सहित कई बैंक कर्मी शामिल हुए।

## दशपुर रंगमंच ने मुकेश जी की पुण्यतिथि पर दी संगीतमय श्रद्धांजलि, याद आए अमर नगमे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



स्थानीय दशपुर रंगमंच द्वारा हिंदी सिनेमा के महान पार्श्व गायक मुकेश जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के सुरीले गायकों ने मुकेश जी के अमर गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार नगमे पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आबिद शाह ने 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए', श्याम गुप्ता ने 'ये कौन चित्रकार है', अभय मेहता ने 'ये मेरा दीवानापन है' तथा आशा तरवेचा ने 'एक प्यार का नगमा है' गाकर समां बांधा। इसी क्रम में रौनक मिंडा ने 'चांद सी महबूबा हो मेरी', राजा भैया सोनी ने 'दिल लूटने वाले जादूगर', डॉ. महेश शर्मा ने 'सारंगा, तेरी याद में', दिव्यांश वर्मा ने 'मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने', हिमांशु वर्मा ने 'चंदन सा बदन चंचल चितवन', ललिता मेहता ने 'दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई' और स्वाती रिछावरा ने 'कहीं करती होगी वो मेरा इंतजार' जैसे दिलकश गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के दौरान राज कपूर और मुकेश जी के आत्मीय संबंधों को याद करते हुए अभय मेहता ने बताया कि अमेरिका में जिस दिन मुकेश जी का निधन हुआ था, उस वक्त मर्माहत होकर राज कपूर साहब ने कहा था कि 'आज मेरी आवाज ही खो गई है।' इस अवसर पर उषा कोठारी, निशा सांड, आकांक्षा पोखरना सहित अनेक गणमान्य नागरिकों व संगीत प्रेमियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का कुशल संचालन आबिद शाह ने किया तथा अंत में ललिता मेहता ने उपस्थित सभी कलाकारों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## खेल मैदान बचाने आप पार्टी का प्रदर्शन, सीएम राइज स्कूल की जगह बदलने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

दशकों पूर्व हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान के दो तरफ दुकान और बाजार बनने के बाद यह मैदान स्टेडियम की शक्ल ले चुका था। यहां सैकड़ो बच्चे युवा नित्य व्यायाम खेल फुटबॉल क्रिकेट दौड़ आदि के लिए पहुंचते रहे हैं। शान द्वारा इस मैदान पर कम राइस स्कूल की घोषणा के बाद खेल प्रेमी युवा द्वारा मैदान को बचाने के लिए आंदोलन चलाया गया द्य अब इस आंदोलन को आम आदमी पार्टी ने भी समर्थन देकर प्रदर्शन शुरू किया है द्यबीते 10 दिनों से चल रहा है। खेल मैदान बचाने का संघर्ष अभी भी जारी है। "मैदान बचाएंगे, -नीमच का भविष्य बचाएंगे" और "भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी" जैसे नारों के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सांकेतिक धरना देने के बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नवीन गर्ग को ज्ञापन सौंपा। इसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के मैदान पर प्रस्तावित सीएम राइज स्कूल का निर्माण अन्य स्थान पर करने और मैदान को स्थायी रूप से खेल गतिविधियों के लिए संरक्षित रखने की मांग की गई। आप नेताओं ने कहा कि यह मैदान वर्षों से विद्यार्थियों, स्थानीय खिलाड़ियों और शहरवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेलों का अभ्यास और प्रतियोगिताएं होती हैं। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताएं भी यहां आयोजित हो चुकी हैं।

## डीजे से ध्वनी प्रदूषण पर व्यापारियों ने पुलिस को लिखित शिकायत की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहरों मे विभिन्न पर्वों पर चल समारोह रैली आदि में डीजे का उपयोग प्रचलन अत्यधिक बढ़ रहा है। कुछ देर संगीत बजाकर आगे बढ़ जाना ठीक है लेकिन मिलाद उन्नामी पर्व पर मुख्य बाजार में एक-एक दो-दो घंटे तक एक ही जगह डीजे द्वारा ध्वनि प्रदूषण किया गया। नीमच केन्ट के अनेक क्षेत्र के दुकानदारों और रहवासियों ने बुधवार दोपहर नीमच केंट थाने पहुंचकर थाना प्रभारी सौरभ शर्मा के नाम एक हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन देकर बताया कि 26 अगस्त को मुस्लिम धर्म के ईद -मिलादुन्नबी पर्व पर निकाले गए जुलूस में अलग-अलग क्षेत्रों से भारी मात्रा में डीजे का उपयोग किया गया जिनके अत्यधिक में शोर के कारण बाजार क्षेत्र के दुकानदारों को काफी परेशानी में का सामना करना पड़ा।

ज्ञात रहे एक दिन पर वही किसी मुस्लिम व्यक्ति के ध्वनि प्रदूषण से ही तबीयत खराब होने के बाद मौत हो जाने की पुष्टि डॉक्टर द्वारा की गई थी । तेज धोनी में बजने वाले डीजे आदि से हार्ट बीट और व्यक्ति की मनस्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अन्य दुष्प्रभाव को देखते हुए बाजार क्षेत्र में व्यापारियों ने यह भविष्य के लिए लगातार ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग को लेकर आवेदन दिया द्य जबकि जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार ने भी ध्वनि यंत्रों के उपयोग हेतु दिशा निर्देश एवं अनुमति अनिवार्य की है।

डीजे के संचालनकर्ताओं ने भी नियम शर्तों और पर्व के आयोजन से जुड़े ने प्रशासन की अनुमति की का पालन न करते हुए शहर में अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान करने का कार्य किया तथा जुलूस के दौरान जुलूस को सही चौराहों पर 1 से 2 घंटे तक रोक कर रखा गया और इस दौरान तेज ध्वनि और बड़ी मात्रा में ध्वनि प्रदूषण किया गया जो जन स्वास्थ्य के हित में नहीं है। इन लोगों पर नियंत्रण किया जाना आवश्यक है।

शिकायतकर्ताओं ने कैंट पुलिस को हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत में कहा कि गत वर्षों की तुलना में इस इस बार जुलूस में शामिल युवकों द्वारा जानबूझकर अशोभनीय नारेबाजी और डीजे के अधिक डेसीबल के प्रभाव से लोगों के मन मस्तिष्क पर मानसिक रूप से विपरीत असर हुआ है। शिकायत कताओं ने कहा प्रशासन की अनुमति का पान नहीं करने वाले संबंधित संचालकों और आयोजन कत पर कार्रवाई की जावे।

इस अवसर पर निर्मव नरेला, दिलीप छाजेड़, बाबून नागदा, प्रदीप मेहता, द पाटीदार, रवि बलानी, आ नागदा, राजकुमार सैनी, पारीक, सर्व विजय डोरिया रामनानी, कृष्णकुमार सैनी, पटेल, पवन जैन, अजय गोपाल नायक, सुनील गर्ग सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## न्यूज कालम



### निनोरा आर्य समाज द्वारा श्रावणी के साथ शुभारंभ हुआ वेद प्रचार सप्ताह

**पिपलिया मंडी।** प्रति वर्षों अनुसार इस वर्ष भी निनोरा आर्य समाज एवं आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 28 अगस्त 2026 को भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर्व पर श्री राम जानकी मंदिर पर प्रातःकाल में श्रावणी पर्व मनाया गया। श्रावणी उपकर्म के तहत सभी आर्य बंधु नई यज्ञोपवीत धारण करी। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान कुंजीलाल पाटीदार, दयानंद पाटीदार शिवनारायण शर्मा लक्ष्मीनारायण पाटीदार आदि ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में बड़ी सख्या में आर्य बंधु उपस्थित थे। इसी क्रम में प्रतिदिन यज्ञ ब्रह्मा पंडित शिवनारायण नागर के आचार्यत्व में विभिन्न यजमानों के सोजन्य से आगामी 4 सितंबर 2026 तक यज्ञ कर वेद प्रचार सप्ताह मनाया जाएगा।

### ऊटी लहसुन बीज की मांग बढ़ी, किसानों की उमड़ी भीड़

**नीमच।** जिले के किसानों में वर्तमान लहसुन के भाव को देखते हुए लहसुन बीच की भारी मांग बढ़ गई है। जिले के जावद में बस स्टैंड से मंडी रोड तक प्रतिवर्ष लगने वाली लहसुन बीच की दुकानो पर इस बार ऊटी लहसुन की मांग के साथ किसानों की भीड़ उमड़ गई है। जावद क्षेत्र में किसान लहसुन बुवाई की तैयारियों मे जुट गया है। बीज खरीद मे अच्छी उपज के चलते ऊटी लहसुन बीज की मांग अधिक है। गुरुवार सहित बीते एक सप्ताह से बीच खरीद हेतु किसानों की आवाजाही से और वाहनों की बढ़ती संख्या के चलते जावद-नीमच मार्ग पर जाम लग गया। मंडी तक बाहनों की कतारें लगने से स्थानीय राहगीर और किसानों को काफी परेशानी हुईं । व्यापारियों और किसने की माने तो लहसुन बी 30 हजार से 36 हजार रू क्विंटल तक बिक गया है। वर्तमान में लहसुन के अच्छे भाव मिलने सेजिले में किसानों का रुझान लहसुन की बुवाई में अधिक है।

### आपात स्थिति मे सीपीआर देकर बचाई अनजान व्यक्ति की जान

**नीमच।** आज के समय में आकस्मिक मोतो की संख्या देखते हुए इमरजेंसी में किए जा सकते हैं प्रयासों में एक प्रयास सीपीआर कृत्रिम श्वसन भी है. ऐसे ही एक मामले में बेहोशी क्या हालत में मौत के मुंह से वापस लाने में कृत्रिम श्वसन या सीपीआर पद्धति कारगर सिद्ध हुई । समीप ग्राम कनावटी निवासी मुकेश कुमार नायक ने अपनी सूझबूझ और समय पर सीपीआर देकर सड़क पर बेहोश पड़े एक अनजान व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित भी किया। मुकेश कुमार नायक ने बताया कि 22 जुलाई की रात करीब 11.30 बजे वे फैक्ट्री से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। मौके पर कई लोग खड़े थे, लेकिन कोई उसकी मदद नहीं कर रहा था। मुकेश कुमार ने तत्काल अपनी गाड़ी रोकी और व्यक्ति की स्थिति देखी। धड़कन महसूस नहीं होने पर उन्होंने तुरंत सीपीआर देना शुरू किया, जिससे उसकी सांस वापस चलने लगी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे डॉ. स्वप्निल वधवा ने भी अपनी गाड़ी रोकी। उन्होंने व्यक्ति की पल्स चेक की, जो चालू हो चुकी थी। इसके बाद मुकेश कुमार और डॉ. वधवा ने व्यक्ति को सरकारी अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया।

### सुविधाओं की मांग को लेकर एबीवीपी ने प्रदर्शन कर सौपे ज्ञापन

**नीमच।** प्रदेश के शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला नीमच द्वारा रैली निकालकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा गया द्य गुरुवार को एबीवी पी द्वारा रैली व प्रदर्शन प्रदर्शन किया गया । पीजी कॉलेज से छात्रों कार्यकताओं और विद्यार्थियों में रैली निकाली और नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा द्य एबीवीपी ने कहा कि शासकीय कॉलेजों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत है। बेहतर शिक्षा के साथ स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण भी जरूरी है। परिषद ने कॉलेजों की आवश्यकताओं के लिए अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की द्य परिसर मे पेयजल और शौचालय व्यवस्था सुधारने की शुद्ध पेयजल हेतुआर ओ मशीनों की मरम्मत करने और छात्राओं के लिए सैनेटरी नैपक्किन की व्यवस्था पर भी जोर दिशा गया। कक्षाओं में पर्याप्त बैंक पंखे, प्रकाश, खिड़कियों और विद्युत दुरुस्त करने की मांग रथ्वी गई। सुव्यावस्थित लाइब्रेरी और लेंब की सुविधाएं बढ़ाने की मांग परिषद प्रतियोगी परीक्षाओं की कितार्थ और समाचार पत्र उपलब्ध कराने के साथ बैठने की व्यवस्था तथा ई-लाइब्रेरी शुरू करने की मांग की।

### महाकाल से सोमेश्वर महादेव तक डाक कावड़ लाने वाले यदुवीर सेना का किया अभिनंदन

**नीमच।** उज्जैन महाकाल मंदिर से नीमच ग्वालटोली श्री सोमेश्वर महादेव तक डाक कावड़ लाने वाले यदुवीर सेना के भोले भक्त सदस्यों का कृष्णाज ग्रुप ने अभिनंदन किया, जानकारी देते हुए कृष्णाज ग्रुप के एडमिन पवन कुंगर और यदुवीर सेना के हरीश यादव ने बताया कि नीमच जिले के ग्वालटोली क्षेत्र स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े हुए यदुवीर सेना के यादव युवाओं ने उज्जैन श्री महाकालेश्वर मंदिर से नीमच ग्वालटोली श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर तक ऐतिहासिक डाक कावड़ यात्रा निकाली। यदुवीर सेना के जिला अध्यक्ष तेजू यादव और यात्रा संयोजक दुर्योधन यादव के नेतृत्व में लगभग 80 युवाओं ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन करने के पश्चात रामघाट श्री शिप्रा नदी से डाक कावड़ यात्रा 24 तारीख की रात्रि 2.35 से शुरू की जो कि लगातार यात्रा करने के पश्चात दोपहर 2.40 पर संपन्न हुई। डाक कावड़ यात्रा में सभी यादव समाज के युवक शामिल थे जो कि नीमच सहित आसपास के क्षेत्रों से आए थे। बताया गया कि डाक कावड़ का संकल्प क्षेत्र की खुशहाली और श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर को केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य स्वरूप में निर्माण करना है। डाक कावड़ यात्रा में जिला उपाध्यक्ष पिंकू यादव, लखन यादव, जीतू यादव सहित मौजूद यदुवीर सेना के सदस्यों का जय श्री कृष्णा का दुपट्टा उड़ा कर अभिनंदन कृष्णाज ग्रुप के सदस्यों ने किया । इस दौरान कृष्णाज ग्रुप के पवन कुंगर, संजय यादव, सुधीर सगर, मनीष जयंत आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने जवानों को भेजी स्नेह की डोर

**महिदपुर।** शासकीय मॉडल स्कूल में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सुंदर राखियां बनाईं। साथ ही देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान और देशभक्ति प्रकट करते हुए स्वयं बनाई राखियां सीमाओं पर तैनात जवानों के लिए भेजीं।

## मुख्यमंत्री श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर निजानंद कुटिया पर दर्शन के लिए आए



**खाचरौद।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्री निजानंद धाम आश्रम (चिरोला फंटा, खाचरौद ) पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुदेव का पूजन एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया गया। मुख्यमंत्री के आगमन पर निजानंद समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री का काफिले का स्वागत हैलीपैड मार्ग से कुटिया तक मंच से पुष्प वर्षा कर किया गया।

## जीवनधारा नमामि गंगे संस्था ने किया पौधारोपण

**सुसनेर।** जीवनधारा नमामि गंगे संस्था के तत्वावधान में मंगलवार 26 अगस्त को पंचमुखी हनुमान मंदिर, थाना परिसर सुसनेर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में देवनारायण यादव, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुसनेर एवं अनिल मालवीय, थाना प्रभारी सुसनेर का गरिमामयी सानिध्य प्राप्त हुआ। संस्था की ओर से अभिषेक पाण्डे, प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित शर्मा (चंकी भैया), जिला अध्यक्ष आगर मालवा, एडवोकेट कुलदीप प्रजापति, महेश राठौर एवं अंकित जैन सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचवटी (मंगल वाटिका) की स्थापना के उद्देश्य से पीपल, बरगद, बेल, आंवला एवं अशोक के पौधों का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त जामुन, आम, नीम, गुड़हल, शीशम सहित अनेक प्रजातियों के पौधे भी लगाए गए। संस्था सदस्यों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

## झाड-फूंक में गया समय तो जा सकती है जान, सर्पदंश पर सीधे अस्पताल पहुंचें

**सारंगपुर।** बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के चलते होने वाली देरी को लेकर स्थानीय प्रशासन ने चिंता जताई है। सारंगपुर एसडीएम जय सोलंकी ने आमजन से अपील की है कि सांप के काटने की स्थिति में झाड-फूंक और तंत्र-मंत्र के चक्कर में समय बर्बाद करने के बजाय पीडित को तत्काल निकटतम शासकीय अस्पताल पहुंचाएं। उनका कहना है कि सर्पदंश के मामलों में उपचार शुरू करने में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है और समय पर अस्पताल पहुंचने से जान बचाई जा सकती है। एसडीएम सोलंकी ने बताया कि अधिकांश सांप विषहीन होते हैं, लेकिन यदि सांप विषैला है तो देरी घातक साबित हो सकती है। सर्पदंश के उपचार में एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) सबसे प्रभावी उपचार है, जो शासकीय अस्पतालों में निश्शुल्क उपलब्ध है।

## जलभराव, इल्ली और अफलन की मार

**सारंगपुर।** क्षेत्र के अधिकांश गाँवों में हाल ही में हुई अतिवृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उदनखेडी, नरानिया, सुल्तानिया, नेनवाडा और छापरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में खेतों में लंबे समय से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पानी जमा होने के कारण सोयाबीन की फसल में भयंकर इल्ली प्रकोप और अफलन (फली न आना या दाना न बनना) की समस्या उत्पन्ना हो गई है, जिससे फसल पूरी तरह खराब होने के कगार पर पहुँच चुकी है। ऐन वक्त पर फसल नष्ट होने से स्थानीय किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

### 10 राज्यों में किया पीछा 14 आरोपी गिरफ्तार, 3 हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले

# पैसे डबल करने का झांसा देकर 2 करोड़ की धोखा-धड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

### 1.73 करोड़ नगद, 4 वाहन,19 एंड्रॉयड मोबाइल सहित कुल 2 करोड़ 92 लाख 91 हजार रुपए का माल जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी पुलिस थाना अंतर्गत फरियादी देवेन्द्र पिता कृपाशंकर पालीवाल 46 वर्ष निवासी ब्यावरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रफुल्ल गजभिये ने स्वयं को बड़ी कम्पनी से जुड़े लोगों का परिचित बताते हुए निवेश की रकम दोगुनी करने का लालच दिया। उसके द्वारा अन्य आरोपियों से फरियादी की मुलाकात कराई तथा फर्जी ई-मेल एवं दस्तावेज दिखाकर विश्वास में लिया। आरोपियों ने फरियादी को 2 करोड़ रु निवेश करने पर अधिक राशि वापस मिलने का झांसा दिया।

भोपाल में आरोपियों ने फरियादी से 2 करोड़ रु नगद प्राप्त कर उसे हवाला, आंगड़िया के माध्यम से भेजने की बात कही तथा फर्जी भुगतान संदेश दिखाकर उसे भ्रमित किया। राशि वापस प्राप्त नहीं होने पर फरियादी को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। फरियादी दो दिनों तक आरोपियो की तलाश भोपाल में करता रहा कोई जानकारी नहीं मिलने पर थाना ब्यावरा पुलिस को सूचित किया। ब्यावरा पुलिस ने अपराध पंजीकृत किया। प्रथम दृष्टया आरोपियों द्वारा आपराधिक षड्यंत्रपूर्वक धोखाधड़ी कर राशि हड़पने पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ ने आरोपियों की गिरफ्तारी एवं ठगी गई राशि की बरामदगी हेतु 10 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया जिसमें लगभग 50 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। आरोपियों के मूवमेंट व आपसी कनेक्शन की कड़ियां जोड़ने के लिए अलग-अलग राज्यों में करीब 3 हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस टीमों ने लगभग 30 हजार किलोमीटर की दूरी तय करते हुए करीब 35 दिनों तक लगातार कार्रवाई की, आरोपियों की तलाश में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित 10 राज्यों में लगातार दबिश दी और विभिन्न राज्यों से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस गिरोह की कार्य प्रणाली कई स्तरों में बँटी हुई थी। जिसमे पहला स्तर था मालदार पर जरूरतमंद पीड़ित को चिन्हित करना।

भोपाल के जहांगीराबाद स्थित बाबूलाल कांतीलाल कोरियर ऑफिस पर फरियादी से 2 करोड़ रु की नगद राशि प्राप्त की। जांच में सामने आया कि अंगड़िया हेड आरिफ हुसैन के कहने पर सन्नी उर्फ शमीम मंडल एवं मुस्कीम मंडल राशि लेने के लिए जहांगीराबाद भोपाल पहुंचे। दोनों ने फरियादी से 2 करोड़ रु की नगद राशि प्राप्त की और इसके बाद फरियादी को विश्वास में रखने के लिए 4 करोड़ रु के आरटीजीएस का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर वहां से फरार हो गए।

साहिल पिता रमेश नीसवाडे 25 वर्ष निवासी प्लाट नं. 124, जय गुरुदेव नगर, मानेवाडा-बैसा रोड, नागपुर, महाराष्ट्र से कुल नगद राशि 1 करोड़ 73 लाख 16 हजार रु., 04 चार पहिया वाहन 1 करोड़ 12 लाख रु., 19 एंड्रॉयड मोबाइल फोन 7 लाख 75हजार रु., कुल 2 करोड़ 92 लाख 91 हजार रु का माल जप्त किया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों, फर्जी कम्पनी, ई-मेल संचालन, हवाला, आंगड़िया नेटवर्क, बैंक खातों एवं ठगी की राशि के लेन-देन के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही। जप्त मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तकनीकी जांच जारी है। उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान पाया गया कि आरोपियो के द्वारा इंदौर में भी इसी प्रकार धोखाधड़ी करने का प्लान बनाया था परंतु राजगढ़ पुलिस द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी की जाने से उक्त प्लान फेल हो गया

आरोपियो के द्वारा इसके पूर्व में पश्चिम बंगाल में 50 लाख एवं दिल्ली पुलिस के अधिकारी के साथ भी 50 लाख की धोखाधड़ी की साथ ही यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपियो के ऑफिस उदयपुर,बंगाल, इंदौर, भोपाल, दिल्ली, मुंबई में भी है।

#### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त संपूर्ण कार्रवाई में जिला राजगढ़ पुलिस की विशेष टीम के साथ-साथ मुंबई, नांदेड़, लातुर,भदौही, पुणे, हैदराबाद, केरल, तेलंगाना, भोपाल की सिटी पुलिस ने सभी आरोपियो की गिरफ्तारी एवं ठगी गई राशि की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कम समय में पैसा दोगुना करने, अत्यधिक लाभ देने अथवा किसी बड़ी कम्पनी के नाम पर निवेश का लालच देने वाले व्यक्तियों पर विश्वास न करें। किसी भी निवेश से पहले संबंधित कम्पनी एवं योजना का आधिकारिक माध्यम से सत्यापन अवश्य करें।

### नागदा में एक ही रात में 4 खेतों में चोरी

# मोटर स्टार्टर और केबल वायर ले गए चोर, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में चोरी की वारदातों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार रात नागदा शहर से सटे भगतपुरी गांव में चोरों ने एक साथ चार खेतों को निशाना बनाया। तीन खेतों से मोटर स्टार्टर और केबल वायर चोरी कर लिए गए, जबकि एक खेत में कमरे का दरवाजा और दीवार तोड़ने के बावजूद चोरों के हाथ कुछ नहीं लगा। लगातार हो रही चोरियों से किसानों में चिंता बढ़ गई है।

चोरों ने मिट्ठू जायसवाल के खेत से करीब 15 हजार रुपए का मोटर स्टार्टर चोरी कर लिया। विनोद गुर्जर के खेत से करीब 70 फीट केबल वायर और लोकेश प्रजापत के खेत से करीब 20 फीट केबल वायर ले गए। एक अन्य खेत में चोरों ने कमरे का दरवाजा और दीवार तोड़ दी, लेकिन वहां उन्हें कोई सामान नहीं मिला।

मिट्ठू जायसवाल के अनुसार, चोर खेत में चोरी करने के लिए गेती लेकर आए थे। वारदात के बाद वे गेती मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी और तोड़फोड़ की जानकारी मिली।

एक के बाद एक सामने आ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण और शहरी इलाकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ पुराने मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी जरूरी है। विधायक तेज बहादुर सिंह की प्रशासन पर पकड़ को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

चोरी की इन घटनाओं और पुलिस की कार्रवाई को लेकर फिलहाल प्रशासन या पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। पुलिस की जांच और कार्रवाई के बाद ही घटनाओं से जुड़ी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

#### एक महीने पहले चार मकानों में हुई थी चोरी

करीब एक महीने पहले नागदा के सुनिर नगर क्षेत्र में भी चोरों ने एक ही मोहल्ले के चार मकानों को निशाना बनाया था। इन मामलों में शामिल आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं। इसके अलावा खाचरौद थाना क्षेत्र में भी पिछले कुछ समय में चोरी की कई घटनाएं सामने आई हैं।

### मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थो पर सख्ती

# 35 किलो संदिग्ध मावा और 20 किलो पनीर जब्त

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



कलेक्टर डॉ.गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार सघन जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 अगस्त को राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ब्यावरा क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान श्रीकृष्णा दूध डेयरी राजगढ़ बाईपास ब्यावरा से संदिग्ध मावा एवं पनीर के नमूने लिए गए। साथ ही 35 किलोग्राम संदिग्ध मावा, जिसकी अनुमानित कीमत 9,800 रुपये है की जब्ती की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार शारदा दूध डेयरी जगात चौक ब्यावरा से पनीर का नमूना लिया गया तथा 20 किलोग्राम संदिग्ध पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 7,200 रुपये है, की जब्ती की कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थ मावा एवं पनीर के नमूने लिए गए हैं तथा संदिग्ध खाद्य सामग्री की जब्ती की कार्रवाई की गई। लिए गए नमूनों को जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल, स्वीट्स एवं किराना दुकानों के निरीक्षण और मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।



## ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर कांग्रेस द्वारा जुलूस का स्वागत

**खाचरौद।** ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर मुस्लिम समाजजन द्वारा निकाले गए जुलुस का स्वागत पूर्व विधायक दिलीपसिंह जी गुर्जर के नेतृत्व में किया गया। जुलुस का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा, पीसीसी सदस्य अनोखीलाल सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन ढोला पाटीदार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शेरू मंसूरी, अजीज पेंटर, नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद नारायण मण्डावलिया, प्रकाश डाबी, संजय नंदेडा, वैभव चौहान आदि ने स्वागत किया।

## पैगंबर साहब के जन्मदिवस पर 50 यूनिट रक्तदान



**बड़ोद।** 12 रबीउल अव्वल के अवसर पर अंजुमन कमेटी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 50 यूनिट रक्तदान किया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की मदद का संदेश दिया गया। इस दौरान रक्तदाताओं एवं आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। कैंप मे आलम खान असलम खान का विशेष सहयोग रहा, आभार सद्दाम मुल्तानी ने माना इस मौके पर हाजी अब्दुल रशीद जावेद मुल्तानी इश्तियाक शेख अली हुसैन, इमरान काजी, नरेंद्र सूर्यवंशी, आबिदउल्ला एडवोकेट, मोहसिन लाहोरी, मोहसिन मंसूरी ,नईम लाहौरी,गोकुल सिंह राजपूत, उपस्थित रहे!

## स्वामी सुखराम दास वैदिक गुरुकुल में संस्कृत सप्ताह के तहत कार्यक्रम



**खाचरोद।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार स्वामी सुखराम दास वैदिक गुरुकुल, रामद्वारा धाम खाचरोद में 25 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक चलने वाले 'संस्कृत सप्ताह' के अंतर्गत प्रथम तीन दिनों के विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। प्रथम दिवसः तिलक लगाकर हुआ स्वागत, गूँजे सुभाषित श्लोक संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ अवसर (25 अगस्त) पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया और परस्पर संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। सामूहिक दिनाचरण के तहत विद्यार्थियों ने 10 प्रमुख सुभाषित श्लोकों का सस्वर पाठ किया। इस दौरान संस्था निदेशक व प्रधानाचार्य श्री संत रामानुराग, आचार्य योगिराज हर्षराम, आचार्य मयूर शर्मा, सुजल सिंह एवं महेश शर्मा, आदित्य सर की उपस्थित रहे। दूसरे दिन (26 अगस्त) विद्यालय में दैनिक संस्कृत प्रार्थना व दिनाचरण के पश्चात भव्य 'संस्कृत गीत प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गुरुकुल के छात्र-छात्राओं ने सुमधुर संस्कृत गीतों की प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया।

# महंगाई, किसान समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर





बढ़ती महंगाई के विरोध में गुरुवार को महिदपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

रैली के दौरान बीजेपी का देखो खेल, खा गए शक्कर, पी गए तेल! जैसे नारों के साथ महंगाई के खिलाफ विरोध जताया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच शक्कर वितरित कर बढ़ती कीमतों के प्रति सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं तराना विधायक महेश परमार ने कहा कि बढ़ती महंगाई से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय भी शक्कर, तेल, गैस और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ना आम जनता के लिए चिंता का विषय है।

विधायक दिनेश जैन बॉस ने कहा कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज और उसके अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रखी जाएगी। वहीं विधायक महेश परमार ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्लअच्छे दिनह्व का वादा करने वालों से आज जनता सवाल पूछ रही है कि आखिर महंगाई से राहत कब मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

### तराना

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन के नेतृत्व में गुरुवार को बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं एवं आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं और किसान साथियों ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तराना, शहर कांग्रेस कमेटी तराना सहित कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कप्तान सिंह एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश रावल सहित कांग्रेसजनों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण, खाद्य तेल, शक्कर, दाल, हल्दी, मिर्च, मसाले, नारियल एवं मिठाई सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों को लेकर चिंता जताई। वहीं किसानों की लंबित फसल बीमा राशि, खाद की उपलब्धता में अनियमितता, बिजली की बढ़ती दरों एवं लगातार बढ़ते बिजली बिलों सहित किसानों और आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने महामहिम



राज्यपाल के नाम एसडीएमको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों एवं आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा आवश्यक राहत प्रदान करने की मांग की गई।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह,पूर्व नप अध्यक्ष उमेश शर्मा, नरेंद्र कानडी, रामसिंह सोंती, लक्ष्मीनारायण वर्मा, पवन बारोड़, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कामिल कुरैशी, कैलाश गोठी,सुनील गोठी, शेख यासीन, दीपक दवे, धर्मेंद्र गुर्जर, सैय्यद नियामत अली दीपक जनोलिया, विपिन जावा सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शहर मंडलम अध्यक्ष दीपेश परमार द्वारा दी गईं।

### खाचरोद

विधानसभा क्षेत्र नागदा खाचरोद के खाचरोद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के निदेर्शानुसार महंगाई के खिलाफ प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया गया। शक्कर के बड़ते दाम, रसोई गैस, बिजली के बढ़ते बिल, पेट्रोल-डीजल एवं रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। इसी के विरोध में कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मोर्चा संगठनों ने एकजुट होकर ह्लमहंगाई के खिलाफ जनता की आवाजह्व बुलंद की।इस प्रदर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याओं और अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए बढ़ती महंगाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष गोविंद भरावा, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह पवार, चंद्रप्रकाश चोरड़िया,आदि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### बड़नगर

बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के विरोध में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य बाजार में पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया। हाथों में तख्तियां लिए कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने शक्कर के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि पर रोक लगाने, ए20 पेट्रोल के जबरन उपयोग से वाहन चालकों को हो रही परेशानी को दूर करने, बड़नगर डायवर्शन रोड के निर्माण में हो रही देरी को शीघ्र पूरा करने, डायवर्शन रोड पर अधूरे और अव्यवस्थित नाली निर्माण को दुरुस्त करने और बढ़ते बिजली बिलों से आम जनता को राहत देने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, शहर अध्यक्ष रईस कुरैशी, इंगोरिया ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह पलदूना, खरसोद कलां भाटपचलाना ब्लॉक अध्यक्ष अनोखीलाल राठौड़, होशियार सिंह राजावत, जगदीश धाकड़ राजेन्द्र सिंह सोलंकी, संजय शर्मा, पंकज जोशी, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## क्या बच्चों को हर समय एक्टिविटीज में बिजी रखना सही है?

आजकल पैरेंट्स बच्चों की एजुकेशन और गतिविधियों को लेकर बहुत ही अलर्ट हो गए हैं। वे चाहते हैं कि बच्चा कुछ न कुछ सीखता रहे, कभी बच्चों को ट्यूशन भेजना, कभी डांस क्लास, कभी सपोर्ट्स में तो कभी आर्ट और अगर बच्चा कुछ समय के लिए फ्री है, तो टीवी या मोबाइल देखने लगता है। पैरेंट्स को लगता है कि बच्चे को खाली नहीं बिठाना चाहिए क्योंकि इससे उनका समय बर्बाद होता है। लेकिन क्या सच में सारा दिन बच्चे को बिजी रखना उनके मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा है?

जब बच्चा बिना किसी प्रेशर के खेलता है, अपनी मनपसंद ड्रॉइंग बनाता है, इधर-उधर देखता है या बस आराम करता है, तो असल में उसका दिमाग काम कर रहा होता है। वह दिन भर में सीखी हुई चीजों को जोड़ता है, समझता है और अंदर से मजबूत बनाता है। बच्चों के दिमाग को जानकारी को समझने के लिए खाली समय देना बहुत जरूरी है।

# बच्चों को न लगने दें मोबाइल की लत, पैरेंट्स हो जाएं सतर्क

स्कूल का मानना है कि फोन से बच्चे भटक जाते हैं, और बिना फोन के बच्चे 'असली बचपन' जीते हैं। यहां मशीनी सीख के बजाय इंसानी सोच, क्रिएटिविटी और विजन डवलप करने पर जोर दिया जाता है।



गूगल हेड ऑफिस से 3 किमी दूरी पर चल फेमस वाल्डोर्फ स्कूल में फोन पूरी तरह से बैन है। इस स्कूल की सालाना फीस लगभग 40 लाख रुपये है, जहां सिलिकॉन वैली के शीर्ष टेक एग्जीक्यूटिव्स और एआई रिर्सचर अपने बच्चों को पढ़ने भेजते हैं।

स्कूल का मानना है कि फोन से बच्चे भटक जाते हैं, और बिना फोन के बच्चे 'असली बचपन' जीते हैं। यहां मशीनी सीख के बजाय इंसानी सोच, क्रिएटिविटी और विजन डवलप करने पर जोर दिया जाता है।

### स्क्रीन को लत बनाने वाले अपने घरों में सख्त

एक तरफ टेक कंपनियों ने आम बच्चों और युवाओं को स्क्रीन का लती बनाने के लिए एल्गोरिदम डिजाइन किए हैं, वहीं दूसरी तरफ सिलिकॉन वैली के अपर एग्जीक्यूटिव्स अपने ही घरों में टेक्नोलॉजी पर सख्त पहरा रखते हैं। आम परिवारों में गैजेट्स, एंटरटेनमेंट का साधन बन चुके हैं, जबकि टेक दिग्गजों के घरों में डिजिटल दुनिया के मुकाबले सादगी, और 'बोरियत' को ज्यादा महत्व दिया जाता है।

### टेक दिग्गजों के अपने बच्चों के लिए नियम

मार्क जुकरबर्ग ने दूसरी बेटी के जन्म पर लिखे खुले पत्र में बेटी को बाहर खेलने, फूलों की खुशबू लेने और सूखे पत्ते बटोरने की सलाह दी। ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि वे अपने बच्चे को एआई से जल्द नहीं जोड़ेंगे। वे उसे मिट्टी में खेलने और 'बोरियत' का अनुभव करने देंगे, क्योंकि बोरियत से ही क्रिएटिविटी जन्म लेती है। अब जानिए, माइक्रोसौफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स क्या सोचते हैं, उन्होंने अपने बच्चों को 14 वर्ष की उम्र से पहले मोबाइल फोन नहीं दिया और तो और दुनिया भर को हर बात के लिए गुगल करने की आदत लगाने वाले गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने अपने बेटे को 11 साल की उम्र तक फोन नहीं दिया।

## बच्चों को समझदार बनाने के असरदार टिप्स

बच्चों की परवरिश में उन्हें अनुशासन सिखाना बेहद जरूरी होता है, लेकिन कई बार उनके पेरेंट्स गुस्से में आकर उनपर चिल्ला देते हैं। यह तरीका बच्चों के व्यवहार को सुधारने की जगह उन्हें डराने या भावनात्मक रूप से दूर करने का कारण बन सकता है।

ऐसे में आपके शांत, समझदारी भरे व्यवहार और पॉजिटिव नजरिए से, बच्चों में न केवल अनुशासन, बल्कि आत्मविश्वास, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। अगर आप अपने बच्चे को बेहतर दिशा देना चाहते हैं, तो यहां बताए गए कुछ प्रभावी तरीकों को आजमाएं।

### बच्चों को कैसे सिखाएं अनुशासन?

शांति से बात करें- बच्चों से गुस्से में नहीं, बल्कि शांति से बात करें। जब आप शांत रहकर अपनी बात रखते हैं, तो बच्चा उसे ज्यादा गंभीरता से सुनता है। आपका धैर्य उसके लिए एक उदाहरण बनता है कि कैसे भावनाओं पर नियंत्रण रखा जा सकता है।

**सीमाएं तय करें-** बच्चों को यह बताना जरूरी है कि उनसे क्या उम्मीदें की जा रही हैं। डिनर के बाद होमवर्क करना है या खिलौने खेलने के बाद वापस रखना है जैसी क्लीयर बाउंड्री तय करने से वे अपनी जिम्मेदारी समझते हैं।

**डांटे नहीं, गाइड करें-** गलती पर तुरंत चिल्लाने के बजाय बच्चे को समझाएं कि उसने क्या गलत किया और क्यों उसे सुधारने की जरूरत है। उदाहरण के तौर पर कहें, अगर तुमने खिलौने समेटे होते, तो कमरा और अच्छा लगता।

**टाइम-इन अपनाएं, टाइम-आउट नहीं-** बच्चे को दूर करने की जगह उसे अपने पास बैठाएं और उसके साथ बात करें। टाइम-इन में आप उसे शांत करते हुए समझाते हैं कि उसका व्यवहार क्यों गलत था।

**अच्छे व्यवहार की तारीफ करें-** जब बच्चा कुछ अच्छा करे, उसकी सराहना करें, जैसे कि मुझे अच्छा लगा कि तुमने अपनी चीजें खुद रखीं।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ







# पाकिस्तानी मूल के यूएई क्रिकेटर पर 15 महीने का बैन, आसिफ डोप टेस्ट में फेल

## प्रतिबंधित स्टेरॉयड मिला; टेस्ट सितंबर 2025 में हुआ

एजेंसी ▶▶ यूएई

पाकिस्तान में जन्मे यूएई के बल्लेबाज आसिफ खान पर 15 महीने का बैन लगा है। वे डोप टेस्ट में फेल हो गए। उनके सैंपल में प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सैंपल मिले हैं। यह टेस्ट 8 सितंबर 2025 को हुआ था।

आसिफ के सैंपल में मेस्टेरोलोन का मेटाबोलाइट मिला। मेस्टेरोलोन एक प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड है, जिसका इस्तेमाल टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ाने के लिए किया जाता है। 36 साल के क्रिकेटर को आईसीसी एंटी-डोपिंग कोड के अनुच्छेद 2.1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। क्ळउ ने अपने बयान में कहा है कि आसिफ ने नियम तोड़ने की बात मान ली हैं। उन्होंने वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) और आईसीसी के साथ केस रिजॉल्यूशन एग्रीमेंट के जरिए सजा स्वीकार की है। आसिफ पर लगाया गया प्रतिबंध 8 सितंबर 2025 से लागू माना गया है। यह प्रतिबंध इस साल 7 दिसंबर तक चलेगा। आईसीसी ने कहा- आसिफ 8 अक्टूबर से किसी टीम के साथ ट्रेनिंग कर सकेंगे। वह किसी क्लब या क्ळउ के किसी सदस्य संगठन की सुविधाओं का इस्तेमाल भी कर सकेंगे। हालांकि प्रतियोगी क्रिकेट में उनकी वापसी 8 दिसंबर से ही हो सकेगी। आसिफ पर 29 दिसंबर 2025 को अस्थायी निलंबन शुरू किया गया था। 8 सितंबर 2025 से 'अस्थायी निलंबन शुरू होने तक' के उनके इंडिविजुअल रिकॉर्ड या अवॉर्ड रद्द कर दिए गए हैं।



## स्पिनर्स कोलंबो टेस्ट में डाल चुके 10 नो-बॉल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट मैच के चौथे दिन काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट गंवा दिए हैं और उसके पास सिर्फ 16 रन की बढ़त है। भारत के तीन स्पिनर्स ने मिलकर इस टेस्ट में अब तक 10 विकेट लिए हैं, लेकिन चर्चा उनके विकेटों की नहीं नो बॉल की हो रही है।

दूसरी ओर श्रीलंका के बल्लेबाज सोनल दिनूषा ने लगातार दूसरे मैच में शतक जमा दिया है। उन्होंने 44 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की है। आगे भारतीय स्पिनर्स और सोनल के रिकॉर्ड के बारे में विस्तार से पढ़िए। भारतीय टीम की ओर से इस मैच में सबसे ज्यादा नो-बॉल ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने डाला है। वे अब तक 6 नो-बॉल डाल चुके हैं। रवींद्र जडेजा ने 4 नो-बॉल फेंके हैं। भारतीय स्पिनर्स ने 2021 से अब तक इससे ज्यादा 14 नो-बॉल 2021 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ डाले थे।

दिन के खेल के बाद भारत के स्पिन गेंदबाजी कोच सिराज बहतुले ने कहा- ह्यहम इस पर काम कर रहे हैं। कई बार यह चिंता का विषय बन जाता है।ह्व उन्होंने टेस्ट में भी फ्री-हिट देने की पैरवी की। बहतुले ने कहा- अगर फ्री-हिट मिलती है तो निश्चित तौर पर नो-बॉल कम हो जाएंगी।'

### नैनो न्यूज

- **भारत की राह मुश्किल** – श्रीलंका से ड्रॉ के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह पर दबाव बढ़ गया है।
- **पोलार्ड ने बनाया रिकॉर्ड** – कीरोन पोलार्ड ने 26 गेंदों पर 65 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड फिर अपने नाम कर लिया।
- **आर्यवीर सहवाग टीम में** – वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अंडर-19 टीम में जगह मिली है।
- **अर्शदीप की टेस्ट इच्छा** – भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहते हैं।
- **महिला हॉकी का जर्मनी से मुकाबला** – भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व कप में पांचवें स्थान के मुकाबले में जर्मनी से भिड़ेगी। जीत भारत का 52 साल बाद सर्वश्रेष्ठ विश्व कप प्रदर्शन होगा।
- **हॉकी लीग पर संकट** – कप्तान सविता पूनिया ने महिला हॉकी इंडिया लीग के भविष्य को लेकर चिंता जताते हुए लीग जारी रखने की मांग की।
- **भारत में फुटबॉल का बड़ा शेड्यूल** – भारत अक्टूबर में ब्राजील, पनामा और उरुग्वे जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ घरेलू अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा।
- **चैंपियंस लीग ड्रॉ की तैयारी** – चैंपियंस लीग 2026-27 के लीग-फेज ड्रॉ को लेकर टीमों और संभावित मुकाबलों की तस्वीर साफ होने लगी है।

# ट्रोल हो रहे दिल्ली के क्रिकेटर देव चौधरी, आरोप- बैट पकड़ना भी नहीं आता

एजेंसी ▶▶ पटना

दिल्ली प्रीमियर लीग का मौजूदा सीजन देव चौधरी नाम के एक खिलाड़ी की वजह से विवादों में आ गया है। आरोप लग रहे हैं कि देव अपनी क्रिकेटिंग स्किल की वजह से नहीं बल्कि पिता के रसूख और सिफारिश के कारण खेल रहे हैं।

देव न्यू दिल्ली टाइगर्स टीम की ओर से खेल रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि वे टीम के मालिक के दोस्त के बेटे हैं। देव के पिता का नाम अभी सामने नहीं आया है। टीम के मालिक अजय कुमार हैं।

देव ने न्यू दिल्ली टाइगर्स के लिए ओपनर के तौर पर 2 मैच खेले। एक मैच में वे खाता नहीं खोल सके और दूसरे में 16 रन ही बना सके। खराब प्रदर्शन से ज्यादा चर्चा उनके बैट पकड़ने के तरीके पर हुई। सोशल मीडिया पर उनके स्टांस की काफी आलोचना हुई है। देव चौधरी विवाद के बाद डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने कहा- 'टूनार्मेंट समाप्त होने के बाद नियम की समीक्षा की जाएगी।' मौजदा नियम के अनुसार सभी फ्रेंचाइजी नीलामी के बाद तीन और खिलाड़ियों को स्क्वॉड शामिल कर सकती हैं। बशर्ते उन खिलाड़ियों ने दिल्ली जिला लीग में कम से कम पांच मैचों में हिस्सा लिया हो। देव ने डीडीसीए लीग में स्पोर्टिंग क्लब की ओर से 2 मैच खेले थे।



### अफगानिस्तान में होगी IPL जैसी लीग

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने आईपीएल जैसी अफगानिस्तान प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 का ऐलान किया है। टूनार्मेंट का पहला सीजन 27 दिसंबर से शुरू होगा। दुबई में हुए कार्यक्रम में एक्सल यूनाइटेड काबुल, बलख जवानन और कंधार वारियर्स फ्रेंचाइजी के नाम सामने आए। इसी कार्यक्रम में लीग की ट्रॉफी कोह-ए-जफर को भी लॉन्च किया गया। एपीएल की ट्रॉफी का नाम कोह-ए-जफर रखा गया है। इसका डिजाइन अफगानिस्तान की पर्वत श्रृंखलाओं से प्रेरित है। अउइ के मुताबिक, ट्रॉफी ताकत, मजबूती और क्रिकेट में सफलता के शिखर को दशार्ती है।

**दुकान बेचना है**

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ जेल में बंद भाई को राखी बांधने पहुंची बहनें

**झाबुआ।** झाबुआ जिला जेल में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मामलों में बंद अपने भाइयों से मिलने और राखी बांधने के लिए सुबह 8 बजे से ही जेल के बाहर बहनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जेल के भीतर भाई-बहनों के बीच भावनात्मक मुलाकातें हुईं। दोनों के आंसू छलक गए। पर्व की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला जेल प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। जेल के बाहर परिजनों के बैठने के लिए टेंट लगाए गए थे, साथ ही पूजन सामग्री और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। जेल में प्रवेश के लिए सुरक्षा जांच अनिवार्य थी, जिसमें मेटल डिटेक्टर से गुजरना और आधार कार्ड दिखाना शामिल था।

### पेटलावद में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन, धारण किए नए यज्ञोपवीत

**झाबुआ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्राह्मण एवं वैदिक परंपरा का प्रमुख प्रतीक श्रावणी उपाकर्म (यज्ञोपवीत) पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ब्राह्मण समाज पेटलावद द्वारा पम्पावती नदी के तट पर स्थित श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम पर संपन्न हुआ। इसमें समाज के कई गणमान्य जनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पंडित अरविंद भट्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी विधिकर्म संपन्न करवाए। इस महत्वपूर्ण संस्कार में हेमेंद्र द्विवेदी, राजेंद्र शुक्ला, राजेश पालीवाल, रामकृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र द्विवेदी, नरेश नारायण शुक्ल, पंडित आशुतोष दवे, हेमांगराज भट्ट, प्रसून शुक्ल और देवेश भट्ट (इंदौर) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जेल में भाइयों को राखी बांधती बहनों के छलके आंसू

**धार।** धार जिला जेल में रक्षाबंधन का पर्व भावुक माहौल में मनाया गया। बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों से मिलने पहुंचीं, जहां उन्होंने उनकी कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाई और उनके जल्द घर लौटने की कामना की। इस दौरान कई बहनों की आंखों से आंसू छलक पड़े, जिससे माहौल भावुक हो गया। जेल में बंद भाइयों में कुछ ऐसे थे जो कई वर्षों से सजा काट रहे हैं, जबकि कुछ महीनों या कुछ दिन पहले ही जेल पहुंचे थे। इन सभी से मिलने उनकी बहनें पहुंची थीं। जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को भाइयों से मुलाकात का विशेष अवसर प्रदान किया। बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की।

रक्षाबंधन पर मातुश्री पालरेचा परिवार की ओर से हाथ से तैयार की गई 40 बाय 40 इंच की राखी

# इंदौर में खजराना गणेश को अर्पित की सनातनी राखी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

रक्षाबंधन पर मातुश्री पालरेचा परिवार की ओर से हाथ से तैयार की गई 40 बाय 40 इंच की भव्य सनातनी राखी शुक्रवार सुबह सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में भगवान गणेश को अर्पित की गई। विशेष पूजा-अर्चना के बाद राखी भगवान को समर्पित की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

खजराना गणेश मंदिर में पुजारी अशोक भट्ट, पुनीत भट्ट और सतपाल महाराज के निर्देशन में पूजा हुई। इस दौरान शांतु पुंडरीक



### भोजशाला में मां वाग्देवी की पुनर्स्थापना का संकल्प

राखी में मां वाग्देवी के स्वरूप को भी उकेरा गया है। इसके जरिए लंदन संग्रहालय में रखी ऐतिहासिक प्रतिमा को धार की भोजशाला में पुनर्स्थापित करने के संकल्प को भी दर्शाया गया है।

### दर्शन के लिए पालरेचा परिवार के यहां उमड़ी भीड़

राखी को मंदिरों में अर्पित करने से पहले मल्हारगंज स्थित पालरेचा परिवार के यहां इसे दर्शन के लिए रखा गया। सुबह से ही शहरवासी बड़ी संख्या में राखी के दर्शन करने पहुंचे।

पालरेचा, नानेश पालरेचा और शैलेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे। खजराना गणेश को राखी अर्पित करने के बाद इसे बाबा महाकाल, अलिजा सरकार, बड़ा गणपति, छोटा गणेश और चिंतामणि गणपति को भी अर्पित किया गया। इस बार राखी की थीम वंदे मातरम के 150 वर्ष और राष्ट्रभाव पर आधारित है। कमल के भव्य आकार में तैयार राखी में राष्ट्रीय चेतना, सनातन संस्कृति और भारतीय गौरव से जुड़े प्रतीकों को उकेरा गया है।

राखी में बाबा महाकाल, भगवान जगन्नाथ, मां महाकाली और मां महालक्ष्मी के स्वरूपों को स्थान दिया गया है। इसमें आगामी सिंहस्थ, महाकाल लोक, सांस्कृतिक एकता, समृद्धि और सनातन शक्ति का संदेश भी दिया गया है।

# महापौर ने सफाईमित्र बहनों से बंधवाई राखी

## सफाई मित्र बहनों का किया सम्मान, बोले – शहर की स्वच्छता की असली ताकत आप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सुदामा नगर स्थित निवास पर शहर की सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सफाई मित्र बहनों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

महापौर भार्गव ने सफाई मित्र बहनों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनसे राखी बंधवाई और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र बहनें रोजाना अपने परिश्रम और समर्पण से इंदौर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उनका सम्मान करना और उनके साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि स्नेह, सम्मान और जिम्मेदारी के रिश्ते को मजबूत करने का अवसर भी है। सफाई मित्र बहनें जिस समर्पण के साथ शहर की सेवा कर रही हैं, वह सभी के



लिए प्रेरणादायी है।

इंदौर की स्वच्छता की पहचान के पीछे सफाई मित्रों की मेहनत सबसे बड़ी ताकत है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। इस दौरान सफाई मित्र बहनों ने भी महापौर को राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। महापौर ने सभी बहनों के साथ रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं और उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

नाबालिगों से चोरी कराते थे दुपहिया

# 5 से 10 हजार में बेचते थे, 4 गिरफ्तार और 11 वाहन जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से अब तक करीब 11 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग वाहन चोरी करते थे, जबकि उनके दो साथी चोरी के वाहनों को ठिकाने लगाने का काम करते थे।

टीआई देवेंद्र मरकाम की टीम ने उमरीखेड़ा शराब दुकान के पास चार संदिग्धों को एक मोपेड और बाइक के साथ पकड़ा था। पूछताछ में आरोपियों की पहचान प्रकाश तंवर और मुकेश उर्फ कालू मसानिया के रूप में हुई। उनके साथ दो नाबालिग भी थे। जांच में दोनों वाहन चोरी के आरोपी निकले। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग इलाकों से चोरी किए गए करीब नौ और वाहन बरामद किए। पूछताछ में पता चला कि दोनों नाबालिग नशे के आदी हैं। खर्च जुटाने के लिए वे वाहन चोरी करते थे। दोनों की पहचान प्रकाश और मुकेश से थी। आरोपियों को जब नाबालिगों के वाहन चोरी करने की जानकारी हुई तो उन्होंने चोरी के वाहनों को बेचने में मदद करना शुरू कर दिया। आरोपी चोरी की बाइक और मोपेड को 5 से 10 हजार रुपए में बेच देते थे। पुलिस अब बरामद वाहनों के वास्तविक मालिकों और चोरी की घटनाओं का रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक दोनों नाबालिग भंवरकुआ और राजेंद्र नगर क्षेत्र के रहने वाले हैं और उनके खिलाफ पहले से भी अपराध दर्ज हैं।

# 5 बसों से 21500 का जुर्माना वसूला



धार में नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई लोगों को परेशानी सामने आने पर एक्शन

**धार।** धार के घाटा बिल्लोद में बसों के बाईपास से गुजरने और यात्रियों को हो रही परेशानी के बाद आरटीओ ने कार्रवाई की है। धार कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ हृदेश यादव ने बस संचालकों को बसें सीधे घाटा बिल्लोद से होकर चलाने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर चालानी कार्रवाई भी की गई। घाटा बिल्लोद के औद्योगिक क्षेत्र में चंबल नदी पर नया पुल बनाया जा रहा है। इसके चलते पुराना पुल तोड़ दिया गया है। रास्ता बंद होने से पहले यहां से रोज 100 से ज्यादा बसें गुजरती थीं। अब यात्री बसें घाटा बिल्लोद को छोड़कर बाईपास से निकल रही हैं। बसों के बाईपास से जाने के कारण स्थानीय यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को बस पकड़ने के लिए डेढ़ से दो किलोमीटर पैदल जाना पड़ रहा है। आरटीओ हृदेश यादव ने इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के पानखेड़ी बाईपास पर विभाग की टीम तैनात की। टीम ने धार से इंदौर और रतलाम से इंदौर जाने वाली बसों की जांच की। बस संचालकों को घाटा बिल्लोद होकर जाने के निर्देश दिए गए। ओवरलोड बसें भी मिलीं, दस्तावेजों की जांच जांच के दौरान कई बसें नियमों का उल्लंघन करती मिलीं। कुछ बसें ओवरलोड थीं। कुछ के पास लाइसेंस और परमिट जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। कई बसें गलत दिशा से भी गुजर रही थीं।

## ऋषभदेव गौरव न्यास का सम्मान समारोह 18 अक्टूबर को इंदौर में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर एवं अंचल की प्रतिभाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2013 में गठित ऋषभदेव गौरव न्यास इंदौर की साधारण सभा ग्राम सोनवाय (राऊ) स्थित टीएनए सॉल्यूशंस लिमिटेड के सभागार में संपन्न हुई जिसमें सवार्नुमति से निर्णय लिया गया कि गौरव न्यास का सातवां सम्मान समारोह आगामी 18 अक्टूबर को रविंद्र नाट्य ग्रह इंदौर में संपन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ अनुपम जैन करेंगे। न्यास के मंत्री जैनेश झांझरी ने बताया कि सेवा के क्षेत्र में सतत निष्पक्ष एवं समाज कल्याण की उत्कृष्ट भावना से समाज की सेवा करने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु वाले समाजसेवी को जैन समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाता है एवं 45 वर्ष से कम आयु वाले किसी एक ऐसे युवा को जैन युवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाता है जिसने कला,साहित्य, विज्ञान, तकनीक, अनुसंधान एवं खेलकूद आदि क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं समर्पण से समाज का गौरव बढ़ाया हो। इन दोनों पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभा को पुरस्कार के रूप मे 1 लाख 11 हजार रुपए की राशि, शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा जैन धर्म के गौरव में अभिवृद्धि करने वाले मनीषी विद्वान को जैन धर्म गौरव सम्मान एवं समाज की पांच अन्य युवा प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

गैस ब्लास्ट ने शरीर झुलसाया, हौसला नहीं

## जिनी की नहीं टूटी हिम्मत अस्पताल में भाइयों को राखी बांधी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इस बार रक्षाबंधन जिनी झाला के लिए सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार नहीं, बल्कि जिंदगी की नई शुरूआत का दिन बन गया। इंदौर के गैस ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसने के बाद करीब दो महीने से इलाज और रिकवरी से गुजर रहीं जिनी की कलाई पर अहमदाबाद के अस्पताल में उनके भाइयों यशवीर सिंह, राजवर्धन सिंह और रिद्धिराज सिंह ने राखी बांधी। भाइयों ने हर मुश्किल में बहन के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

गंभीर चोटों और लंबे इलाज के बावजूद जिनी ने भाइयों के साथ मुस्कुराते हुए रक्षाबंधन मनाया। उनके चेहरे पर दर्द के साथ जिंदगी में लौटने का भरोसा भी नजर आया। जिनी का कहना है कि हादसे ने उनकी जिंदगी जरूर बदल दी, लेकिन उनके



हौसले को नहीं तोड़ पाया।

इंदौर में 23 जून को सुमन नगर जैन मंदिर के पास अवंतिका गैस पाइपलाइन में विस्फोट हो गया था। हादसे में कुल 4 लोग झुलस गए। घायलों में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गिरी राजकुमारी झाला भी शामिल रही। करीब दो महीने की रिकवरी के बाद जिनी अब जिंदगी को नए नजरिए से देख रही हैं। उनका कहना है कि उनका लक्ष्य केवल हादसे से पहले वाली जिंदगी में लौटना नहीं, बल्कि पहले से ज्यादा मजबूत, आत्मविश्वासी और बेहतर बनकर वापस आना है।

पूज्य सुधासागर जी के सानिध्य में ऐतिहासिक रक्षाबंधन विधान

# पंडाल में गूंजा रक्षा-वंदन का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर दलाल बाग, छत्रपति नगर में मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में भव्य रक्षाबंधन विधान संपन्न हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि पूरा पंडाल रक्षा-वंदन करो, श्रमण संस्कृति रक्षक जयवंत हो के जयघोषों से पूरा पंडाल गूंज उठा।

गुरुदेव ने अपनी देशना में सुनाया 700 मुनिराजों के उपसर्ग का प्रसंग धर्मसभा में गुरुदेव ने आचार्य अकंपनाचार्य सहित 700 मुनिराजों पर आए भयंकर उपसर्ग का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का नहीं, बल्कि धर्म और साधु-संतों की रक्षा का पर्व है। गुरु देव ने हजारों की संख्या में पधारे समाज जन को संबोधित



करते हुए कहा कि परिवार और समाज में अहंकार को ऊपर रखने से संबंधों में दरार आती है। हर लड़ाई जीतना जरूरी नहीं, कई लड़ाइयों से दूर रहना ही सबसे बड़ी जीत है। दुष्टता का उत्तर दुष्टता से नहीं, संयम और विवेक से देना चाहिए। धर्म प्रभावना समिति के सपनामनीष गोधा ने कहा कि लाखों श्रीफलों से सजा अद्भुत दृश्य। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में लाखों श्रीफल समर्पित कर श्रमण संस्कृति, देव-शास्त्र-गुरु की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

विधान में चक्रवर्ती अध्यक्ष मनीष सपना गोधा आलोक आकाश कोल आनंद नवीन गोधा, महोत्सव अध्यक्ष अशोक डोसी, महामंत्री हर्ष जैन, , आशारानी पंड्या, डॉ जैनेन्द्र जैन प्रिंसपाल टोंग्या, गिरीश गिन्नी, अक्षय कासलीवाल, राहुल स्पोर्ट्स, भूपेंद्र भोपाली कमल जैन चेलेंजर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। विधान की समस्त धार्मिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप ब्रह्मचारी,पारस भैया द्वारा संपन्न कराई गईं।

## नैनो न्यूज

- **शेयर बाजार में तेजी** – सेंसेक्स करीब 200 अंक चढ़ा, जबकि निफ्टी 24,120 के पार पहुंचा। आईटी शेयरों में खास मजबूती रही।
- **आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी** – आईटी इंडेक्स करीब 3% ऊपर रहा। एनविदिया के मजबूत प्रदर्शन से भारतीय टेक शेयरों को सपोर्ट मिला।
- **सोना-चांदी सस्ते** – 28 अगस्त को घरेलू कमोडिटी बाजार में सोने और चांदी दोनों में गिरावट दर्ज हुई। टउ पर सोना 1,58,028/10 ग्राम और चांदी 2,39,633/किलो के आसपास रही।
- **एलपीजी सिलेंडर के दाम स्थिर** – 28 अगस्त को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया।
- **इंदौर** : इस्कॉन बलराम पूर्णिमा महोत्सव शुरू: फूलों से सजा मंदिर, विशेष पूजन हो रहा, झूलन यात्रा का समापन भी।
- **इंदौर** : क्रेडिट कार्ड ऑफर का झांसा देकर 98 हजार ठगे, आरोपी ने बैंक कर्मचारी बनकर महिला से दो बार ओटीपी लेकर रकम निकाली।
- **इंदौर** : 16 लाख उधार लेकर कारें हड़पीं, दंपती पर एफआईआर, मर्सिडीज और स्विफ्ट गिरवी रखकर लिए रुपए, एक बेच दी, दूसरी भी नहीं लौटाई।

पहचान छिपाकर युवती से दोस्ती

# दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग का आरोप

## असली नाम पता चला तो धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर पहचान छिपाकर दोस्ती करने, जबरन शारीरिक संबंध बनाने, अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वारिश उर्फ वीरू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साल 2019 में एक दोस्त के माध्यम से उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। उस समय आरोपी ने अपना नाम वीरू बताया था। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और करीब छह महीने तक संपर्क में रहे।

पीड़िता के मुताबिक, 8 फरवरी 2020 को आरोपी उसे फिल्म दिखाने के बहाने बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे स्थित एआर होटल ले गया। यहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना लिए। जब युवती ने फोटो-वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपी ने उन्हें हटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों के बीच संपर्क बना रहा।



### शादी की बात सामने आई तो दूरी बनाई

शिकायत के मुताबिक, बाद में पीड़िता को पता चला कि आरोपी किसी अन्य युवती से शादी करने वाला है। इसके बाद उसने उससे दूरी बना ली। साल 2022 में आरोपी ने दोबारा उससे संपर्क किया और कहा कि वह अपनी शादीशुदा जिंदगी से खुश नहीं है और उससे शादी करना चाहता है। पीड़िता ने जब शादी से इनकार किया तो आरोपी ने उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देना शुरू कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि बाद में जब वह आरोपी से दोबारा मिली तो उसे उसकी असली पहचान के बारे में पता चला। युवती के मुताबिक, आरोपी का असली नाम वारिश पुत्र रफीक शेख है और उसने पहले अपनी पहचान वीरू के रूप में बताई थी। पहचान छिपाकर उससे दोस्ती करने को लेकर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे डराया-धमकाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उस पर शादी करने के साथ धर्म परिवर्तन का भी दबाव बना रहा था। उसने धर्म बदलने से इनकार किया तो आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और कथित तौर पर दोबारा उसके साथ जबरदस्ती की।
















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com